निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• 27 मई 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 10 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1822 : नार्वे में चर्च में आग लग जाने के कारण 122 लोगों की मौत हो गई थी।

1983 : जापान में आए भूकंप में 104 लोगों की मौत हो गई थी।

1986 : हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार, गीतकार, समीक्षक और राजनीतिज्ञ श्रीकांत वर्मा का निधन।

2007 : भारत और जर्मनी के बीच रक्षा समझौता सम्पन्न हुआ।

2008 : उत्तर प्रदेश सरकार ने अनाज व खाद्य तेलों की स्टॉक सीमा तय करने के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी की।

## झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, कई जिलों के बदले गए डीसी

### आदित्य रंजन धनबाद के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाए गए, कंचन सिंह सिमडेगा की बनीं डीसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। इसके तहत कई जिलों के उपायुक्त बदले गए हैं। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को बोकारो के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया गया है। वहीं बागवानी निदेशक फैज अक अहमद मुमताज को रामगढ़ का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के निदेशक आदित्य रंजन को धनबाद का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया गया है। वहीं उच्च शिक्षा निदेशक रामनिवास यादव को जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त गिरिडीह की जिम्मेदारी दी गई है। सरकार के अवर सचिव विनोद कुमार



झारखंड मंत्रालय

के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना के अनुसार कंचन सिंह को सिमडेगा का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया गया है। इसके अलावा आर रॉनीटा को खूंटी की नए उपायुक्त बनाई गई है। राज्य सरकार ने गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को देवघर का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया है। पर्यटन निदेशक अंजली यादव को गोड्डा के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाई गई हैं। वहीं गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त होंगे। रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं वित्त विभाग में अंकेक्षण निदेशालय के निदेशक नितिश कुमार सिंह सरायकेला खरसावां के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त होंगे। जियाडा के प्रबंध निदेशक प्रेरणा दीक्षित को गुमला के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाई गई हैं। प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह हजारीबाग के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त होंगे। कृषि निदेशक कुमार ताराचंद को लोहरदगा जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया गया है। वहीं उपविक विकास आयुक्त दुमका के अभिजीत सिन्हा को दुमका में ही पद स्थापित करते हुए जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त के पद पर तैनात किया गया है। झारक्राफ्ट के प्रबंध निदेशक कीर्ति श्री जी को चतरा के जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया गया है। वहीं उप विकास आयुक्त कोडरमा ऋतुराज को कोडरमा में ही पदस्थापित करते हुए जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया गया है। झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के निदेशक सह सदस्य सचिव समीर एस को पलामू का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया गया है। धार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संयुक्त सचिव रवि आनंद को जामताड़ा का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बनाया गया है। जबकि रांची के उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव को गढ़वा का जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त की जिम्मेदारी दी गई है।

## मुठभेड़ में पांच लाख के इनामी नक्सली ढेर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

■ **10 लाख का इनामी माओवादी जोनल कमांडर कुंदन खरवार को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**लातेहार।** जिले के दौना गांव के पास हुई पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली मनीष यादव मारा गया जबकि 10 लाख का इनामी माओवादी जोनल कमांडर कुंदन खरवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिस माओवादी नक्सली मनीष यादव को लातेहार पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर किया है, वह 14 पुलिसकर्मियों की हत्या का आरोपित था। मुठभेड़ के बाद सोमवार को पलामू आइजी सुनील भास्कर, डीआइजी वाईएस रमेश, एसपी कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। अधिकारियों ने इस दौरान बताया कि मुठभेड़ में मारा गया नक्सली मनीष यादव वर्ष 2013 में कटिया जंगल में पुलिस पर हमला करने का अभियुक्त था। इस घटना में 10 सुरक्षा बल के जवानों की मौत हो गई थी। वहीं चंदवा थाना क्षेत्र में पुलिस बल पर हमला कर चार पुलिसकर्मियों की हत्याकांड में भी मनीष यादव और गिरफ्तार कुंदन खरवार शामिल था। आइजी सुनील भास्कर ने कहा कि नक्सलियों की गतिविधियों पर पुलिस अपनी निगाह बनाए हुई थी। रविवार को मिली सटीक सूचना पर लातेहार एसपी के द्वारा सही समय पर कार्रवाई की गई। जिसमें पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि अब जो भी नक्सली बचे हैं, उनके पास एक ही रास्ता है कि पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें और अपनी बची हुई जिंदगी अपने परिवार के साथ खुशहाली में बिताएं नहीं तो पुलिस के द्वारा अब इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

## 140 करोड़ भारतीय विकसित भारत के निर्माण में एकजुट : मोदी

### प्रधानमंत्री ने गुजरात के दाहोद में 24 हजार करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के दाहोद में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 26 मई का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन उन्होंने 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने गुजरात के लोगों के अटूट समर्थन और आशीर्वाद को स्वीकार किया, जिन्होंने उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस विश्वास और प्रोत्साहन ने दिन-रात देश की सेवा के लिए उनके समर्पण को बढ़ावा दिया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व



और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। श्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने भारत के भीतर आवश्यक वस्तुओं के विनिर्माण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का विनिर्माण कर रहा है बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। इस प्रगति का एक प्रमुख उदाहरण दाहोद, जहां हजारों करोड़ रुपये की प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया, को बताते हुए श्री मोदी ने दाहोद इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्ट्री को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने तीन वर्ष पूर्व इसकी आधारशिला रखने को याद किया और गर्वपूर्वक कहा कि अब पहला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव सफलतापूर्वक विनिर्मित किया गया है। उन्होंने लोकोमोटिव को झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गुजरात और पूरे देश के लिए गौरव का क्षण था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की कि गुजरात ने अपने रेलवे नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लिया है।

## सरकारी शिक्षक की जंगल में मिली डेड बॉडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

■ **परिजनों को आशंका, हत्या कर लाश को जंगल में फेंका गया**

**देवघर।** देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र में एक सरकारी शिक्षक की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान नंदकिशोर दास (52) के रूप में हुई है। वे जमुई जिले के चंद्रमंडीह प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थे। रविवार शाम को नंदकिशोर बाजार जाने के लिए अपने घर से टावर चौक की ओर निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मोबाइल पर संपर्क का प्रयास भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। परिजन रात भर सदर अस्पताल और जसीडीह रेलवे स्टेशन पर उन्हें खोजते रहे। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह डिगरिया पहाड़ के जंगल में एक लाश मिलने की सूचना मिली। सदर अस्पताल में शव की पहचान नंदकिशोर दास के रूप में हुई। मृतक के मुंह और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। परिजनों का कहना है कि नंदकिशोर की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उन्हें बाइक चलाना भी नहीं आता था। ऐसे में वे डिगरिया पहाड़ के जंगल तक कैसे पहुंचे, यह जांच का विषय है। परिजनों को आशंका है कि उनकी हत्या कर लाश को जंगल में फेंक दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टावर चौक तक के रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है।

## हाथी ने महिला को कुचला, मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** कोडरमा जिले में हाथियों का आतंक जारी है। जयनगर थाना क्षेत्र के कोसमाडीह गांव में एक और घटना सामने आई है। सुबह 4:30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकली 55 वर्षीया अनिता देवी को हाथी ने कुचल दिया। अनिता देवी छोटू लाल यादव की पत्नी थीं। मृतका के पुत्र दिनेश यादव ने बताया कि उनकी मां को रास्ते में हाथी दिख गया। वह भागने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन सफल नहीं हो पाईं। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर हाथी वहां से भाग गया। इससे पहले 13 मई को जयनगर थाना क्षेत्र के सतडीहा गांव में एक और घटना हुई थी। शादी समारोह से लौट रहे 62 वर्षीय एक व्यक्ति को हाथी ने कुचल दिया था। इस तरह 15 दिनों में हाथियों ने दो लोगों की जान ले ली है। क्षेत्र में हाथियों का झुंड पहले से ही किसानों की फसलें नष्ट कर रहा था। लोगों के घरों में रखे अनाज को भी बर्बाद कर रहा था।

## कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री आज करेंगे हाई लेवल मीटिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज मंगलवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करने वाले हैं। झारखंड मंत्रालय में दोपहर 2 बजे से आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। गृह सचिव वंदना दादेल द्वारा जारी पत्र के अनुसार इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों एवं अन्य कार्यालय से पदाधिकारी भाग लेंगे, जिसमें विधि व्यवस्था को लेकर 16 एजेंडों पर समीक्षा की जाएगी। जारी पत्र के अनुसार जिन बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी, उसमें बड़ी आपराधिक घटनाएं, साइबर क्राइम, अवैध हथियार, अवैध घुसपैठ, महिलाओं के प्रति अत्याचार,



एससी-एसटी के प्रति अत्याचार, भूमि विवाद, मॉब लिंचिग, माननीयों की सुरक्षा, न्यायालय सुरक्षा, सांप्रदायिक घटना, जातीय तनाव, एसिड अटैक, अवैध खनन, अवैध लॉटरी और अवैध शराब जैसी घटनाओं पर विस्तार से चर्चा होगी। इधर मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक को लेकर पुलिस महकमा में तैयारियां शुरू हो गई है। जिला स्तर से प्राप्त रिपोर्ट को बैठक में प्रजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इससे पहले बीते 12 मार्च को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी, जिसमें पर्व त्योहार को लेकर निर्देश दिए गए थे। विगत महीनों में पुलिस को काफी सफलता हाथ लगी है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। राज्य के बड़े आपराधिक गैंग पर नकेल कसने के लिए पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की भी चर्चा इस बैठक में होगी। इसके अलावा राज्य में पुलिस ने विगत दिनों एक बड़ा अभियान चलाकर अफीम की खेती नष्ट करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर चलाए जा रहे चरस, गांजा, ड्रग्स जैसे नशे की रोकथाम के लिए कदम उठाए हैं।

## हथियार के साथ सात कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** स्थानीय पुलिस ने राहुल सिंह गैंग के सात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गयी है। नौ मई को चंदवा के बोरसीदाग स्थित पीआरए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कराये जा रहे रोड निर्माण में काम कर रहे मजदूरों पर गोलीबारी की गयी थी। इसके बाद 15 मई को लातेहार में एमजी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की साइट पर गोलियां चलायी गयी थीं। राहुल सिंह और जेल में बंद बजरंगी उर्फ दीपक मेहता के कहने पर कुछ अपराधी पन्नाटांड़ (चंदवा) के जंगल में जुटे थे। सूचना मिली कि अपराधी अमझरिया स्थित कैंप में गोलीबारी की योजना बना रहे हैं। एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम



का गठन किया गया। टीम ने छापामारी की और वहां से सात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रोहित कुमार (पिता-द्वारिका लोहरा, कुंदन तूरी पिता स्व महेंद्र तूरी, दोनों कूरा, लातेहार), विशाल लोहरा (पिता-दिनेश लोहरा, चंदनडीह, लातेहार), शुभम लोहरा (पिता-अर्जुन लोहरा, बुल्हू, चंदवा), प्रमोद लोहरा (पिता-महेंद्र लोहरा, कुरियाम, बालूमाथ), विक्रांत सिंह (पिता-रामवृक्ष सिंह, हेठलोटो, लातेहार) और विनय गुप्ता (पिता-स्व रामरतन प्रसाद, चटनाही लातेहार) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल, 19 जिंदा गोलियां, आठ मोबाइल और दो मोटरसाइकिल बरामद की है। छापेमारी दल में एसडीपीओ अरविंद कुमार के अलावा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदवा रणधीर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक भावेश यादव, ललन कुमार, सअनि अनोज कुमार ओझा, मनोज कुमार दुबे तथा सैट-44 के चंदवा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## एलआइसी ने हासिल किया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस का खिताब

### 24 घंटे में 5,88,107 जीवन बीमा पॉलिसी कर एलआइसी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुम्बई/पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस में दर्ज हो गया है। एलआईसी ने 24 घंटे में 5,88,107 जीवन बीमा पॉलिसी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। एलआईसी ने इस उपलब्धि को लेकर एक बयान भी जारी किया है। इसमें निगम ने कहा कि इस साल 24 जनवरी को 24 घंटे में देशभर में 4,52,839 एलआईसी एजेंटों ने मिलकर कुल 5,88,107 लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी किए, जो विश्व रिकॉर्ड है। इस उपलब्धि को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस में दर्ज किया गया है। एलआईसी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह हमारे एजेंटों के समर्पण, कौशल और अथक कार्य का



एक प्रमाण है। इस शानदार प्रयास ने महज 24 घंटे के भीतर जीवन बीमा उद्योग में एक नया वैश्विक मानक स्थापित कर दिया। यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों और उनके परिवारों को महत्वपूर्ण वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के हमारे मिशन की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह रिकॉर्ड प्रयास एलआईसी के एमडी और सीईओ सिद्धार्थ मोहंती की पहल का परिणाम था जिसमें उन्होंने प्रत्येक एजेंट से 20 जनवरी, 2025 को 'मैड मिलियन डे' पर कम से कम एक पॉलिसी पूरी करने की अपील की थी। इस अवसर पर बोलते हुए श्री मोहंती ने 'मैड मिलियन डे' को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया क्योंकि एक ही दिन में रिकॉर्ड संख्या में पॉलिसियां प्राप्त करने के उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन को अब मान्यता मिल गई है और यह गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in



## फर्जी राशन कार्ड बनाने वाले गिरोह का खुलासा: मोतिहारी में 4 आरोपी गिरफ्तार

### 2500 रुपए में बनाते थे एक कार्ड

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस ने फर्जी राशन कार्ड बनाने वाले साइबर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लैपटॉप, बायोमेट्रिक मशीनें और अन्य तकनीकी उपकरण बरामद हुए हैं। जिले में राशन कार्ड के आवेदन बंद होने के बाद भी एसडीओ लॉगिन पोर्टल पर राशन कार्ड की संख्या में वृद्धि देखी गई।

इस मामले की जांच के लिए अरेराज एसडीओ अरुण कुमार और साइबर डीएसपी अभिनव परासर के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। जांच में पता चला कि पहाड़पुर थाना क्षेत्र के कुछ साइबर कैफे अवैध रूप से राशन कार्ड बना रहे थे।

प्रशासन ने लधुनिया और दुधियावा स्थित साइबर कैफे में छापेमारी की। पुलिस ने लधुनिया से रेहान सैफी, सुरज कुमार, विक्की कुमार और तेजपुरवा से निरज कुमार को गिरफ्तार किया।

**राशन कार्ड के लिए लेते थे 2500 रुपए :** साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरोह सरकारी पोर्टल आरसीएमएस को बाइपास कर फर्जी राशन कार्ड जारी कर रहा था। आरोपी ओटीपी वेरिफिकेशन सिस्टम को हैक कर पोर्टल में घुसते थे। साइबर कैफे संचालक एक राशन कार्ड के लिए 2500 रुपए लेते थे। इसमें से 1000 रुपए खुद रखते और 1500 रुपए सुपौल में बैठे गिरोह के सरगना को भेजते थे।

#### फर्जी दस्तावेज किए जब्त

इस गिरोह के बनाए गए फर्जी राशन कार्ड से कई लोगों को सरकारी अनाज मिल रहा था। इससे सरकारी व्यवस्था को आर्थिक नुकसान हो रहा था। पुलिस ने सैफी डिजिटल सेवा केंद्र और भवानी साइबर कैफे से तकनीकी सामग्री और फर्जी दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

# वाटर फॉल में नहाने से लेकर इजाहर-ए-इश्क वाले पोस्ट तक, तेज प्रताप यादव का 'दिलफेंक' अंदाज चर्चा में रहा

**पटना, एजेंसी।** राजद विधायक तेज प्रताप यादव हाल ही दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट की अनुमति के बाद मालदीव की सैर पर गये थे। वहां से दो दिन पहले ही पटना लौटे हैं। बताया जाता है कि शनिवार की शाम तक उनकी दिनचर्या सामान्य थी, लेकिन उसी दिन शाम में उनके फेसबुक पर इजहार-ए-इश्क के पोस्ट (तस्वीर के साथ) से तूफान खड़ा हो गया। हालांकि यह पोस्ट कुछ घंटे बाद ही डिलीट भी कर दी गई। सोशल मीडिया पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब तेज प्रताप का प्रेम पिछले 12 वर्षों से किसी लड़की के साथ था तो फिर उन्होंने आठ साल पहले (2018 में) ऐश्वर्या से शादी क्यों की? तेज प्रताप अपने प्रसंगों की वजह से चर्चा में रहे हैं। उनके कई किस्से सियासी गलियारों में तैरते रहे हैं। तरह-तरह का रूप धारण करना भी उन्हें खूब भाता है। कभी कृष्ण तो कभी शिवरूप धरकर उन्होंने फोटो साझा कर सुर्खियां बटोरी हैं। सात साल पूर्व 2018 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. दारोगा प्रसाद राय की पौत्री ऐश्वर्या से उनका विवाह हुआ था। अर्थात, विवाह के पांच साल पहले से उनका प्रेमालाप जारी था। मंत्री रहते तेज प्रताप यादव का अपने मित्रों के साथ अचानक वाटर पार्क में जाना भी राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना था। उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। एक बार तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष सुशील मोदी ने इस पर सवाल उठाए थे तो शरद यादव ने तेज प्रताप का बचाव करते हुए कहा था कि किसी का वाटर फॉल में नहाना कोई खबर नहीं है।

**शादी के कुछ माह बाद ही दायर की तलाक की अर्जी :** 2018 में शादी के कुछ ही महीनों के बाद बाद तेजप्रताप ने ऐश्वर्य राय से तलाक लेने की अर्जी कोर्ट में दे दी। तब ऐश्वर्या ने भी उनके खिलाफ मारपीट करने, ड्रग्स का इस्तेमाल करने और क्रॉस-ड्रेसिंग का भी आरोप लगाया। परिवार न्यायालय में यह मामला चल रहा है।

**रघुवंश प्रसाद सिंह के इस्तीफा पर कसा था तंज :** तेज प्रताप ने रघुवंश प्रसाद सिंह के इस्तीफा पर तंज कसते हुए कहा था कि समुद्र से एक लोटा पानी निकल भी जाएगा तो क्या फर्क पड़ेगा। यही नहीं, पार्टी के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह से भी तेज प्रताप ने पार्टी कार्यालय में ही खुलेआम दो-दो हाथ कर लिया था। जिसकी लड़ाई वह जगदा बाबू से लड़ रहे थे, उसके तार भी ताजा प्रकरण से जुड़े हुए बताए जाते हैं। तब एक व्यक्ति को पद दिलाने के लिए तेज प्रताप ने जगदाबाबू को हिटलर तक की संज्ञा दी थी। कहा था कि प्रवासी सलाहकार से सलाह लेने में अध्यक्ष जी यह भूल गए कि पार्टी संविधान से चलता है और राजद का संविधान कहता है कि बिना नोटिस दिए आप पार्टी के किसी पदाधिकारी को पदमुक्त नहीं कर सकते। एक बार निजी सुरक्षा गार्ड (बाउंसर) को लेकर विधानसभा आकर तेज प्रताप ने पार्टी की किरकिरी करा दी थी। तेज प्रताप ने हाल ही में हसनपुर के बदले इस बार महुआ से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। तेज प्रताप के इस एलान के बाद महुआ के मौजूदा विधायक मुकेश रौशन फूट-फूटकर रोते नजर आए। उन्होंने लालू प्रसाद से गुहार भी लगाई। इस साल अपने सरकारी आवास में आयोजित होली मिलन समारोह में तेज प्रताप ने अपने अंगरक्षक दीपक कुमार को एक गाने पर नाचने को विवश किया। अंगरक्षक के नाचने से इनकार करने पर तेज प्रताप ने कहा कि निलंबित कर दिए जाओगे। यही नहीं, होली के मौके पर तेज प्रताप ने वीआईपी इलाके में अपने समर्थकों के साथ स्कूटी पर सवार हो सड़कों पर हुड़दंग भी मचाया। सीएम आवास से गुजरने के क्रम में तेज प्रताप ने सरकार में बैठे लोगों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी भी की।





### प्रधानमंत्री पर की थी अमर्यादित टिप्पणी

वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने लालू प्रसाद की सुरक्षा जेड प्लस से कम कर जेड श्रेणी का कर दिया। तब तेज प्रताप ने पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में तेज प्रताप ने अपने अंगरक्षक के माध्यम से एक पत्रकार पर हमला किया।

### कभी कृष्ण बने, कभी बहुरुपिया

तेज प्रताप अक्सर धार्मिक अवतारों के रूप में भी सामने आते रहते हैं। वे कभी भगवान श्रीकृष्ण का रूप लेकर लोगों के सामने आते हैं तो कभी भगवान शिव की पूजा करने के क्रम में वे शिवलिंग को पकड़कर पुजारियों से जलाभिषेक करवाते हैं। वे कभी बांसुरी बजाते हुए नजर आते हैं। वह खुद को बहुरूपिया के रूप में तस्वीरें पोस्ट करते रहे हैं।

### दूसरी बार विधायक बने

तेज प्रताप यादव अभी समस्तीपुर के हसनपुर से विधायक हैं। वर्ष 2015 में पहली बार वैशाली के महुआ विधानसभा से विधायक बने और महागठबंधन सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने। 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में वह समस्तीपुर के हसनपुर विधानसभा से विधायक बने। साल 2021 में जब बिहार में फिर से महागठबंधन की सरकार बनी तो तेज प्रताप पर्यावरण एवं वन मंत्री बने। तेज प्रताप ने 2010 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। स्नातक में दाखिला लिया लेकिन उसे पूरा नहीं कर सके।

## जनसेवा एक्सप्रेस में बिहार का युवक दरवाजे पर बैठा



**बरेली, एजेंसी।** बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में जनसेवा एक्सप्रेस से एक युवक के गिरने की घटना सामने आई है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का 18 वर्षीय गुलशन कुमार नगरिया सादात रेलवे स्टेशन के पास गिरकर घायल हो गया। गुलशन अपनी चाची के साथ हरियाणा के अंबाला से घर लौट रहा था। वह अपने बड़े भाई की शादी में शामिल होने के लिए मुजफ्फरपुर जा रहा था। यह घटना 28 मई को हुई। नगरिया सादात रेलवे स्टेशन की डाउन लाइन पर ट्रेन के दरवाजे के पास बैठे गुलशन को नींद आ गई। वह असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म पर गिर गया। स्टेशन स्टाफ ने तुरंत आरपीएफ को सूचित किया। आरपीएफ की टीम ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गुलशन की चाची बरेली जंक्शन पर ट्रेन से उतर गईं।

# मरीज की जगह बेड पर कुत्ता कर रहा आराम मरीजों को इंस्फेक्शन का हो सकता खतरा

### अधिकारी ने दिया जांच का आश्वासन

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमराई है। एक तरफ जीएमसीएच पूर्णिया में मरीज को एडमिट होने की जगह नहीं मिल रही, तो दूसरी तरह रौटा स्थित पीएचसी में कुत्ते बेड पर आराम फरमा रहे हैं। अस्पताल कुत्तों का आशियाना बन गया है। लोग इस पीएचसी में नियुक्त मेडिकल ऑफिसर को सस्पेंड करने की मांग कर रहे हैं। रौटा पीएचसी के बेड पर आराम कर रहे कुत्ते का वीडियो क्लिप अब सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो रविवार सुबह 8 बजे की है। जिसे मरीज के किसी परिजन ने मोबाइल में कैद किया है। वहीं, डीपीएम सुरेन्द्र दास ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है।



### जन आंदोलन की चेतावनी

बिस्मिल ने आगे कहा कि अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। ये हाल महज किसी एक पीएचसी की नहीं। बल्कि अधिकांश जगहों पर सिस्टम कुछ इसी प्रकार गड़बड़ है। इन दिनों आवारा कुत्तों के अड्डे में तब्दील हो रहा है। बैसा और अमौर प्रखंड के हजारों गरीब मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें चिकित्सा सुविधाओं के नाम पर बदइंतजामी और उपेक्षा ही मिल रही है।

उन्होंने सरकार और स्वास्थ्य मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा बिहार के स्वास्थ्य मंत्री को इस स्थिति की कोई जानकारी है या उन्हें यह भी नहीं मालूम कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में क्या हो रहा है। जिला प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं आया, तो छात्र राजद जन आंदोलन शुरू करेगा।

### कुत्ते की वजह से मरीज के और बीमार होने का खतरा

छात्र राजद जिलाध्यक्ष मो. बिस्मिल ने बताया कि वीडियो को अस्पताल में आए किसी मरीज के परिजनों ने बनाया है। ग्रामीण मरीज को लेकर रौटा पीएचसी इलाज के लिए पहुंचे थे। मगर अस्पताल पूरी तरह खाली मिला। कुछ एक स्टाफ मोबाइल और अपनी दूसरी दुनिया में मस्त थे। वे डॉक्टर और दूसरे स्टाफ को खोजते हुए वार्ड में पहुंचे, बेड पर मरीज की जगह कुत्ता आराम फरमा रहा था। कुत्ते के बेड पर सोने से किसी मरीज में बीमारी का खतरा किस हद तक बढ़ जाता, इसका अंदाजा बड़ी ही आसानी से लगाया जा सकता है।



## नवादा के 25 ग्रामीण बाजारों में बनेंगे शौचालय: महिला-पुरुषों के लिए अलग व्यवस्था

### जीविका समूह करेंगी रखरखाव

**नवादा, एजेंसी।** नवादा जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में नागरिक सुविधाएं बढ़ाने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने सभी प्रखंडों के सघन बाजारों में शौचालय और पेयजल की सुविधा देने का निर्देश दिया है।जिले के 13 प्रखंडों के 25 बाजारों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय बनेंगे। महिला शौचालयों में सैनिटरी पैड डिस्पोजल की सुविधा भी होगी। प्रत्येक शौचालय के लिए 45×40 वर्गफुट जमीन निर्धारित की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी जमीन चिह्नित करेंगे। निर्माण कार्य डीएमएफ, 15वें वित्त आयोग या छठे राज्य वित्त आयोग से होगा।

### जीविका समूह करेंगी रखरखाव

शौचालयों का संचालन और रखरखाव जीविका समूह करेंगे। चयनित बाजारों में अकबरपुर, नेमदारगंज, गोविंदपुर, थाली, मंझवे, चंडीनामा और कौआकोल शामिल हैं। इसके अलावा पांडेय गंगोट, भलुआही, बीजू विगहा, नारदीगंज, चांदनी, शेखपुरा और अंबिका विगहा में भी यह सुविधा मिलेगी।

### महिलाओं को होती थी परेशानी

कादिरगंज, पकरीबरावां, धमौल, अमांवा पूर्वी, रोह, रूपौ, सिरदला और लौंद बाजार भी इस सूची में हैं। वर्तमान में जिले के गैर-शहरी क्षेत्रों में एक भी निशुल्क महिला शौचालय नहीं है। स्थानीय जनता लंबे समय से इस सुविधा की मांग कर रही थी। दूर-दराज से आने वाली महिलाओं को बाजार क्षेत्रों में विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन की यह पहल महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है।



## 10वीं-12वीं कक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं सम्मानित: मेडल और मोमेंटो पाकर खुश हुए स्टूडेंट

**गयाजी, एजेंसी।** बिहार पान बुनकर समाज की प्रतिभा सह संत कबीर पुस्तकालय की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मानपुर गोपालगंज रोड के वार्ड संख्या-48 स्थित श्रीदुर्गा जी पान जाति पंच संगठन के परिसर में आयोजित हुआ। इसमें 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण 50 छात्र-छात्राओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। खास बात यह कि पान समाज (तांती) अनुसूचित वर्ग में आता है और मानपुर के पान समाज के बच्चे मानपुर हैंडलूम में मजदूरी करते हैं। सम्मानित होने वाले स्टूडेंट्स सरकारी स्कूल से पढ़ने वाले हैं। समारोह का उद्घाटन श्रीदुर्गा जी पान जाति पंच संगठन के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रदीप कुमार, मुख्य अतिथि डॉ. राज सरदार और वार्ड-48 पार्षद प्रतिनिधि विजय कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### ये हुए सम्मानित

सम्मान पाने वालों में प्रियंका कुमारी (480 अंक), मुस्कान कुमारी (478), धीरज कुमार (475), कृष्णकांत (447), अमन कुमार (435) और नंदनी कुमारी (432) सहित कुल 50 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और समाज के लोग मौजूद रहे। मौके पर समिति के उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद, महासचिव सुरेश प्रसाद, सचिव विजय कुमार पान, कोषाध्यक्ष नंदलाल प्रसाद सहित पान समाज के कई लोग उपस्थित थे। आयोजकों ने कहा कि यह पहल समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई है। भविष्य में इसे और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना है। संस्था की ओर से किए जा रहे प्रयास का फिलहाल बेहतर रिजल्ट बच्चे दे रहे हैं।

## ट्रैक्टर लूट मामले में एक अपराधी गिरफ्तार: अररिया से ट्रैक्टर बरामद

### 90 हजार कैश, मोबाइल और बाइक भी मिला

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के बनमनखी में पुलिस ने मक्का लोडेड ट्रैक्टर लूट मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। ट्रैक्टर और 90 हजार रुपए कैश बरामद हुआ है। वारदात में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान रानीगंज के बेलसारा वार्ड-12 निवासी विक्की कुमार के तौर पर हुई है। एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि 18 मई को देर रात बाइक सवार 4 अपराधियों ने मक्का लोडेड ट्रैक्टर को लूट लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में SIT का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर बदमाश को धर दबोचा। विक्की ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। क्रिमिनल रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।




### बाइक और कैश बरामद

निशानदेही पर ट्रैक्टर अररिया से बरामद हुआ है। साथ ही बेचे गए मक्का से हासिल 90 हजार कैश, घटना में इस्तेमाल बाइक और मोबाइल को भी जब्त किया गया है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ सुबोध कुमार, थानाध्यक्ष संजय कुमार, डीआईयू टीम, एसआई संतोष कुमार, एसआई रश्मिका कुमारी, एएसआई संजीव कुमार, एएसआई कमल कुमार और डीआईयू की टीम शामिल थी।

# दरभंगा में बोरे में मिली सड़ी हुई लाश:शरीर पर मिले चोट के निशान



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में नदी में पुल के पास रविवार को बोरे में बंद एक युवक का शव मिला है। लाश पुरी तरह से सड़ चुकी है। लाश मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ अमित कुमार, सदर थानाधायक्ष मनोज कुमार सहित कई थाने की पुलिस पहुंची।

### एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया

दरअसल, भालपट्टी थाना पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली थी कि एक युवक का शव किसी के घर में है। पुलिस ने गांव के कई घर, खेत और गाछी में तलाशी ली। खोजी कुत्ते की मदद ली गई, लेकिन शव नहीं मिला। घटना के बारे में बताया गया कि बुधवार को बहादुरपुर थाना क्षेत्र का एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने रन्ना गांव आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद युवक की मौत की बात सामने आई। कुछ लोगों ने बुधवार को युवक का शव प्रेमिका के घर में देखा था, लेकिन बाद में शव वहां से गायब हो गया।

### युवक की पहचान में जुटी पुलिस

### शरीर पर चोट के निशान मिले

पुलिस को जब तक जानकारी मिली, तब तक प्रेमिका और उसकी मां घर छोड़कर फरार हो चुकी थीं। अब शव गांव से दूर सदर थाना क्षेत्र के मझिगामा के पास नदी किनारे मिट्टी में दबा मिला है। लोगों का आशंका है कि उसी घटना से जुड़ा ये मामला है। हालांकि पुलिस अभी अज्ञात शव ही बता रही है। मझिगामा के ग्रामीणों ने शव का एक हिस्सा बाहर निकला देखा, बदबू भी आ रही थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शव सफेद प्लास्टिक की बोरी में बंद था। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। आसपास से मोबाइल या अन्य कोई सामान नहीं मिला।

### डीएनए जांच के लिए सैंपल भी लिए गए

सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि शव की पहचान की जा रही है। गुमशुदगी की रिपोर्ट किसी थाने में दर्ज नहीं कराई गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा गया है। डीएनए जांच के लिए सैंपल भी लिए गए हैं। पुलिस को मामला हत्या का लग रहा है। कारणों की जांच की जा रही है।

# ग्राम प्रधान ताला मुर्मू हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, सात आरोपित गिरफ्तार

## जमीन विवाद में दी गई थी डेढ़ लाख की सुपारी, हत्या में प्रयुक्त बाइक व मोबाइल भी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** मिर्ज़ाचौकी के ग्राम प्रधान ताला मुर्मू हत्याकांड का गोड्डा पुलिस ने उद्भेदन करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में गोड्डा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने सोमवार को प्रेस वार्ता में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 19 मई को बोआरीजोर थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान ताला मुर्मू की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। मृतक साहिबगंज जिले के मिर्ज़ाचौकी फूलो-लक्ष्मी गांव का ग्राम प्रधान था। हत्या के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया।




पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या की साजिश जमीन विवाद को लेकर रची गई थी। ग्राम प्रधान ताला मुर्मू विवादित भूमि मामले में एक पक्ष का समर्थन कर रहा था, जिससे नाराज दूसरे पक्ष ने 1.5 लाख रुपये की सुपारी देकर उसकी हत्या करवा दी।

गिरफ्तार आरोपितों में साहिबगंज जिले के मोबिन अंसारी और लाखन मरांडी, गोड्डा जिले के हनवारा थाना क्षेत्र के मो. असलम, मो. अल्ताफ, पिंटू राय, अरविंद कुमार, और ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के सुभाष ठाकुर शामिल हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से कई के विरुद्ध पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बाइक तथा आठ मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का दावा है कि इस गिरफ़्तारी से क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा और जमीन विवाद से जुड़ी हिंसक प्रवृत्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी अनिमेष नैथानी ने यह भी कहा कि गोड्डा पुलिस ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर दोषियों को सज़ा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नहाते समय आठ युवक डूबे, अब तक सुराग नहीं; सीएम चंद्रबाबू नायडू ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मम्मिडीवरम (आंध्र प्रदेश)।** कोनसीमा जिले के मम्मिडीवरम मंडल अंतर्गत कामिनिलंका के पास गोदावरी नदी में रविवार को नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गंगावरम मंडल के शूरूल्लंका गांव में आयोजित एक शुभ अवसर में शामिल होने पहुंचे 11 युवकों का दल नदी में नहाने गया था, लेकिन नहाते वक्त तेज बहाव में बहकर आठ युवक लापता हो गए। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना में तीन युवक किसी तरह तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि बाकी आठ युवक अब तक लापता हैं। लापता युवकों की पहचान क्रांति, पाल, साई, राजेश, महेश, एक अन्य राजेश, रोहित और एक अन्य महेश के रूप में हुई है। ये सभी युवक काकीनाडा, रामचंद्रपुरम और पैवेलियन क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।



**जारी है रेस्क्यू ऑपरेशन**

स्थानीय पुलिस प्रशासन ने गोताखोरों की मदद से व्यापक स्तर पर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। गोदावरी की धारा तेज होने के कारण खोज अभियान में कठिनाइयां आ रही हैं, लेकिन प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। पुलिस और राहत टीमों की मौजूदगी में नदी किनारे बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन भी जमा हैं।

**मुख्यमंत्री ने जताया दुख, अधिकारियों को दिए निर्देश**

इस हृदयविदारक हादसे पर मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने तुरंत कोनसीमा जिले के कलेक्टर से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लापता युवकों की तलाश में कोई कसर न छोड़ी जाए और परिजनों को हर संभव सहायता मुहैया कराई जाए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है और हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

**स्थानीय लोगों ने जताई चिंता**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि गोदावरी नदी का यह हिस्सा अत्यंत गहरा और धाराप्रवाह है, जहां नहाना जोखिमभरा होता है। लोगों ने प्रशासन से नदी किनारे चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

अब सबकी निगाहें बचाव अभियान की सफलता पर टिकी हैं, और परिजन बेसब्री से किसी चमत्कार की उम्मीद कर रहे हैं।

# झारखंड बोर्ड मैट्रिक रिजल्ट 27 मई को, शिक्षा मंत्री करेंगे औपचारिक घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से मैट्रिक परीक्षा 2025 का रिजल्ट सोमवार 27 मई को जारी किया जाएगा। राजधानी रांची स्थित जैक सभागार में सुबह 11:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन परिणामों की औपचारिक घोषणा करेंगे। इस मौके पर शिक्षा सचिव भी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

**12:30 बजे से वेबसाइट पर उपलब्ध होगा रिजल्ट**

जैक सचिव जयंत कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षाफल जारी होने के बाद छात्र दोपहर 12:30 बजे से जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकेंगे। रिजल्ट देखने के लिए दो वेबसाइट उपलब्ध कराई गई हैं:

**11 फरवरी से 3 मार्च तक हुई थी परीक्षा**

इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की लिखित




परीक्षाएं 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक आयोजित की गई थीं। इसके बाद प्रायोगिक परीक्षाएं 25 मार्च तक हुईं। मैट्रिक में कुल 4,33,890 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जबकि इंटर में 3,50,138 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी।

**इंटर का परिणाम जून के पहले सप्ताह में होगा जारी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जैक इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का रिजल्ट जून के पहले सप्ताह में जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 10वीं का रिजल्ट 19 अप्रैल, जबकि 12वीं का रिजल्ट 30 अप्रैल 2024 को घोषित किया गया था।

**बिहार और सीबीएसई बोर्ड से पीछे है झारखंड**

इस वर्ष बिहार बोर्ड और सीबीएसई ने झारखंड बोर्ड की तुलना में काफी पहले ही अपने परिणाम जारी कर दिए हैं, जिससे झारखंड बोर्ड के छात्रों को कॉलेज नामांकन में संभावित कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**2024 में 90.39% छात्र हुए थे सफल**

पिछले साल 2024 में जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में कुल 90.39 प्रतिशत छात्र सफल हुए थे। इनमें से 54.20% प्रथम श्रेणी, 40.63% द्वितीय श्रेणी, और 5.17% तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए थे। छात्राओं ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया था – 91% छात्राएं सफल रहीं, जबकि लड़कों का पासिंग परसेंटेज 89.70% रहा।

जैक बोर्ड द्वारा इस बार भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की सफलता की उम्मीद की जा रही है, जिससे राज्य के शैक्षणिक माहौल को नई दिशा मिल सके।

# लगातार बारिश से गिरिडीह में जेठुआ फसल चौपट, किसान बेहाल

## समय से पहले बारिश ने बिगाड़ा खेती का गणित, सब्जी उत्पादक किसान कर रहे मुआवजे की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बीते 15-20 दिनों से हो रही लगातार बारिश ने गिरिडीह जिले के किसानों की जेठुआ फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। हर रोज हो रही बारिश से खेतों में लगी सब्जियां सड़ने लगी हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। हालात यह हैं कि किसान अब प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

बेंगाबाद प्रखंड के मोतिलेदा गांव के किसान पोखन महतो ने बताया कि इस बार समय से पहले बारिश आ गई और लगातार होती रही। इससे खेत में लगी जेठुआ की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। उन्होंने कहा कि सब्जी की बुआई से लेकर पटवन और देखरेख तक में काफी लागत आई थी। कुछ दिनों तक सब्जी बेच भी पाए, लेकिन फिर बारिश ने सारा हिसाब बिगाड़ दिया। अब खेत में जो कुछ बचा है, वो भी खराब होने की कगार पर है।

**बाजार में नहीं मिल रहा दाम, महिला किसान निराश**

बारिश से जहां खेतों में फसल बर्बाद हो रही है, वहीं जो थोड़ी बहुत सब्जी बची है, उसका भी बाजार में उचित मूल्य नहीं मिल रहा। बेंगाबाद के बिजलीबथान गांव से सब्जी लेकर गिरिडीह पहुंची रेखा देवी ने बताया कि जो सब्जी किसी तरह बची है, उसे बाजार में लाकर बेचने की कोशिश करती हूं, लेकिन न तो ग्राहक मिलते हैं, न ही दाम। अब तो लग रहा है कि किसान का तो सिर्फ नुकसान और दर्द ही लिखा है।

इसी तरह की पीड़ा महिला किसान बिजलवा देवी ने भी साझा की। उन्होंने कहा कि इस बार जेठूआ



फसल से बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन लगातार बारिश ने सारी उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया। जो थोड़ा-बहुत उत्पादन हुआ भी, वह बाजार में लागत मूल्य तक नहीं पहुंच पाया। अब नुकसान कितना हुआ है, इसका आंकलन करना बाकी है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि बारिश का यह असमय चक्र आगे की धान फसल पर भी असर डाल सकता है। किसानों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा नहीं दिया गया, तो उनकी आर्थिक हालत और बदतर हो जाएगी। लगातार बदलते मौसम और जलवायु संकट के इस दौर में किसान हर साल प्राकृतिक आपदाओं की मार झेल रहे हैं।

अब जरूरत है कि सरकार फसलों की क्षति का आकलन कर किसानों को राहत देने की दिशा में ठोस कदम उठाए।


**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः **क्रम सं. 1, नीलामी की कैटेगरीः** विज्ञापन। **ई–नीलामी कैटलॉग संख्याः** एएसएन–एडीवीटी–09–06, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** दिनांक 09.06.2025, 11.00 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआरः आरडीएन (नॉन–डिजिटल):** (i) स्टेशन के अंदरः आसनसोल। (ii) स्टेशन के अंदरः मानकर। **ओओएच (आउट ऑफ होम):** (i) आउट ऑफ होमः दुर्गापुर स्टेशन एप्रोच रोड। **क्रम सं. 2, नीलामी की कैटेगरीः** एमआईएससी. स्टैटिक सर्विसेस (एमएसएस)। **ई–नीलामी कैटलॉग संख्याः** एएसएन–एमएसएस–04–06, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** दिनांक 09.06.2025, 12.00 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआरः** : (i) **सलोन सर्विसेस**–मधुपुर और अंडाल स्टेशनों में। (ii) **रिलैक्सेशन चेयर**–मधुपुर स्टेशन में। **कुल 06 परिसंपत्तियाँ** : विज्ञापनः 03, सलोन सर्विसेसः 02 और रिलेक्सेशन चेयरः 01, सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ऊपर दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं ई–नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-57/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# ग्राहक से मारपीट करने वाला डिलीवरी बॉय गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेंगलुरु।** बसवेश्वरनगर थाना क्षेत्र में एक डिलीवरी एग्जीक्यूटिव द्वारा ग्राहक से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विष्णुवर्धन को गिरफ्तार कर लिया है, जो एक निजी ई-कॉमर्स कंपनी में बतौर डिलीवरी बॉय कार्यरत है।

घटना 21 मई को जजेज कॉलोनी में घटी। शिकायतकर्ता शशांक ने बताया कि उनकी पत्नी ने एक किराने का ऑर्डर किया था, जिसे लेकर विष्णुवर्धन दोपहर लगभग 2 बजे उनके घर पहुंचा। ऑर्डर लेने शशांक की भाभी बाहर आईं, तभी डिलीवरी एग्जीक्यूटिव ने गुस्से में ऊंची आवाज में बोलते हुए गलत पते की शिकायत की। शिकायत के अनुसार, जब शशांक ने बाहर आकर शांतिपूर्वक बातचीत करने और महिलाओं से तमीज से पेश आने की सलाह दी, तो विष्णुवर्धन ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अचानक शशांक के चेहरे पर तीन मुक्के जड़ दिए। हमले में शशांक की बाईं आंख के नीचे गंभीर चोट आई, जिसे लेकर डॉक्टरों ने आशंका जताई कि अगर चोट एक सप्ताह में नहीं भरी, तो सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है।

पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। बाद में शशांक ने एक वीडियो जारी कर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि किसी को भी इस तरह की भयावह स्थिति का सामना नहीं करना चाहिए। शिकायत दर्ज होने के बाद बसवेश्वरनगर पुलिस ने आरोपी को मारपीट, गाली-गलौज और आपराधिक धमकी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पति गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के कोटवा पंचायत के लखनीपुर दलित बस्ती में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत का मामला सामने आया है मृतका की पहचान रमोद राम की लगभग 26 वर्षीय पत्नी चिंता देवी के रूप में की गई है। मृतका के परिजनों ने पति सहित ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। उसके बाद घटना की जांच शुरू कर दी है।मृतका के पिता गुलजार राम नौतन थाना क्षेत्र के धुम नगर कचहरी टोला ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि करीब 7 वर्ष पहले चिंता की शादी लखनी पुर निवासी खेदु राम के लड़के रमोद राम से हुई थी। शादी के कुछ ही समय बाद से पति द्वारा उसके साथ लगातार मारपीट की जाती थी और लगातार पति द्वारा मोटरसाइकिल का मांग भी किया जा रहा था। वहीं दहेज में मोटरसाइकिल नहीं देने पर मेरे लड़की को गला दबाकर मार दिया गया। मृतका के पिता गुलजार राम ने पति सहित सास ससुर को गला दबाकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके से ही मृतका के पति रमोद राम को हिरासत में ले लिया है। मामले में थानाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम में भेजा गया है। पीड़ित परिवारों द्वारा आवेदन प्राप्त है पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। आगे की कार्रवाई जारी है

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरदिया उर्दू की जिला एमडीएम पदाधिकारी ने की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तुरकौलिया(पूर्वी चम्पारण)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरदिया उर्दू का जिला मध्यान पदाधिकारी पहलाद गुप्ता व बीइओ जितेंद्र कुमार ने जांच किया। जांच के दौरान विद्यालय में घोर अनियमितता पाई गई। छात्र-छात्राओं ने बताया कि शुक्रवार को अंडा की जगह बच्चों को बिस्किट खिलाया जा रहा है। भोजन भी ठीक से नहीं कराया जाता जाता है। विद्यालय का शौचालय भी गंदा रहता है। जिला एमडीएम पदाधिकारी पहलाद गुप्ता ने बताया कि जांच में 90 पर्सेंट गड़बड़ी पाई गई है। विद्यालय के सभी शिक्षक, रसोईया व बच्चों ने भी स्वीकार किया है कि एमडीएम में गड़बड़ी किया जाता है। वही चखना पंजी, एमडीएम पंजी, आदेश पंजी का भी जांच किया गया है। जहां चखना पंजी पर केवल एचएम का ही हस्ताक्षर है जबकि अलग-अलग शिक्षकों का हस्ताक्षर रहना चाहिए। एमडीएम पदाधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को दे दिया गया है ताकि आगे की कार्रवाई हो सके।


**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः **नीलामी की कैटेगरीः** एमआईएससी–स्टैटिक–सर्विसेस, **ई–नीलामी कैटलॉग संख्याः** एएसएन–एमएसएस–एमओबी–02, **ई–नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** 07.06.2025, 11.00 बजे। **स्टेशनों/स्थानों के नामः (1)** दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में मोबाइल और एक्सेसरीज किऑस्क का संस्थापन एवं परिचालन। **(2)** आसनसोल रेलवे स्टेशन में मोबाइल और एक्सेसरीज किऑस्क का संस्थापन एवं परिचालन। **(3)** पानागढ़ रेलवे स्टेशन में मोबाइल और एक्सेसरीज किऑस्क का संस्थापन एवं परिचालन। **(4)** सिमुलतला रेलवे स्टेशन में मोबाइल और एक्सेसरीज किऑस्क का संस्थापन एवं परिचालन। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ऊपर दी गई सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं ई–नीलामी में भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

ASN-56/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पंचायत सचिवों और अंचल अमीनों को मिला विशेष प्रशिक्षण






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राजस्व विभाग की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण प्रदेश भर में उत्पन्न हुई प्रशासनिक असहजता के बीच जहानाबाद जिला प्रशासन ने राजस्व कार्यों को पुनः गति देने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल की है। सोमवार को समाहरणालय सभागार में पंचायत सचिवों एवं अंचल अमीनों को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें राजस्व कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार ने किया।

**हड़ताल से ठप हो चुके थे दाखिल-खारिज व प्रमाण पत्र निर्गत**

अपर समाहर्ता ने बताया कि 7 मई 2025 से राज्यभर के राजस्व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिससे दाखिल-खारिज, भू-लगान व परिमार्जन सहित जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत जैसे जनहित कार्य पूर्णतः ठप हो गए हैं। छात्र-छात्राओं एवं आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पंचायत सचिवों को दी गई जिम्मेदारी**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने वैकल्पिक उपाय के रूप में पंचायत सचिवों व अंचल अमीनों को राजस्व कार्य संचालन का अधिकार देने का निर्णय लिया है। प्रशिक्षण के उपरांत 27 मई से इन कर्मियों को अपने-अपने हल्का क्षेत्र में दाखिल-खारिज, भू-लगान व भू-मापन, प्रमाण-पत्र निर्गत सहित सभी ज़रूरी कार्यों का निष्पादन सौंपा जाएगा।

**जिले में सात अंचलों में ठप पड़ा था राजस्व तंत्र**

जहानाबाद जिले के सातों अंचलों में अधिकांश नव-नियुक्त कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं, जिससे सरकारी कार्यों पर विराम लग गया था। ऐसे में पंचायत सचिवों और अमीनों की भूमिका अब तंत्र को पुनः सक्रिय करने में केंद्रीय हो गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव के निर्देश पर हड़ताल में शामिल कर्मियों से सरकारी लैपटॉप वापस लेने का आदेश भी जारी किया गया है। अपर समाहर्ता विनोद कुमार सिंह ने अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय सीमा में उपकरणों की वापसी सुनिश्चित कराएं।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराया गया गहन तकनीकी प्रशिक्षण**

पंचायत सचिवों एवं अमीनों को राजस्व प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन, फील्ड निरीक्षण और रिपोर्टिंग से संबंधित विषयों पर ऑनलाइन माध्यम से गहन प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे कार्य के तकनीकी पहलुओं से भलीभांति परिचित हो सकें।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. 25_2025–26, दिनांक 23.05.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/ मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **कार्य का विवरण** : हावड़ा (फेज–1) में नए डिवीजनल रेलवे हॉस्पिटल बिल्डिंग का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 44,75,48,482.67, **बयाना राशिः** रु. 23,87,800/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 20.06.2025 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-101/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**आद्रा मंडल के तहत जीएमयू कैटरिंग यूनिट का आवंटन और विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई–नीलामी**

**(1) निविदा सूचना सं. सी–130–सीएटीजी–बीक्यूए4–आरआर–4,** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व रेलवे/आद्रा–723121 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, **कार्य का विवरण: "आद्रा मंडल के तहत बांकुड़ा स्टेशन पीएफ नं.–2/3 पर जीएमयू कैटरिंग यूनिट (रिफ्रेशमेंट रूम) का आवंटन"। निविदा का प्रकार:** खुली, **बोली प्रणाली:** दो पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,50,620/–, **निविदाकारी शाखा:** कैटरिंग, **बयाना राशि:** रु.2,200/– **निविदा कागजात की लागत:** रु.2,950/–, **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 20.05.2025, 12.43, **अंतिम तिथि:** 12.06.2025, 12.00 बजे। **कार्य समापन अवधि:** 05 वर्ष। इच्छुक निविदाकार निविदाओं के पूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देशों के लिए वेबसाइट आईआरईपीएस **(www.ireps.gov.in)** देख सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **(2) ई–नीलामी सूचना सं. सीओएमएमएल.–1/पीयूबी./एडीवीटी/05/25 दिनांक : 23.05.2025 ● कैटेगरी : विज्ञापन ● नीलामी कैटलॉग सं. : एडीवीटी68 ● लॉट सं./कैटेगरी : एडीवीटी–आद्रा–एसओएनए–ओएच–124–25–1 (विज्ञापन – आउट ऑफ होम), एडीवीटी–आद्रा–बीयूआरएन–ओएसएन–108–23–1 (विज्ञापन – स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)), एडीवीटी–आद्रा–एसओएनए–ओएसएन–126–25–1 (विज्ञापन – स्टेशन परिसर पर (नॉन–डिजिटल)) ● नीलामी शुरू (सभी लॉट) : दिनांक 06.06.2025 को 12:00:00 ● नीलामी की अंतिम तिथि/समय : दिनांक 06.06.2025 को 12:50:00 टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई–नीलामी मॉड्यूल देखें। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-200) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

**दक्षिण पूर्व रेलवे**
मुस्कान के साथ सेवा

# सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि पर श्रद्धा, आस्था और सतीत्व की प्रतीक वट सावित्री व्रत का पर्व पूरे बिहार में बड़े ही धार्मिक उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। राज्य के पटना, गया, जहानाबाद, कटिहार और मधुबनी जिलों में वट वृक्षों के नीचे सुबह से ही सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिन्होंने पारंपरिक वस्त्रों में सोलह श्रृंगार के साथ पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र तथा सुख-समृद्धि की कामना की।

जहानाबाद जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री व्रत की अद्भुत छटा देखने को मिली। महिलाएं लाल साड़ी, सिंदूर, चूड़ी और गहनों से सजी-धजी बट वृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं और पूजन, परिक्रमा तथा उपवास के साथ इस पर्व को पूर्ण श्रद्धा से मनाया। व्रत में सहभागी महिलाओं ने बताया कि यह पर्व उनके पति की दीघार्यु, आरोग्यता और अखंड सौभाग्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पंडितों के अनुसार, यह पर्व ज्येष्ठ अमावस्या को मनाया जाता है और इसे देवी सावित्री की तपस्या और निष्ठा का प्रतीक माना जाता है।

कटिहार जिले में भी वट सावित्री पूजा को लेकर व्यापक उत्साह देखा गया। महिलाएं भोर से ही तैयार होकर पूजा की थालियों में फल, फूल, सिंदूर, पूड़ी और पकवान सजाकर वट वृक्ष के नीचे पहुंचीं। वहां सावित्री-सत्यवान की कथा का पाठ हुआ और महिलाओं ने बांस की डलियों में सामग्री अर्पित कर वृक्ष की परिक्रमा की। पूरे वातावरण में श्रद्धा, आस्था और उत्साह की अनूठी छवि देखने को मिली। यह पर्व महिलाओं की निष्ठा, समर्पण और सांस्कृतिक चेतना का प्रतिबिंब बनकर सामने आया।

मिथिलांचल के मधुबनी जिले में यह पर्व विशेष उत्साह के साथ मनाया गया, जहां नवविवाहिताओं में इस व्रत को लेकर विशेष आकर्षण देखा गया। महिलाएं निखंड वस्त्र धारण कर, केल के पत्तों पर प्रसाद सजाकर, बांस से बने पंखे से वट वृक्ष को हवा देती हुईं, सावित्री के पतिव्रत धर्म की गाथा गुनगुना रही थीं। वट वृक्ष को ब्रह्मा, विष्णु और शिव का प्रतीक मानकर पूजा की गई।

## वज्रपात से शिवलिंग क्षतिग्रस्त

**गयाजी ।** सोमवार को मेघ गर्जन के साथ हुई बारिश के दौरान गया शहर के उत्तरी हिस्से रामशिला मोड़ पर स्थित एक मंदिर का फर्श टूट गया। सतह पर ही शिवलिंग स्थापित था। जो टूटे सतह के साथ इस मंदिर के नीचे तालाब में जा गिरा। इस घटना की जानकारी जैसे ही लोगों तक पहुंची, यहां भीड़ उमड़ पड़ी। लोग शिवलिंग की तलाश शुरू कर दिए हैं। खबर लिखे जाने तक शिवलिंग नहीं मिला है। आस्थावान इसे प्राकृतिक आपदा और भगवान की लीला मान कर चल रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक मेघ गर्जन हुआ। तेज बारिश होने लगी। लोग अपने घरों और आसपास के दुकानों में शरण ले चुके थे। जब बारिश रूकी तो एक श्रद्धालु शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग को प्रणाम करने पहुंचे तो देखा कि मंदिर का सतह (फर्श) टूटा हुआ है और शिवलिंग नहीं है। इसकी जानकारी आसपास के लोगों तक पहुंची तो लोगों की भीड़ लग गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गौरैया स्थान है। जो काफी पुराना है। इस स्थान पर पुराना तालाब हुआ करता था। जो कालांतर में विलुप्त होने लगा है।

# घर में घुसकर मारी गोली

## बेटी की हत्या का गवाह था पिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** रामकृष्ण नगर थाना के जगनपुरा में बेटी की हत्या के मामले में गवाह रहे बाप की घर में घुस कर सोमवार की सुबह हत्या कर दी गई।

गोली बारी की आवाज सुन कर परिजन आये और घायल अवस्था में उन्हें उठा इलाज के लिए अस्पताल ले भागे, मगर घायल ने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया। घटना के बाद अफरातफरी मच गया।

मौके पर रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष डीएसपी सदर टू और सिटी एसपी पश्चिमी भी पहुंचे। पुलिस ने मौके से कई खोखा बरामद किया है। पुलिस ने हत्यारों की तलाश में आस पास लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा। सीसीटीवी कैमरा में मोटर साइकिल पर सवार तीन लोग नजर आये, मगर उनकी पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि इनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। बेटी के हत्यारे केस उठाने के लिए धमकी दे रहे थे। जिनकी धमकी के आगे यह झुकने को तैयार नहीं थे।

घटना के बारे में बताया जाता है कि जगनपुरा निवासी चन्द्रकांत प्रसाद उर्फ सिंह जी सोमवार की सुबह अपने घर पर गाय को चारा देकर और दूध दुहकर सभी को सुरक्षित रख दरवाजा लगा रहे थे, तभी तीन युवक आये और आवाज लगा दरवाजा खुलवा अंदर प्रवेश कर गये।

जब तक वह कुछ समझ पाते तभी कमर से पिस्तौल निकालकर दनादन चन्द्रकांत प्रसाद पर गोली चलाने लगे। अपराधियों ने करीब आठ चक्र गोली चलाई। जिसमें तीन गोली चन्द्रकांत को लगी और वह वहीं पर गिर गये। उसके बाद सभी अपराधी फरार हो गये।

गोलीबारी की आवाज सुन कर आस पास के लोग और परिजन पहुंचे तो चन्द्रकांत को घायल गिरा हुआ देख तत्काल उठा निजी अस्पताल ले गये जहां उन्होंने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया।

इस संबंध में परिजनों ने बताया कि उनका किसी से कोई दुश्मनी नहीं था। चन्द्रकांत की बेटी पूजा कुमारी की शादी गौरीचक में नीरज कुमार के साथ हुई थी। पूजा की दहेज के लिए जुलाई 2024 में हत्या कर दी गई थी। जिसमें ससुराल के कई लोग जेल गये थे।

विगत दिनों से केस उठाने के लिए उनसे कहा जा रहा था। परिजनों को शक है कि उनकी हत्या इसी कारण कर दी गई है।

वहीं, वारदात की खबर पाकर मौके पर रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष, डीएसपी सदर टू, सिटी एसपी पश्चिमी पहुंचे और मामले की छानबीन किया। पुलिस ने हत्यारों की तलाश में सीसीटीवी कैमरा देखा।सीसीटीवी कैमरा में तीन हत्यारों को वारदात करने के पूर्व आने एवं वारदात को अंजाम देकर जाते देखा गया। इन तीनों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस इनके पहचान का प्रयास कर रही है।

# नकली सीबीआई अधिकारी धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों से ठगी और मौका मिलने पर पिस्टल दिखाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

यह गिरोह पुलिस के निशाने पर तब आया, जब हाल ही में एसके पुरी थाना क्षेत्र में एक युवक से पिस्टल दिखाकर लूटपाट की घटना सामने आई। एसके पुरी थाने की पुलिस ने इनके पास से दो बाइक बरामद की है, जिस पर पुलिस का स्टीकर लगा हुआ है। दो पिस्टल, एक कट्टा, सेना की वर्दी नेम प्लेट सहित, सीबीआई का नकली परिचय पत्र और ब्लैंक चेक भी बरामद किया गया है।

आरोपितों की पहचान सहरसा के बिहरा निवासी रीतन कुमार, धनरुआ के नितीश कुमार और वैशाली के लालगंज निवासी अरविंद कुमार के रूप में हुई है।

रीतन के खिलाफ दीदारगंज और दरभंगा, नितीश के खिलाफ धनरुआ व दीदारगंज और अरविंद पर भी दीदारगंज व बेऊर थाने में केस दर्ज है। गिरोह में शामिल दो अन्य बदमाशों की तलाश जारी है।

10 मई की दोपहर एसके पुरी के शिवपुरी में बिस्किट कंपनी के कर्मी अमर कुमार को रास्ते में रोका गया और पिस्टल दिखाकर उनसे 17 हजार रुपये की लूट हुई। पीड़ित की शिकायत पर एसके पुरी थाने की पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की पहचान में जुट गई। सचिवालय डीएसपी-2 साकेत ने आरोपितों की गिरफ्तारी के एसके पुरी थानेदार के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम का गठन किया। सीसीटीएनएस से जुड़े कैमरों से भी वारदात में इस्तेमाल बाइक के मूवमेंट के बारे में पता किया गया।घटना में जिस अपाचे बाइक का इस्तेमाल हुआ था, उसे गांधी मैदान से चिरैयाटांड पुल के पास चक्कर लगाते हुए देखा गया।

शनिवार की देर रात पुलिस उस इलाके में पहुंची और अपाचे बाइक के साथ नितीश को गिरफ्तार कर लिया गया। वह किसी से तीन लाख रुपये लूट की फिराक में था। पूछताछ में उसने बताया कि गिरोह में पांच लोग हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रीतन और अरविंद को भी गिरफ्तार कर लिया।

# गाड़ी से पानी लेने उतरा दूल्हा, प्रेमी संग दुल्हन फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** नई-नवेली दुल्हन को प्यास लगने पर दूल्हा सेहरा गाड़ी में रख पानी लेने उतरा। इसी दौरान दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जब दूल्हा पानी लेकर लौटा तो दुल्हन गाड़ी से गायब मिली।

यह घटना झाझा के मछली पट्टी चौक की है। थोड़ी ही देर में मौके पर भीड़ जुट गई और लोग दुल्हन की खोज में लग गए। लेकिन, तब तक वह प्रेमी के साथ काफी दूर निकल चुकी थी।

घटना के बाबत दुल्हन के पिता ने केस दर्ज कराया है। बताया जाता है कि बांका जिला के कटोरिया थाना क्षेत्र से बारात झाझा प्रखंड के एक गांव में आई थी। शादी धूमधाम से संपन्न होने के बाद बारात लौट गई।

दूल्हा को लड़की वालों ने पांच दिन बाद विदा करने की बात कही। विदाई के समय माहौल भावुक था। जैसे ही गाड़ी झाझा बाजार पहुंची, दुल्हन की नजर अपने प्रेमी पर पड़ी।

मछली पट्टी चौक के पास दुल्हन ने प्यास लगने की बात कह दूल्हा से पानी लाने को कहा। दूल्हा पानी लाने उतरा और इसी बीच दुल्हन प्रेमी के साथ फरार हो गई।

जब दूल्हा पानी और नाश्ता लेकर गाड़ी के पास पहुंचा तो दुल्हन गाड़ी से गायब मिली। दूल्हा ने काफी खोजबीन की और लोगों को बताया। लड़की के पिता को सूचना दी गई। भीड़ के बीच खोजबीन जारी रही लेकिन लड़की नहीं मिली।



दूसरे दिन लड़की के परिवार को जानकारी मिली कि पड़ोसी राजू कुमार ने लड़की का अपहरण कर लिया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग का है और लड़की बालिग है।

लड़की के पिता ने राजू कुमार, टुनटुन दास, लखन दास, सुनीता देवी और कारी देवी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि इन सभी ने घटना में सहयोग किया है।

आरोप है कि राजू कुमार लड़की को दिल्ली ले गया है। इससे पहले लड़की उससे घंटों फोन पर बातचीत किया करती थी। सहेली की भी इसमें बड़ी भूमिका बताई जा रही है। पिता ने बेटी की बरामदगी की मांग की है।

## नाबालिग ने की आत्महत्या

**सहरसा।** जिले में एक बेहद संवेदनशील और दुखद घटना सामने आई है, जहां पिता की डांट से आहत होकर एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मामला जिले के बिहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिहौल गांव का है। मृतका की पहचान मोहम्मद कलाम की पुत्री नजरा खातून के रूप में हुई है, जो तीन बहनों और दो भाइयों में दूसरे स्थान पर थी। बताया जा रहा है कि 24 मई को नजरा मोबाइल फोन पर किसी से बातचीत कर रही थी, जिसे देखकर उसके पिता ने उसे डांटा और फटकार लगाई। पिता की डांट से आहत होकर किशोरी ने घर में रखी गेहूं में कीड़ा मारने वाली जहरीली दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सहरसा शहर के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया, जहां सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन लड़की के शव को चुपचाप दफनाने की तैयारी में थे और घर से 500 मीटर दूर स्थित कब्रिस्तान ले गए। लेकिन इसी दौरान किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

# बदमाशों ने राजद नेता को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जिले में सोमवार को दोपहर चौसा थर्मल पावर प्लांट के गेट के पास कुछ अज्ञात लोगों ने राजद के युवा नेता अर्जुन यादव पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं और मौके से भाग गए। यह लगातार तीसरी ऐसी घटना है। एक दिन पहले ही नावानगर के वासुदेवा थाना क्षेत्र में कोका-कोला कंपनी के एक ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

इस हमले में अर्जुन यादव को कई गोलियां लगीं, जिनमें से एक गोली सिर के पास भी लगी है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पहले उन्हें बक्सर सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें वहां से रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, अर्जुन यादव अपनी थार गाड़ी से थर्मल प्लांट के गेट पर पहुंचे ही थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन पर गोलियां बरसा दीं। हमले के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर सरस्वती चंद्र मिश्रा ने बताया कि अर्जुन यादव की हालत बेहद नाजुक है, इसलिए उन्हें बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है।

जिले में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से लोगों में डर का माहौल है और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस की कार्रवाई पर भी अब लोगों का भरोसा कमजोर होता जा रहा है।

पीड़ित अर्जुन यादव किसान नेता भी हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, वे पहले छात्र राजनीति से जुड़े हुए थे और चौसा थर्मल पावर प्लांट से प्रभावित किसानों की ओर से लगातार आवाज उठा रहे थे। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि उन पर गोली क्यों चलाई गई। जैसे ही घटना की जानकारी मिली, एसडीपीओ धीरज कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और फिर घटनास्थल का मुआयना करने निकल गए। इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

# एनआरआइ सहित कई के घरों में चोरी, दहशत में लोग

## डालर सहित जेवरात ले गये चोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** शहर में एक बड़ी चोरी हुई है। कुछ अज्ञात चोरों ने एक एनआरआइ के घर समेत चार घरों में चोरी की। चोरी के वक्त एक महिला जाग गई और चोरों से लड़ाई की कोशिश की। चोरों की इस बेखौफ हरकत से पूरे मोहल्ले में डर फैल गया है। चोरी की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

लेकिन एक साथ कई घरों में चोरी होने से लोगों ने पुलिस की रात की गश्त पर सवाल उठाए हैं। यह घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के साकेतपुरी इलाके की है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की तहकीकात कर रही है।

सदर थाना क्षेत्र के साकेतपुरी इलाके में चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मकान मालिक शैलेश कुमार सिंह के एनआरआइ किरायेदार के घर में चोरों ने घुसकर चोरी की। एनआरआइ जयप्रकाश सिंह जो साउथ अफ्रीका के केपटाउन में काम करते हैं, छुट्टी पर घर आए थे। वे करीब 400 डॉलर भी अपने साथ लाए थे, जिसे उन्हें एयरपोर्ट पर एक्सचेंज कराना था। एक रात जब सभी खाना खाने के बाद सो गए, तब चोरों ने कमरे के पीछे लगी ग्रील वाली खिड़की को काटकर घर में घुस गए। उन्होंने चोरी छुपकर करने के लिए कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। चोरों ने करीब पांच लाख रुपए की जेवरात चुरा ली।

चोरों ने जयप्रकाश सिंह के बैग में रखे पासपोर्ट से डॉलर निकाल लिया और पासपोर्ट वहीं छोड़कर भाग गए। यहां बताना जरूरी है कि इसी मकान में साल 2023 में भी चोरी हुई थी, लेकिन तब भी चोर पकड़े नहीं गए। इसके अलावा, चोरों ने एक और मकान, पी के सिंह के घर में भी चोरी करने की कोशिश की, लेकिन वहां चोरी नहीं कर सके। वहीं, जे पी सिंह के घर भी चोर घुसे और चोरी की। चोरी की आवाज सुनकर एक महिला जाग गई और चोरों से बहस हो गई। डर के कारण चोर वहां से भाग गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

सदर थाना के एसएचओ अश्मित कुमार ने बताया कि आज पुलिस को सूचना मिली कि कुछ चोर घर में घुसकर चोरी कर गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके पर जाकर पीड़ित से बात की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। चोरों ने घर के पीछे लगी खिड़की की ग्रील काटकर अंदर प्रवेश किया था। पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

# खटाल संचालक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना एक बार फिर बेखौफ अपराधियों ने सरेआम दिनदहाड़े एक खटाल संचालक को मौत के घाट उतार दिया। घटना रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जगनपुरा इलाके की है, जहां तीन बाइक सवार अपराधियों ने 55 वर्षीय चंद्रकांत यादव उर्फ सिंह जी को सिर और सीने में गोली मार दी। यह घटना सुबह के वक्त उस समय घटी जब चंद्रकांत यादव रोज की तरह अपने कार्य में व्यस्त थे। हमलावरों ने नजदीक से फायरिंग की और गोली लगते ही वे वहीं गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही पूर्वी सिटी एसपी डॉ. राम कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। उनके साथ रामकृष्ण नगर और जक्कनपुर

**इलाके में फैली दहशत, पुलिस जांच में जुटी**

थाना की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस अपराधियों की पहचान और घटना के पीछे की मंशा को जानने के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रही है। आसपास के उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे हत्यारों के बारे में सुराग मिल सके। पुलिस अधिकारियों ने प्राथमिक जांच के आधार पर यह संकेत दिए हैं कि घटना में शामिल अपराधी परिचित हो सकते हैं। सिटी एसपी डॉ. राम कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मंत्री ने की किसानों के बीच बीज वितरण की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 25 मई से बीज वितरण की शुरूआत हो गई है। कृषि निदेशालय प्रांगण में बीज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों के बीच बीज वितरण का शुभारंभ किया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग ने खरीफ फसल के बीज वितरण का लक्ष्य 80 हजार क्विंटल रखा है। ये आंकड़ा पिछले दो वित्तीय वर्ष से दोगुना है। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार राज्य के किसानों से किए गए वायदे के प्रति सजग है।

यही वजह है कि बीज दिवस के दिन से ही राज्य भर में बीज वितरण की शुरूआत कर दी गई है। कमजोर राज्यों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए ज्यादा काम करना जरूरी है।

झारखंड भी इसी रास्ते पर निरन्तर आगे बढ़ रही है। अगर किसान विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूक होंगे, तो राज्य से बिचौलिया खत्म हो जाएंगे। ऐसा किसानों की जागरूकता और उनकी सूझबुझ से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि विभाग किसानों को 50 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक अनुदान पर बीज उपलब्ध करा रही है। लेकिन इसका लाभ लेने के लिए समय पर सही जानकारी और प्रक्रिया को अपनाना होगा।



कृषि विभाग जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक किसानों से योजनाओं का फीडबैक ले रही है, ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। राज्य में छोटे बदलाव से विकसित झारखंड का निर्माण संभव है। फसल के पटवन के लिए विभाग ने नदी पर बिरसा पक्का चेक डैम योजना की शुरूआत करने का निर्णय लिया है।

इसी तरह पलामू में बकरी के बजाय भेड़ का वितरण, किसी जिले में बकरी के बजाय शूकर का वितरण का उद्देश्य आवश्यकता के अनुसार किसान के अनुरूप योजना तैयार करना है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग किसानों के अनुरूप योजना को रूप देना चाहती है।

# बकायेदार किसानों के खिलाफ वारंट जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चांद।** प्रखंड में कृषि ऋण बकाएदारों पर गिरफ्तारी वारंट जारी करने का किसान संगठनों ने विरोध किया है। भारतीय किसान यूनियन कैमूर ने किसानों पर तानाशाही रवैया के लिए अधिकारियों एवं बैंक प्रबंधक को चेताया। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र देकर किसानों पर गिरफ्तारी वारंट वापस लेने की मांग की।

पिछले सप्ताह अंचलाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने 211 बैंक ऋण बकाएदारों पर नीलाम वाद पत्र दायर करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। 211 बकाएदारों में आधे से अधिक कृषि ऋण बकाएदार हैं। पिछले तीन सालों से लगातार सूखा का सामना कर रहे किसानों को गिरफ्तारी वारंट किसी आपदा से कम नहीं है।

मध्य बिहार ग्रामीण बैंक पंजाब नेशनल बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक कृषि क्षेत्र के द्वारा सैकड़ों किसानों पर बकाया पुराना कृषि ऋण वसूली



के लिए कैमूर प्रशासन को सुपुर्द कर दिया गया है। बकाएदारों की सूची में सबसे अधिक छोटे छोटे किसान परिवार है। जो गरीबी के कारण ऋण चुकाने में असमर्थ हैं।

रोहिणी नक्षत्र शुरू होने के बाद किसान धान बीज खरीदने एवं बिचड़ा तैयार करने में जुटेंगे। ऐसे हालात में किसानों पर गिरफ्तारी वारंट जारी करना कैमूर प्रशासन का तानाशाही रवैया दिखाई पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन कैमूर ने जिलाधिकारी को पत्र देकर किसानों पर जारी किया गया गिरफ्तारी वारंट वापस लेने की मांग की है। किसान यूनियन ने कहा कि किसानों को अगले वर्ष फरवरी तक समय दिया जाए, ताकि अपने कृषि ऋण को बैंक से समझौता कर जमा कर दें।

# 20 सूत्री सदस्य के अपहरण मामले में 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** संदलपुर पंचायत के वार्ड सदस्य पुत्र बीस सूत्री सदस्य सह हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राकेश साह उर्फ विकास के अपहरण हुए 40 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस उसकी बरामदगी में नाकाम साबित हुई है।

आक्रोशित हजारों ग्रामीण एवं स्वजन सोमवार दिन लगभग दस बजे से कुरहा बाजार के समीप एनएच 31 को पूर्णतः जाम कर दिया। ग्रामीण जाम कर्ता अपहृत की बरामदगी एवं अपहरण कर्ता सरपंच पति डब्लू यादव सहित सभी की अविलंब गिरफ्तारी पर अड़े रहे।

स्थानीय प्रशासन बीडीओ,सीओ एवं थाना अध्यक्ष लगातार जाम कर्ता एवं स्वजन को भरोसा देते हुए समझाने में लगे हुए है। जाम के दौरान एनएच 31 पर दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार जाम हो गई। सड़क मार्ग के यात्रियों की काफी परेशानी बढ़ गई है। यात्री वाहन बस,टेंपू,छोटे वाहन पर सवार



घंटों से गाड़ी में फंसे हुए है।

लंबी वाहन की कतार के कारण यात्री वाहन पीछे मुड़ कर निकलने से भी नाकामयाब है। जाम लगाने वालों के द्वारा आवश्यक सेवा यानी एम्बुलेंस आदि को जाम से मुक्त कर निर्दिष्ट स्थान पर जाने का रास्ता दिया गया।

जाम को हटाने के लिए बीडीओ रवी सिन्हा, सीओ संतोष कुमार, थाना अध्यक्ष राजीव रंजन एवं अन्य अधिकारी जन प्रतिनिधि, समाज सेवी, राजनीतिक दल के नेता लगातार लोगों को आश्वासन दे रहे हैं और जाम हटाने का अनुरोध कर रहे हैं।लेकिन इसका ग्रामीणों पर कोई असर होता नहीं दिख रहा है। थाना अध्यक्ष के अनुसार वे अपहतों के वारंट के लिए न्यायालय जाना चाहते हैं, लेकिन उन्हें रोक रखा गया है।

जाम में शामिल महिलाओं का कहना है कि जब तक पुलिस मेरे अपहत बेटे की बरामदगी नहीं करती, अपहरण कर्ता के मुखिया सहित सभी नामजद की गिरफ्तारी कर नहीं लाती, जाम जारी रहेगा।

विदित हो, शनिवार देर शाम को संदलपुर पंचायत के सरपंच पति सहित लगभग दर्जन भर सशस्त्र अपराधियों ने बीस सूत्री सदस्य सह हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संदलपुर पंचायत निवासी इंद्र देव साह एवं वार्ड सदस्य शकुंतला देवी के पुत्र राकेश कुमार उर्फ विकास का अपहरण कर घसीटते हुए दियारा क्षेत्र ले गए थे।

अपहरण के दौरान अपहरण कर्ता उसके साथ मारपीट भी की थी। लोगों में दहशत फैलाने के लिए कई राउंड गोली भी चलाई थी।

अपहरण के बाद पुलिस द्वारा गंगा नदी में खोज के लिए लगातार एनडीआरएफ की टीम कार्यरत है। स्वान दस्ता का भी खोज में उपयोग किया जा रहा है। लेकिन पुलिस को अबतक सफलता हासिल नहीं हुई है। अपहरण के लगभग 40 घंटे बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिलते देख ग्रामीण काफी आक्रोशित है।

# डूबने से 10 वर्षीय छात्रा की मौत, परिजनों में शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के छतरवार गांव में एक दर्दनाक हादसे में पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले 10 वर्षीय छात्र शुभम कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

शुभम, राजेश चौरसिया का पुत्र था और स्थानीय सरकारी विद्यालय में पढ़ाई कर रहा था। यह हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे उस समय हुआ, जब वह स्कूल से घर लौट रहा था।

बताया जाता है कि स्कूल से लौटते समय शुभम तालाब के पास हाथ-पैर धोने के लिए रुका। तालाब में बनी पुरानी सीढ़ियों से उतरते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। शुभम को तैरना नहीं आता था।

उसके साथ मौजूद अन्य बच्चों ने जब उसे पानी में डूबते देखा तो शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया। लेकिन जब तक लोग मौके पर पहुंचे और उसे पानी से बाहर निकालते, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

घटना की जानकारी मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और शुभम को लेकर तुरंत पकरीबरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

इस खबर के फैलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। इधर, सूचना मिलते ही पकरीबरावां थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मासूम शुभम की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। माता-पिता सहित अन्य स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। हर आंख नम है और लोग परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।

# सीएम ने किया जदयू कार्यालय का निरीक्षण, नेताओं और कार्यकर्ताओं से की बात

## ताड़ी पर से प्रतिबंध हटाने की मांग उठी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार की सुबह-सुबह बगैर किसी पूर्व सूचना के अचानक जदयू के प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं से बातचीत की। जदयू कार्यालय में मुख्यमंत्री का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने किया। उनके साथ मंत्री अशोक चौधरी भी थे। नीतीश कुमार ने पूरे कार्यालय का निरीक्षण करते हुए पार्टी संगठन की वर्तमान गतिविधियों और संचालन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री करीब 10 मिनट तक पार्टी दफ्तर में रहे। इस दौरान पार्टी कार्यालय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पक्ष में जमकर नारे भी लगे। इसी बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने उनकी पार्टी के एक नेता मुन्ना चौधरी ने मुख्यमंत्री को रोककर ताड़ी पर प्रतिबंध हटाने की गुहार लगाई। मुन्ना चौधरी ने कहा कि यह कई समुदायों की आजीविका का सवाल है। उन्होंने तर्क दिया कि ताड़ी एक पारंपरिक और कम नशीला पेय है जिसे शराब की श्रेणी से अलग रखा जाना चाहिए। चौधरी ने नीतीश कुमार से अपील की कि ताड़ी बेचने की अनुमति देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहारा दिया जाए। यह मांग उस समय उठी है, जब नीतीश की शराबबंदी नीति पर विपक्षी दल पहले से सवाल उठाते रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुन्ना चौधरी की बात को गंभीरता से लिया। उन्होंने तुरंत कोई फैसला लेने के बजाय जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को मामले की तह तक जाने और मुन्ना चौधरी के साथ विस्तृत चर्चा करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि नीतीश सरकार ने 2016 में शराबबंदी लागू की थी जिसमें ताड़ी पर भी प्रतिबंध शामिल है। नीतीश कुमार की यह नीति उनकी सुशासन छवि का हिस्सा रही है। इसका उद्देश्य सामाजिक बुराइयों को कम करना था। हालांकि, ताड़ी पर प्रतिबंध से बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में कई समुदायों की आजीविका प्रभावित हुई जो इसे पारंपरिक पेय के रूप में बेचते थे। मुन्ना चौधरी की मांग ने इस मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है, खासकर तब जब बिहार में विधानसभा चुनाव नजदीक है। ताड़ी पर प्रतिबंध हटाने की मांग जदयू के भीतर ही उठने से नीतीश की शराबबंदी नीति पर सवाल उठ सकते हैं। विपक्ष, खासकर राजद, इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश कर सकता है।

# राज्य सरकार बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर पूरी तरह गंभीर : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि इस साल वर्षा-बाढ़ का मौसम शुरू होने से पूर्व राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में कटाव निरोधक कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम चंपारण के पुछरिया और भागलपुर के मसाढ़ू गांव के लिए बाढ़ सुरक्षात्मक योजनाओं को प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन दोनों योजनाओं पर कुल 51.90 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि ये दोनों योजनाएं जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार की गई है और इनका वित्त पोषण राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष से किया जाएगा। इनमें एक योजना पश्चिम चंपारण के पुछरिया गांव में चंपारण तटबंध के पास कटाव रोकने और पायलट चैनल निर्माण की है। इसकी अनुमानित लागत चौबीस करोड़ पचासी लाख बासठ हजार रुपये है। सम्राट चौधरी ने बताया कि दूसरी योजना भागलपुर जिले के सबौर प्रखंड अंतर्गत गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित मसाढ़ू गांव की सुरक्षा के लिए है। उसकी लागत 27.04.38 करोड़ आंकी गई है।

# अंचल अमीनों तथा पंचायत सचिवों को दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के बीच आमजनों के राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित नहीं हों, इस हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अंचल अमीनों तथा पंचायत सचिवों को राजस्व कर्मचारियों द्वारा किये जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण सोमवार को विभागीय वीडियो कांफ्रेंस रूम से ऑनलाइन मोड में दिया गया। इसकी अध्यक्षता सचिव जय सिंह ने की। इस प्रशिक्षण सत्र में राज्य के सभी 38 जिलों के अपर समाहर्त्ता (राजस्व) के नेतृत्व में सभी अंचल अमीन व पंचायत सचिव मौजूद रहे। सचिव जय सिंह ने इसकी शुरुआत करते हुए सबसे पहले सभी अपर समाहर्त्ता (राजस्व) से अमीन और पंचायत सचिवों की उपस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान सभी जिलों से पर्याप्त उपस्थिति की जानकारी मिली। इसके बाद सचिव श्री सिंह ने कहा कि कैसे काम करना है, आज यह जानकारी दी जा रही है। खुद से काम करने के बाद और समझ बढ़ेगी। उन्होंने सभी अपर समाहर्त्ता (राजस्व)को निर्देश दिया कि सबसे पहले संबंधित अंचल अमीन और पंचायत सचिव को प्रभार देकर हल्का आवंटित कर उनकी आईडी क्रिएट कराई जाएगी। उसे संबंधित अंचल अधिकारी एप्रूव्ड करेंगे। सचिव ने सभी अपर समाहर्त्ताओं को यह भी निर्देशित किया कि अपने जिले में अंचलाधिकारियों के माध्यम से सभी अमीन तथा पंचायत सचिवों के लिये अंचलवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें। इसके बाद आईटी मैनेजर आनंद शंकर ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर बिहारभूमि पोर्टल पर कार्य करने का तरीका बताया। सभी प्रशिक्षुओं को बताया गया कि विभाग का सारा काम ऑनलाइन है। इस दौरान सभी को डिटेल में पूरे प्रोसेस की जानकारी दी गई।

## शारदीय प्याज से किसानों की आय में होगी वृद्धि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रभावशाली कदम उठा रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्कीम मद से ''शारदीय (खरीफ) प्याज का क्षेत्र विस्तार योजना'' की शुरुआत की गई है जिसके लिए दो करोड़ दो लाख बारह हजार पांच सौ की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# 15 जून तक होगी गेहूं की खरीदारी, 48 घंटे में होगा भुगतान

- इच्छुक किसान ले सकते हैं न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ
- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य इस वर्ष 2425 रुपये प्रति क्विंटल
- पूरे राज्य में खरीद की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2025 से है शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पैक्स या प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडलों के माध्यम से बिहार सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद कर रही है। गेहूं बेचने वाले किसानों को 48 घंटों के भीतर भुगतान भी दिया जा रहा है। राज्य सरकार के इस कदम से किसानों को अपनी फसल के लिए एक सुनिश्चित मूल्य मिल रहा है। इसके लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने रबी विपणन मौसम 2025-26 के लिए गेहूं खरीद की घोषणा जारी की है जिसमें किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह खरीद प्रक्रिया 1 अप्रैल 2025 से शुरू हो चुकी है और 15 जून 2025 तक चलेगी। किसान अपने गेहूं को पंचायत स्तर पर प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों या प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडलों में बेच सकते हैं। इसके अलावे भारतीय खाद्य निगम द्वारा भी कुछ खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। गेहूं बिक्री के लिए किसानों को पहले कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके बाद सहकारिता विभाग के पोर्टल पर आवेदन जमा कर वे अधिप्राप्ति प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। ऑनलाइन होने वाली इस प्रक्रिया के कारण गेहूं की खरीदारी में पारदर्शिता आई है और बिचौलियों की भूमिका खत्म हो गई है। गेहूं की खरीदारी के माध्यम से राज्य सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य प्रदान कर रही है। ताकि उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो और वे बिचौलियों को कम कीमत पर अपना गेहूं बेचने पर मजबूर न हो। सरकारी गेहूं खरीद की दूसरी सबसे बड़ी विशेषता यह भी है कि बेचे गए गेहूं के बदले किसानों को रूपये का भुगतान भी 48 घंटे के अंदर मिल जा रहा है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र), प्रणय सिन्हा, कर्मचारी राज्य बीमा निगम बीमा, बीमा आयुक्त (मुख्यालय) अनिल कुमार साहू, कर्मचारी राज्य बीमा निगम झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स एफो टेको सोलूसन प्रा. लि. के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति टिंकू एस. के. जो विशाखापतनम में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी-बेबी खातून, पुत्री-आलिया खातून, नजमा खातून, नुसरत खातून एवं ईशान एस. के. को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. टिंकू एस. के. की मृत्यु 10-08-2023 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी

# एक्यूप्रेशर एक्ट बनाकर बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के सानिध्य में हर विधानसभा में होगा काम : नंदकिशोर यादव

## एक्यूप्रेशर चिकित्सा पौराणिक एवं अत्यंत उपयोगी : डा. अजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, भारतीय एक्युप्रेशर योग परिषद् एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 32वां राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर / एक्यूपंक्चर सम्मेलन का उद्घाटन अधिवेशन भवन, पटना में दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने कहा कि हर काम विधानसभा में बीएएसी के माध्यम से पूरा होगा। एक्यूप्रेशर चिकित्सा को पौराणिक एवं अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि डा. अजय प्रकाश की सराहना की। सम्मेलन को संबोधित करते



हुए पर्यावरण मंत्री प्रेम कुमार, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री रामकृपाल यादव, अश्विनी कुमार चौबे ने एक्यूप्रेशर विद्या की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि डा. सर्वदेव प्र. गुप्त, डा. अजय प्रकाश एवं बिहार एक्यूप्रेशर कॉलेज की सराहना की। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध चिकित्सक एक्यूप्रेशर महागुरु डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कहा कि वर्तमान समय में असाध्य समझे जाने वाले रोग, अन्तःस्त्रावी ग्रंथि जनित रोग जैसे फैटी लीवर, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर आदि रोगों की सफल चिकित्सा एक्यूप्रेशर द्वारा की जाती है। यदि सरकार अपने सभी अस्पतालों में एक्यूप्रेशर सेवा प्रारंभ करती है तो जनमानस सरलतापूर्वक स्वस्थ होंगे तथा सरकार का स्वास्थ्य बजट भी बहुत कम हो जायेगा। सम्मेलन संयोजक सह कॉलेज सचिव डा. अजय प्रकाश ने बताया कि समाज के अन्तिम व्यक्ति तक एक्यूप्रेशर चिकित्सा का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम संस्थान द्वारा संचालित हो रहे हैं। सरकार द्वारा एक्यूप्रेशर एक्ट बनाने हेतू 2019 में किया गया अनुमोदन को मूर्तरूप देना होगा। श्रीलंका ओपेन यूनिवर्सिटी के डा. श्रीप्रकाश बरनवाल ने बताया कि एक्यूप्रेशर भारत से ही सम्पूर्ण विश्व में गया है, बीएवाईसी कॉलेज के माध्यम से सात देशों में संस्थान स्थापित कर शिक्षण एवं चिकित्सा कार्य संचालित किया जा रहा है।

# बीएम बिड़ला हार्ट हॉस्पिटल में पहली सफल डबल स्विच हार्ट सर्जरी सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पूर्वी भारत में पहली बार कोलकाता के बीएम बिरला हार्ट हॉस्पिटल में पश्चिम बंगाल के 6 वर्षीय बच्चे की एक अत्यंत दुर्लभ और जटिल हृदय सर्जरी सफलतापूर्वक की गई जिससे उसे जीवन का नया अवसर मिला। यह बच्चा जन्म से ही एक गंभीर और दुर्लभ जन्मजात हृदय दोष से पीड़ित था जिसे 'कंजेनिटली करेक्टेड ट्रांसपोजिशन ऑफ द ग्रेट आर्टरीज कहा जाता है। इस स्थिति में हृदय की आंतरिक संरचना पूरी तरह उलटी होती है। बच्चे के हृदय में दाईं आलिंद (राइट एट्रियम) का संबंध बाईं निलय (लेफ्ट वेंट्रिकल) से था और बाईं निलय का संबंध पल्मोनरी आर्टरी से – जो सामान्य संरचना के विपरीत है। इसके साथ-साथ उसे अन्य जटिलताएं भी थीं, जैसे त्रिकपर्दी वाल्व (ट्राइकसपिड वाल्व) का रिसाव, पल्मोनरी स्टेनोसिस (फेफड़ों की धमनी में रुकावट) और हृदय में छेद (वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट)। इस बच्चे को एक साल की उम्र में यह बीमारी पहचान में आ गई थी, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उसका इलाज लंबे समय तक नहीं हो सका। उसके माता-पिता सालों तक एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल जाते रहे, इलाज की उम्मीद में। हाल ही में उसकी हालत और बिगड़ने लगी – सांस फूलना और शरीर में ऑक्सीजन की कमी जैसे लक्षण सामने आने लगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे की तैयारियों में जुटी भाजपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। पीएम मोदी बिहार के दो-दिवसीय दौरे पर 29 मई को पटना आने वाले हैं। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी का बिहार दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। पीएम का यह दौरा कहीं न कहीं विपक्ष के टेंशन को बढ़ा सकता है। ऐसे में राजद प्रमुख लालू यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार पीएम मोदी के दौरे पर निशाना साध रहे हैं। उनका दावा है कि बिहार की जनता इस बार बदलाव चाहती है। लालू यादव ने दावा किया था कि बिहार में इस बार तेजस्वी की सरकार बनेगी। वहीं दूसरी ओर एनडीए अपने कार्यकाल को बरकरार रखने के लिए कोशिश में लगी हुई है। इसी कड़ी में पीएम मोदी 29 मई को दो पटना पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को लेकर राजधानी पटना में सुरक्षा और स्वागत की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीधे भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे जहां पार्टी के सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक करेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री एनडीए की क्षेत्रीय स्थिति को लेकर नेताओं से फीडबैक लेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे। बैठक में बूथ स्तर की तैयारियों, जनसंपर्क अभियानों और प्रवास कार्यक्रमों की समीक्षा भी की जाएगी। भाजपा ने प्रधानमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए आठ टीमों का गठन किया जो रोड शो, वाहन व्यवस्था, पार्किंग, भोजन और आतिथ्य सहित विभिन्न प्रबंधों को अंतिम रूप देंगी। एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक के रूट पर स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्पवर्षा करेंगे। महिला कार्यकर्ता आरती उतारेंगी और देशभक्ति से जुड़े बैनर-पोस्टर लगाए जाएंगे। प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री की यात्रा को राजनीति से ऊपर उठाकर देशभक्ति के रूप में प्रस्तुत करने की योजना पर काम कर रही है।

# भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय महासचिव जहीर अहमद दो दिवसीय दौरे पर आए बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय महासचिव जहीर अहमद का बिहार में दो दिवसीय कार्यक्रम में आगमन हुआ। उनके साथ राष्ट्रीय समिति के कोषाध्यक्ष अनुपम कृष्ण पटेल भी दौरे पर आये हुए हैं। बिहार आगमन में आज क्षेत्रीय कार्यालय, पटना और मंडल कार्यालय, पटना में उनके द्वारा कर्मचारियों को संबोधित किया गया। कल मंडल कार्यालय, मोतिहारी और मुजफ्फरपुर में कार्यक्रम आयोजित है। जहीर अहमद द्वारा सभा को संबोधित करते हुए पिछले 25 वर्षों से भारतीय खाद्य निगम में राष्ट्रीय स्तर



पर मान्यता जारी रहने के पीछे संघ के शीर्ष नेतृत्व द्वारा किये गए संघर्ष और त्याग के बारे में जानकारी दी गयी। संघ द्वारा बड़ी उपलब्धि के रूप में अब तक का सबसे बेहतरीन वेतन पुनरीक्षण, विभागीय परीक्षा का प्रारंभ, मैनेजमेंट द्वारा 22 (2) रेगुलेशन के दुरुपयोग द्वारा लोगों को नौकरी से बाहर निकालने पर रोक लगाना, निगम में पेंशन और सेवा उपरांत मेडिकल सुविधा, दिव्यांग लोगों के लिए डबल ट्रांसपोर्ट सुविधा, कैट-2 के यूनियन का सदस्य जारी रखने को न्यायालय से विजय प्राप्त करना, यूनियन से एजी-आई को बाहर निकलने की मंशा पर रोक, कोरोना काल में मृतक कर्मचारियों के परिवारजनों के लिए एकमुश्त अलग भुगतान सुविधा, नयी ट्रान्सफर पालिसी में न्यायालय द्वारा निर्देशानुसार बड़े पैमाने पर परिवर्तन और अभी पिछले सप्ताह में कैट-3 एवं 4 के लिए दौरे पर जाने पर होटल की सुविधा और वार्षिक वेतन वृद्धि के असमान तिथि से देने को सही करने के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर से अनुमोदन करवाने जैसे उपलब्धियों पर जानकारी दी गयी। आने वाले दिनों में लीज सुविधा, अनुकंपा पर बहाली, पूर्व सैनिकों को वेतन सुरक्षा जैसे मांगों के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया। इस मौके पर भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी संघ के बिहार प्रक्षेत्र के शशि रंजन कुमार, अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र, क्षेत्रीय सचिव, विक्की कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एससी-एसटी एसोसिएशन, चन्दन कुमार, अध्यक्ष, ओबीसी एसोसिएशन, रमेश प्रसाद, सचिव, एससी-एसटी एसोसिएशन, विवेकानंद, सचिव, ओबीसी एसोसिएशन सहित भारी संख्या में पूरे बिहार से आये कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# इंदिरा आइवीएफ पटना में 20 साल बाद मां बनने का सपना हुआ साकार

## 16 बार आइवीएफ असफलताओं के बाद मिली संतान सुख की खुशखबरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के औरंगाबाद जिले की एक 39 वर्षीय महिला ने इंदिरा आइवीएफ पटना में सफल गर्भधारण कर एक मिसाल कायम की है। यह सफलता तब मिली जब वह पिछले 20 वर्षों से संतान की प्रतीक्षा में थीं और बिहार के विभिन्न आइवीएफ केंद्रों में 16 बार आइवीएफ उपचार में असफल हो चुकी थीं। यह कहानी न केवल विज्ञान की शक्ति को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है




कि उम्मीद और सही चिकित्सकीय मार्गदर्शन से असंभव भी संभव हो सकता है। लगातार असफलताओं और भावनात्मक संघर्षों के बाद जब दंपत्ति इंदिरा आईवीएफ पटना पहुंचे तो वहां के विशेषज्ञों डॉ. दयानिधि कुमार (भ्रूण वैज्ञानिक और बिहार प्रमुख, इंदिरा आईवीएफ ग्रुप) और डॉ. सुनीता कुमारी (सीनियर फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट) ने इस केस को एक चुनौती के रूप में लिया। दोनों पति-पत्नी की गहन जांच के बाद कुछ बेहद अहम और अब तक अनदेखे कारण सामने आए। महिला की जांच में एंडोमेट्रियल रिसेप्टिविटी (गर्भाशय की स्वीकार्यता) में बदलाव पाया गया, जो ईरा (एंडोमेट्रियल रिसेप्टिविटी असेसमेंट) टेस्ट से पता चला। इसका मतलब था कि पूर्व में किए गए आईवीएफ प्रयासों में भ्रूण स्थानांतरण गलत समय पर हुआ था। इसके साथ ही पुरुष साथी के शुक्राणु में डीएनए फ्रेगमेंटेशन की दर अधिक पाई गई,

# तेजप्रताप यादव के प्रेम प्रसंग को लेकर मांझी ने किया नया खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े लाल और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव के प्रेम प्रसंग का मामला सामने आने के बाद लालू परिवार के साथ-साथ बिहार के सियासी गलियारे में खलबली मची हुई है। लोगों के मन में बार-बार यह सवाल उठ रहा है कि तेजप्रताप यादव अब क्या करेंगे? इस बीच तेजप्रताप यादव मामले में एक और नया एंगल जुड़ गया है। दरअसल, तेजप्रताप की अब एक और गर्लफ्रेंड की चर्चा शुरू हो गई है जिनका नाम निशु सिन्हा बताया जा रहा है। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने एक ट्वीट कर कहा था कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि किसी 'सिन्हा' के चक्कर में लालू परिवार अनुष्का यादव की जिंदगी भी बर्बाद करवा दे। इसके साथ ही तेज प्रताप मामले में लालू यादव के फैसले पर जीतन राम मांझी ने सवाल उठाते हुए पूछा है कि लालू प्रसाद आज संस्कार और मर्यादा की बात करते हुए तेज प्रताप पर कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन जब राबड़ी देवी ने ऐश्वर्या राय को पीटा था, तब क्या कार्रवाई हुई थी? मांझी ने कहा है कि जब दारोगा बाबू की पोती और चंद्रिका राय की बेटी को बेरहमी से घर से निकाला जा रहा था, उस वक्त आपके संस्कार क्यों नहीं जागे? ऐश्वर्या को मारकर घर से बाहर निकालने वालों को आप परिवार से अलग कर देते, पार्टी से निष्कासित करने का आदेश जारी कर देते, तब न आपकी मर्यादा और संस्कार की बात मानी जाती। उन्होंने कहा कि दारोगा बाबू की पोती ऐश्वर्या के साथ जो लालू परिवार ने किया है, उसका बदला आने वाले चुनाव में बिहार की हर महिला लेकर रहेगी। जीतन राम मांझी ने शनिवार को यह भी कहा था कि तेजप्रताप जब किसी के साथ रिलेशनशिप में थे तो फिर किसी लड़की की जिन्दगी बर्बाद करने का अधिकार लालू परिवार को किसने दिया। इसका जवाब लालू परिवार को देश के सामने देना होगा वहीं, तेजप्रताप यादव को पार्टी से निकाले जाने के लालू यादव के फैसले पर जदयू और भाजपा ने लालू के फैसले पर सवाल उठाए हैं। जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने इसे लालू परिवार की पुरानी आदत करार देते हुए कहा कि पोस्ट डिलीट करना और सफाई देना राजद की रणनीति है।

# पीपीयू में आठ जून तक किये जाएंगे स्नातक नामांकन के लिए आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) स्नातक नियमित सत्र 2025-2029 में नामांकन आवेदन के लिए अब आठ जून तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। उच्च शिक्षा निदेशक के पत्र के आलोक में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। कुलपति डा. इंद्रजीत सिंह के निर्देश के बाद डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन ने अधिसूचना जारी कर दी है। कुलसचिव प्रो. एनके झा ने बताया कि 23 मई को उच्च शिक्षा निदेशक ने स्नातक में नामांकन के लिए तिथि बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके बाद आठ जून तक तिथि विस्तारित कर दी है। उन्होंने बताया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के नालंदा एवं पटना जिले में अवस्थित अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में नामांकन के लिए अभ्यर्थी विवि के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन आठ जून तक दे सकते हैं। इससे पूर्व 24 मई तक आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित थी। नामांकन की विस्तृत सूचना बाद में दी जाएगी।

**रविवार व छुट्टी के दिनों में भी होगी नामांकन प्रक्रिया**

डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन ने बताया कि रविवार एवं छुट्टी के दिनों में भी नामांकन प्रक्रिया होंगे। इसके लिए सभी कालेजों को निर्देशित किया गया है। नामांकन के समय एनआरआइ, वार्ड, डोनर, खेल, फाइन आर्ट, एनसीसी, एनएसएस, आर्मी, एक्स आर्मी के लिए भी कोटा निर्धारित किया गया है।

# लालू परिवार ने जिंदगी बर्बाद कर दी : ऐश्वर्या राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तेजप्रताप-अनुष्का प्रकरण के बाद लालू परिवार विवादों में घिर गया है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव का प्रेम प्रसंग अब राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। एनडीए के नेताओं ने इसको लेकर लालू यादव के खिलाफ तो मोर्चा खोल ही दिया है। अब तेजप्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने भी खुलकर अपनी बात रखी है। अब तक मीडिया से दूरी बनाए रखी ऐश्वर्या ने सोमवार को मीडिया से खुलकर बातें की। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को कोर्ट में ले जाएंगी। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी ने उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी जब उन्हें पता था कि उनका बेटा 12 साल से रिलेशन में है तो उसकी शादी क्यों कराई? क्या ये लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को पता नहीं था? ये लोग नाटक कर रहे हैं कि तेजप्रताप को निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुझे इस मामले की जानकारी मीडिया से मिली। मैं बहुत दुखी हूं। पूरा परिवार तेजप्राप यादव के साथ है। लालू यादव सामाजिक न्याय की बात कहकर ड्रामा कर रहे हैं। ऐश्वर्या ने कहा कि मुझे जब मारा-पीटा गया था तब लालू यादव का सामाजिक न्याय कहां था। उन्होंने लालू फैमिली को ड्रामेबाज बताते हुए कहा कि जब मुझे पीटा गया तो ये लोग कहां थे? तब सामाजिक न्याय कहां था? हर बार मुझे कसूरवार ठहराया गया, लालू परिवार बताए मेरा क्या होगा? आज ड्रामा कर रहे हैं, पर मेरी तकलीफ पर सब चुप थे। उन्होंने कहा कि यह परिवार खुद को इतना पावरफुल समझता है कि उन्हें लगता है कि कोई कुछ नहीं कर सकता है। ये लोग बार-बार मुझे बदनाम करने की कोशिश करते हैं। तेज प्रताप के परिवार से बेदखल किए जाने को ऐश्वर्या ने नाटक बताते हुए कहा कि राबड़ी देवी बेटे के पास गई होंगी और कहा होगा कुछ दिन चुप रहो। बाद में सब मिल जाएंगे। वह कह रहे हैं कि सामाजिक न्याय के लिए बेटे को परिवार से हटाया। वहीं, एलिमनी में बड़ी राशि की डिमांड को ऐश्वर्या ने गलत बताते हुए कहा कि वह लोग हर मामला मेरे ऊपर डाल देते हैं।

## संपादकीय

# हाशिये की आवाज को मिला अंतरराष्ट्रीय मंच

बानू मुश्ताक के कन्नड़ भाषा में लिखे गए कहानी संग्रह 'हृदय दीप' के अनूदित संस्करण 'हार्ट लैंप' को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिलने से एक बार फिर यह सिद्ध हुआ है कि भारतीय साहित्य का फलक बड़ा है। इस पुरस्कार ने लेखिका की जिंदगी और उनके साहित्य को दुनिया के सामने रखा है। दरअसल, बानू मुश्ताक ने पितृसत्तात्मक समाज में संघर्ष कर रही लाखों महिलाओं की पीड़ा को अपनी कहानियों में उकेरा है। अपनी कहानियों में दर्ज उन्हीं महिलाओं को पुरस्कार समर्पित करते हुए उन्होंने कहा भी है कि यह केवल उनकी जीत नहीं, बल्कि उन अनसुनी आवाजों का समवेत स्वर है, जिसे प्राय~ दबा दिया जाता है। वकील और सामाजिक कार्यकर्ता बानू रूढ़िवाद के खिलाफ हमेशा मुखर रही हैं। यह उनके लेखन में स्पष्ट दिखता है। वे सामाजिक मुद्दे प्रमुखता से उठाती रही हैं। उनकी कहानियों में परंपरा और लोकभाषा जीवंत हो उठती है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों से साहित्य रचा है।

इसलिए उनमें कल्पना के साथ तीखी सच्चाई है। उनका मानना है कि आज की बंटी हुई दुनिया में साहित्य एक ऐसी पवित्र जगह है, जहां हम कुछ देर के लिए ही सही, लेकिन एक दूसरे की भावना और जीवन को महसूस कर सकते हैं। लेखिका की यह भावना दुनिया से गुम हो रही संवेदना को बचाने की कोशिश है। जाहिर है, अब 'हार्ट लैंप' को बुकर पुरस्कार मिलना वैश्विक फलक पर भारतीय भाषाओं को अपनी पहचान स्थापित करने के रास्ते को और आसान बनाएगा। क्षेत्रीय भाषाओं में रचे जा रहे साहित्य को नए पाठक भी मिलेंगे। लंदन में संग्रह की अनुवादक दीपा भास्ती के साथ पुरस्कार ग्रहण करते समय बानू का यह कहना हर किसी को सुखद लगा कि कोई कहानी स्थानीय नहीं होती। उनके गांव के बरगद के पेड़ के नीचे बुनी कहानियां आज इस मंच तक को छाया दे रही हैं। निश्चित रूप से यह कन्नड़ भाषा के लिए गौरव का क्षण है। यह पहली बार है जब इस भाषा में लिखी गई लघु कहानियों के अनूदित संग्रह को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। वहीं भारतीय साहित्य में दूसरी बार किसी लेखिका को बुकर पुरस्कार मिला है। यह सम्मान बानू मुश्ताक की कड़ी मेहनत को ही नहीं, बल्कि हाशिये के समुदायों और संकीर्ण विचारों से लड़ रहीं स्त्रियों को भी मिला है।

**पक्षी राज मोर या मयूर, जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, इसे किन कारणों से भारत का राष्ट्रीय पक्षी स्वीकार (आत्मसात) किया गया है, इसके पीछे की एक नितांत धार्मिक कहानी है जो रोचक, ज्ञानबर्द्धक और जिज्ञासा पूर्ण है। स्कन्द पुराण में वर्णित है कि पक्षीराज मोर भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय भगवान का वाहन है। कहा जाता है कि कार्तिकेय भगवान मन के बड़े चंचल थे। उन्होंने अपने मन को साधने के लिए बहुत प्रयास किया और मन की चंचलता को जीतने के लिए केन्द्रीय कृत रूप से साधना और प्रयास किया।**

# राष्ट्रीय पक्षी मोर के जीवन से मानव समुदाय को मिलती हैं विभिन्न प्रेरणाएं, इसका हर पहलू अनुकरणीय

(डॉ दिनेश चन्द्र सिंह)

हमें पता होना चाहिए कि मोर जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अपनी अद्वितीय सुंदरता के कारण विश्व प्रसिद्ध है। मोर का वैज्ञानिक नाम Pavo cristatus है। इसके आकर्षक रंग सबको लुभाते आए हैं। यह पक्षी जहाँ पर रहता है, वहां आसपास विषधर यानी सांप भी नहीं फटकते हैं। पक्षी राज मोर या मयूर, जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, इसे किन कारणों से भारत का राष्ट्रीय पक्षी स्वीकार (आत्मसात) किया गया है, इसके पीछे की एक नितांत धार्मिक कहानी है जो रोचक, ज्ञानबर्द्धक और जिज्ञासा पूर्ण है। स्कन्द पुराण में वर्णित है कि पक्षीराज मोर भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय भगवान का वाहन है। कहा जाता है कि कार्तिकेय भगवान मन के बड़े चंचल थे। उन्होंने अपने मन को साधने के लिए बहुत प्रयास किया और मन की चंचलता को जीतने के लिए केन्द्रीय कृत रूप से साधना और प्रयास किया। पिता भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद उनके ऊपर था ही।

कहा जाता है कि उनकी इसी कमी को दृष्टिगत रखते हुए भगवान शिव ने कार्तिकेय जी को वाहन के रूप में मोर पक्षी चयनित करके दिया। क्योंकि पक्षीराज मोर अपने मन की चंचलता, प्रेम और सौन्दर्य के साथ-साथ अपने नृत्य से निज मन की चंचलता को साधता है और इसे साधकर ही किसी शुभ संकेत के आने का एक संकेतक और प्रहरी बनता है। इसलिए भगवान ने कहा है कि अपने प्रेम और सौन्दर्य दोनों से अपने मन की चंचलता को साधना होगा। इसलिए मोर को राष्ट्रीय पक्षी बनाया गया। हालांकि, इस बारे में अन्य कई कथाएं भी हो सकती हैं। लेकिन जहाँ तक मैं समझता हूँ कि मोर को राष्ट्रीय पक्षी बनाने के पीछे उसके सौन्दर्य और प्रेम के अलावा उसके सुंदर नृत्य की भी भूमिका आंकी गई होगी, जिसके पीछे सनातन धर्म की आस्था छिपी हुई है।

कहा तो ये भी जाता है कि यहूदी धर्मावलम्बी भी कार्तिकेय भगवान के अनुयायी हैं और आज भी यहूदी देश में कार्तिकेय भगवान की पूजा-अर्चना की जाती है और उन्हें आराध्य के रूप में माना जाता है। स्कन्द पुराण में भी यह बात कई जगहों पर वर्णित है, परन्तु मैं जानता हूँ कि मेरा जो अध्ययन है, वह पुराण के प्रति उतना नहीं बल्कि प्राकृतिक सौन्दर्य की अनुभूतिजनित है। इसलिए मैं अपने आवास पर नित्य या यूँ कहें कि आकस्मिक रूप से यदाकदा मोर के नृत्य को बहुत ही बारीकी पूर्वक देखता हूँ, समझता हूँ और उनके विभिन्न भावों को महसूस करते हुए प्रयास करता हूँ कि अपने जीवन में, अपने साथियों के जीवन में और जहाँ पर मैं कार्य करता हूँ, उससे जुड़े सभी लोगों के जीवन में, उनके मन में प्रेम की उमंग के साथ-साथ ऊर्जा का संचार करवा सकूं।

इससे सब लोग माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय मुख्यमंत्री जी के जनहितैषी निर्देशों के क्रम में अपने शासकीय दायित्वों के निर्वहन के प्रति चेतना युक्त मन से मन की चंचलता को साधते हुए विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं या समाज कल्याण विभाग से कृषि, उद्योग, व्यापार, श्रमिक, बुजुर्ग, दिव्यांग आदि सबके कल्याण के प्रति हमसब परिश्रम कर सकें। इसलिए अक्सर मै मोर के नृत्य को देखता हूँ, सोचता हूँ और उसका वीडियो बनवाकर आप सबसे साझा इसलिए करता हूँ कि इससे मेरी तरह ही आप सभी को कुछ सकारात्मक ऊर्जा मिलती रहे, क्योंकि कभी कभी सबका चंचल मन कार्य बोझ तले विचलित होता रहता है। इसलिए हमें अपने मन की चंचलता को पुनः स्थिर करते हुए अपने अपने काम को करने के लिए संकल्पित होना है। मैं भी होता हूँ।



आइये हमलोग टीम जौनपुर जब मन की चंचलता को साधते हुए कार्य करेंगे, जनकल्याण का कार्य करेंगे, लोकल्याण का कार्य करेंगे, कृषकों, श्रमिकों, उद्यमियों, सबके हित को साधते हुए प्रत्येक गरीब व्यक्ति के जीवन में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनको एक नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। जिस प्रकार माननीय मुख्यमंत्री जी ने मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना अभियान के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने के लिए, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए 5 लाख रुपए की व्याजमुक्त धनराशि देकर उन्हें रोजगार सृजक के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है और उसे कार्यरूप में परिणत कर दिया है, वह भी एक प्रयास है कि युवाओं के मन से उनकी चंचलता को दूर करते हुए उनको रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने जौनपुर जनपद के युवाओं को प्रदेश की भांति ही आगे बढ़ाया जाए, ताकि उनको एक नई दिशा मिल सके और उनका जीवन भी पल्लवित-पुष्पित हो सके। हमें पता होना चाहिए कि मोर जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अपनी अद्वितीय सुंदरता के कारण विश्व प्रसिद्ध है। मोर का वैज्ञानिक नाम क्ष्1श ष्द्धह्यह्लह्वह्लह्व है। इसके आकर्षक रंग सबको लुभाते आए हैं। यह पक्षी जहाँ पर रहता है, वहां आसपास विषधर यानी सांप भी नहीं फटकते हैं। इसलिए भारतीय संस्कृति, कला और धर्म में इस पक्षी का एक महत्वपूर्ण स्थान है। मोर की सुंदरता, आहार, जीवन शैली और सांस्कृतिक महत्व हर किसी के लिए प्रेरणादायक है। इसकी पहचान उसके रंग-बिरंगे पंखों तथा आकर्षक नृत्य से होती है, जो मनभावन लगती है। इसके पंख हरे, नीले और सुनहरे रंगों के मिश्रण से बने होते हैं, जो बेहद आकर्षक और सम्मोहक प्रतीत होते हैं। इसके पंखों पर चंद्रमा जैसे आकार होते हैं, जिनमें विभिन्न रंगों का सम्मिश्रण होता है। इसका मुंह और गला बैंगनी रंग का होता है। इसके पंख बहुत ही कोमल यानी नरम और मखमली होते हैं। मोर की आंखें छोटी किन्तु नशीली होती हैं, लेकिन इनमें गहरी चमक होती है, जिससे बहुत ही खूबसूरत लगती हैं। इसका शरीर लंबाई में औसतनआ 100 से 120 सेंटीमीटर और पंख लगभग 3 से 4 फीट लंबे होते हैं, जिसकी चाल 16 किलोमीटर प्रति घंटे की होती है। इसका वजन औसतन 6 से 10 किलोग्राम तक हो सकता है। इसकी औसत आयु 20 वर्ष होती है। इसके शरीर पर 150 से अधिक पंख होते हैं, जो बहुत ही कीमती होते हैं। इनका आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व बहुत ज्यादा है। मोर के पैरों में ताकत होती है, जो उन्हें तेज गति से दौड़ने में काफी सक्षम बनाती है। इसका मुख्य रंग हरा होता है, लेकिन इसके पंखों पर नीला, सुनहरा और ताम्र रंग का अद्वितीय सम्मिश्रण होता है। पंखों के इस रंग-बिरंगे सम्मिश्रण को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे इंद्रधनुष का कोई छोटा-सा टुकड़ा हो। इसके पंखों पर चंद्रमा के आकार के चिन्ह होते हैं, जो इसकी सुंदरता में चार चाँद लगा देते हैं।

चूँकि मोर के पंख नरम और मखमली होते हैं, इसलिए इनका स्पर्श बहुत ही सुखद और सौभाग्य बर्द्धक होता है। मोर जंगलों में भी उच्च स्थानों पर बैठना ज्यादा पसंद करते हैं, जैसे पीपल, नीम और बरगद आदि के पेड़। ये नदियों और जल निकायों के पास रहना बहुत पसंद करते हैं और अक्सर पेड़ों में ही अपने घोंसले बनाते हैं। भारतीय गांवों में मोर को बहुत प्यार और स्नेह मिलता है। लोग इन्हें पालतू पक्षी की तरह पालते हैं जिससे वे गाँव की सड़कों पर आराम से घूमते देखे जा सकते हैं। राजस्थान आदि राज्यों के शहरी क्षेत्रों में भी उन्हें सड़कों को पार करते हुए यदा कड़ा देखा जा सकता है। मोर बहुत ही सावधान पक्षी होते हैं। ये उड़ान बहुत कम करते हैं। ये एक पेड़ से दूसरे पेड़ या नदी के एक तट से दूसरे तट तक ही उड़ान भरते हैं। रात को आराम के लिए ये बड़े और मोटे पेड़ों पर आश्रय लेते हैं। मोर का आहार विविध भांति का शाकाहारी व मांसाहारी दोनों प्रकार का होता है। अधिकतर वे बीज, पत्तियां, कीड़े-मकोड़े, सांप, छिपकलियों आदि को खाते हैं।

मोर खेत और बगीचों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं, लेकिन ये अपने सुंदर नृत्य से लोगों का मन मोह लेते हैं। ये हर किसी का दिल जीत लेते हैं। अक्सर देखा जाता है कि जब मोर खुश होते हैं, तब वे अपने पंखों को फैलाकर नृत्य करते हैं, जो देखने में बेहद सुंदर और मनभावन प्रतीत होता है। मोर के आहार में फल-फूल और सब्जियाँ आदि भी शामिल होते हैं। वे अक्सर अपने आहार को विविध रखने के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं। मोर का आहार उसकी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करता है, खासकर जब वह नृत्य करते हैं या अपनी मादा को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। मोर का प्रजनन काल मानसून के मौसम में होता है। इस दौरान नर मोर अपने पंख फैलाकर और नृत्य करके मादा मोर को आकर्षित करते हैं। नर मोर के नृत्य में एक विशेष प्रकार की ध्वनि होती है, जिसे 'की-की-की' कहते हैं। यह ध्वनि मादा मोर को आकर्षित करने के लिए होती है। वहीं मादा मोर अंडे देती है। यह एक बार में 3 से 5 अंडे देती है। अंडे देने के बाद मादा मोर उन्हें 28 दिनों तक सेती है। इस अवधि के बाद अंडों से छोटे-छोटे चूजे निकलते हैं, जिन्हें मादा मोर उनकी सुरक्षा और देखभाल करती है। मोर भारतीय संस्कृति और धर्म में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे देवताओं खासकर भगवान शिव-पार्वती के पुत्र भगवान कार्तिकेय के वाहन के रूप में भी देखा जाता है। इसलिए मोर की षोडशोपचार पूजा भी की जाती है। मोर का चित्रण भारतीय कला और साहित्य में भी बहुतायत में उपलब्ध होता आया है, जिससे जनमानस में इसके प्रति एक सकारात्मक भाव है। भारतीय पौराणिक कथाओं में, मोर को शोडष कला निपुण भगवान श्री कृष्ण जी के साथ भी जोड़ा जाता है।

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

(ललित गर्ग)

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे।

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।

अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई।

# समृद्ध विरासत और गौरव का दर्शन कराता है मध्यप्रदेश का पर्यटन

(लोकेन्द्र सिंह राजपूत)

**कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्यप्रदेश सफ़ेद बाघ 'मोहन' का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ानेवाले बालक 'मोगली' का भी जन्मस्थान है। सर विलियम हेनरी स्लीमन ने 'एन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्स' शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के जंगल (पेंच टाइगर रिजर्व) में मोगली का घर था। वाइल्डलाइफ पर्यटन मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास 'टाइगर स्टेट' के साथ ही 'द लेपर्ड स्टेट' और 'घड़ियाल स्टेट' का दर्जा भी है।**

वर्तमान में यूनेस्को की 'विश्व विरासत' की सूची में मध्यप्रदेश के चार स्थल है- बुद्ध का सन्देश देते साँची के स्तूप, प्रागैतिहासिक सभ्यता के चिन्ह भीमबेटिका, सौंदर्य के साक्षी खजुराहो के साथ त्यागमय संस्कृति का प्रतीक ओरछा। ये चारों ही स्थान विदेशी पर्यटकों को लुभाते हैं।

भारत का हृदय 'मध्यप्रदेश' अपनी नैसर्गिक सुन्दरता, आध्यात्मिक ऊर्जा और समृद्ध विरासत के चलते सदियों से यात्रियों को आकर्षित करता रहा है। आत्मा को सुख देनेवाली प्रकृति, गौरव की अनुभूति करानेवाली धरोहर, रोमांच बढ़ानेवाला वन्य जीवन और विश्वास जगानेवाला अध्यात्म, इन सबका मेल मध्यप्रदेश को भारत के अन्य राज्यों से अलग पहचान देता है। इस प्रदेश में प्रत्येक श्रेणी के पर्यटकों के लिए कई चुम्बकीय स्थल हैं, जो उन्हें बरबस ही अपनी ओर खींच लेते हैं। यह प्रदेश उस बड़े हृदय के मेजबान की तरह है, जो किसी भी अतिथि को निराश नहीं करता है।

वैभव की इस भूमि पर पराक्रम की गाथाएं सुनाते और आसमान का मुख चूमते दुर्ग हैं। भारत का जिब्राल्टर 'ग्वालियर का किला', महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का राजमहल, मांडू का जहाज महल, दतिया में सतखंडा महल, रायसेन का दुर्ग, दुर्गावती का मदन महल, जलमग्न रहनेवाला रानी कमलापति का महल और गिन्नौरगढ़ सहित अनेक किले हैं, जो मध्यप्रदेश के स्थापत्य की विविधता का बखान करते हैं। देवों के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। उज्जैन, जहाँ योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण पढ़े। चित्रकूट, जहाँ प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लखन सहित वनवास में रहे। ओंकारेश्वर, जहाँ आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आचार्य गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा ली। मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग- महाकाल और ओंकारेश्वर हैं। इसके साथ ही भगवान शिव ने कैलाश और काशी के बाद अमरकंटक को परिवार सहित रहने के लिए चुना है। एक ओर जहाँ द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण प्रतिवर्ष मुरैना में आकर ढ़ाई दिन रहते हैं तो वहीं ओरछा में राजा राम का शासन है। महारानी कुंवर गणेश के पीछे-पीछे श्रीराम अयोध्या से ओरछा तक चले आये थे। ओरछा राजाराम के मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है।

मध्यप्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चम्बल के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है।



मेकल पर्वत पर सदानीरा माँ नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्यप्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहाँ सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्यप्रदेश सफ़ेद बाघ 'मोहन' का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ानेवाले बालक 'मोगली' का भी जन्मस्थान है। सर विलियम हेनरी स्लीमन ने 'एन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्स' शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के जंगल (पेंच टाइगर रिजर्व) में मोगली का घर था। वाइल्डलाइफ पर्यटन मध्यप्रदेश को अंतराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास 'टाइगर स्टेट' के साथ ही 'द लेपर्ड स्टेट' और 'घड़ियाल स्टेट' का दर्जा भी है। बाघ देखने के लिए न केवल देशभर से बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से भी लोग मध्यप्रदेश में आते हैं। भिंड और मुरैना के समीप स्थित चम्बल सफारी तो घडियाल संरक्षण का बड़ा केंद्र बन गई है। कभी डाकुओं के लिए कुख्यात रहे चम्बल के बीहड़ अब डोल्फिन के लिए प्रसिद्ध हैं। भारत में गंगा के बाद सबसे अधिक डोल्फिन चम्बल सफारी में पाए जाते हैं।

जनजातीय संस्कृति से साक्षात्कार करने का अवसर भी मध्यप्रदेश देता है। मंडला, उमरिया, छिंदवाडा, बालाघाट, झाबुआ और अनूपपुर में कई स्थान हैं, जो पर्यटन के तौर पर विकसित किये गए हैं। कुछ समय के लिए दुनिया की भागम-भाग से दूर प्रकृति की गोद में सुख की अनुभूति करने के लिए तामिया और पातालकोट जैसे स्थान भी हैं, जो आम पर्यटकों से छिपे हुए हैं। वहीं, मढ़ई, तवा, परसिली, हनुमंतिया जैसे अनेक स्थल भी हैं, जिन्हें पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बनाया जा रहा है। पर्यटकों द्वारा खोजे जा रहे नये पर्यटन स्थलों को भी व्यवस्थित करने में मध्यप्रदेश की सरकार अग्रणी है। इंदौर के समीप महू से पातालपानी-कालाकुंड तक चलनेवाली हेरिटेज ट्रेन भी सीटी बजाकर उन पर्यटकों को बुलाती है, जो प्रकृति के नजारों में खोना चाहते हैं।

सब प्रकार के पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध मध्यप्रदेश के ऐसे अनेक स्थान हैं, जो अभी भी पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वर्तमान में यूनेस्को की 'विश्व विरासत' की सूची में मध्यप्रदेश के चार स्थल है- बुद्ध का सन्देश देते साँची के स्तूप, प्रागैतिहासिक सभ्यता के चिन्ह भीमबेटिका, सौंदर्य के साक्षी खजुराहो के साथ त्यागमय संस्कृति का प्रतीक ओरछा। ये चारों ही स्थान विदेशी पर्यटकों को लुभाते हैं।

मध्यप्रदेश का कोई कोना ऐसा नहीं है, जो पर्यटन की दृष्टि से मरुस्थल हो। ग्वालियर के आसपास ककनमठ, मितावली, पड़ावली, दतिया, सोनागिर, ओरछा, चंदेरी और शिवपुरी का एक ट्रेवल रूट बनता है। भोपाल के आसपास साँची, विदिशा, ग्यारसपुर, उदयगिरी की गुफाएं, भोजपुर, भीमबेटका, देलावाडी और रायसेन एक पर्यटन स्थल समूह बनता है। इंदौर को केंद्र मानकर उज्जैन, हनुमंतिया, ओंकारेश्वर, ब्रह्मपुर (बुरहानपुर), महेश्वर और मांडू का एक पर्यटन स्थल का समूह बनता है। वहीं, जबलपुर से भेड़ाघाट, बरगी, बांधवगढ़, अमरकंटक, कान्हा और पेंच जा सकते हैं। खजुराहो के साथ ओरछा, अजयगढ़, चित्रकूट, मुकुंदपुर वाइल्डलाइफ सेंक्चुरी, संजय राष्ट्रीय उद्यान, मैहर और हीरों के साथ अपने जंगलों के लिए प्रसिद्ध पन्ना के पर्यटन स्थल घुमे जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएएस अजय नाथ झा बने बोकारो के उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के स्थानांतरण/पदस्थापन की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत आईएएस अजय नाथ झा (बैच-2012) को जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, बोकारो के पद पर तत्काल प्रभाव से पदस्थापित किया गया है।वर्तमान में अजय नाथ झा आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखंड, रांची के पद पर कार्यरत थे। उन्हें अब बोकारो में जिलाधिकारी के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नवपदस्थापित उपायुक्त भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 14 के तहत जिला दण्डाधिकारी को प्राप्त सभी प्रशासनिक शक्तियों का उपयोग करेंगे।

### एक पिस्तौल, चार गोली , 8 पीस ट्रेटा पैक व एक मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने बीते रात गुप्त सूचना के दौरान छोटी मछुआ टोली मस्जिद के पास छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार युवक के पास से एक देसी पिस्तौल, चार गोली, 8 पीस ट्रेटा पैक अंग्रेजी शराब व एक मोबाइल बरामद किया गया है. गिरफ्तार कुणाल कुमार छोटी मछुआ टोली निवासी है.एएसपी भानू प्रताप सिंह ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि रविवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि छोटी मछुआ टोली मस्जिद के पास एक युवक पिस्तौल व अंग्रेजी शराब लेकर जा रहा है. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर युवक को गिरफ्तार कर तलाशी लिया तो उसके पास से एक देसी पिस्तौल, चार गोली , 8 पीस ट्रेटा पैक अंग्रेजी शराब व एक मोबाइल बरामद किया गया है. गिरफ्तार कुणाल से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### 144 लीटर देसी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना पर गाभतल मुसहरी व सगुना मोड मुसहरी में छापेमारी कर 144 लीटर देसी शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है. एक ऑटो व एक मोबाइल बरामद किया गया है. एएसपी भानू प्रताप सिंह ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर गाभतल मुसहरी में छापेमारी कर एक ऑटो से 120 लीटर देसी शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार चालक नीरज कुमार गौरैया स्थान मनेर का निवासी है. एएसपी ने बताया कि रविवार को पुलिस ने गुप्त सूचना पर सगुना मोड मुसहरी में छापेमारी कर 24 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार समीर मांझी सगुना मुसहरी और पंकज कुमार सगुना मोड निवासी है. गिरफ्तार नीरज, समीर व पंकज से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### मंदिर के गेट बंद होने से श्रद्धालुओं ने गेट पर की पूजा-अर्चना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीएम व एसडीओ ने सार्वजनिक मंदिर के गेट खुले रखने का सख्त आदेश दिया था. इसके बावजूद नगर के सुलतानपुर शनिचरा स्थान प्राचीन शनिदेव मंदिर के गेट दबंगों ने बंद कर रखे हुए है. जिससे सोमवार को वट-सावित्री की पूजा-अर्चना करने आये महिला श्रद्धालुओं को गेट पर ही पूजा अर्चना करना पडा. महिला श्रद्धालुओं ने बताया कि सार्वजनिक मंदिर होने के बाद भी दबंगों ने मंदिर के गेट बंद कर रखे हुए थे. जिससे मंदिर के अंदर जाकर पूजा-अर्चना नही कर सकी और गेट पर ही उनके नाम पर पूजा -अर्चना की. जिससे श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है. भाजपा नेता सनोज यादव ने डीएम व एसडीओ से सार्वजनिक मंदिर के गेट बंद करने वाले पर सख्त कानूनी कारवाई करने की मांग की है.

### पंचायत सचिवों को सौंपा गया राजस्व कार्य का जिम्मा

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण राजस्व कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब पंचायत सचिवों को राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में सोमवार को जिला परिषद सभागार में पंचायत सचिवों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के



दौरान उन्हें दाखिल-खारिज, एलपीसी, म्यूटेशन, वरासत समेत अन्य राजस्व कार्यों की विधिवत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत ये सचिव अब इन कार्यों को मौके पर निष्पादित करेंगे। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों को राजस्व से जुड़े कार्यों में किसी तरह की परेशानी न हो। पंचायत सचिवों की भूमिका अब दोहरी हो गई है—वे पंचायत के साथ-साथ राजस्व विभाग के भी कार्यों को संभालेंगे।

### बीडीओ ने जनप्रतिनिधियो के साथ की बैठक

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभागार में सोमवार को बीडीओ विभेष आनंद के अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों व विकास मित्र के साथ बैठक की गई . बीडीओ ने बताया कि विभिन्न पेंशन योजनाओं पर चर्चा किया गया है. जिसमें पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई. बीडीओ ने बताया कि सरकार द्वारा वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन, कन्या विवाह योजना, अंतर जाति विवाह योजना, पारिवारिक योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई . उन्होंने बताया कि सरकार के योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए विकास मित्र व जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी , ताकि लाभुकों योजनाओं का समुचित तरीके से लाभ मिल सकेंगे. बैठक में विकास मित्र समेत जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

### हंगामा वर्ल्ड वाटर पार्क बना गर्मी की छुट्टियों की पहली पसंद

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गर्मी की छुट्टियों ने जैसे ही दस्तक दी, बिहटा के पैनाल स्थित हंगामा वर्ल्ड वाटर पार्क में रौनक और भी बढ़ गई है। बक्सर, आरा, अरवल समेत पटना के कई इलाकों से लोग परिवार सहित यहां उमड़ रहे हैं। बच्चे, युवा और महिलाएं पार्क की स्विमिंग पूल, म्यूजिकल वेव पूल और रोमांचक राइड्स का लुत्फ उठाते नजर आ रहे हैं। समुद्री लहरों के बीच मस्ती करती भीड़ और धमाकेदार म्यूजिक पर थिरकते लोग वाटर पार्क को एक



फुल एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन बना रहे हैं। वाटर पार्क के मैनेजर सुरेंद्र कुमार ने बताया, "गर्मी की छुट्टियों को खास बनाने के लिए हमने 'एक टिकट के साथ दो फ्री' का ऑफर शुरू किया है, जो पूरे एक महीने तक चलेगा। बच्चों और बड़ों के लिए अलग-अलग स्विमिंग जोन तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही युवतियों और महिलाओं का भी विशेष ध्यान दिया गया है। जिससे सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।" उन्होंने बताया कि भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा गार्ड और लाइफ सेफ गाइड्स की संख्या भी बढ़ा दी गई है, ताकि हर कोई आराम से और सुरक्षित रूप से मस्ती कर सके। बच्चों के लिए पार्क में लगे झूले पूरी तरह से निःशुल्क है। जिसका यहां आने वाले बच्चे बच्चियां लाभ ले सकते है। हंगामा वर्ल्ड वाटर पार्क न सिर्फ वाटर एक्टिविटीज के लिए, बल्कि यहां के फूड कोर्ट और रेस्टोरेंट के लिए भी मशहूर हो रहा है। हर उम्र के लोगों को ध्यान में रखकर मेन्यू तैयार किया गया है, जिससे यहां आने वाले लोग स्वाद के साथ सुकून का अनुभव भी कर सकें। गर्मी की छुट्टियों में अगर मस्ती और ठंडक का बेहतरीन कॉम्बिनेशन चाहिए, तो हंगामा वर्ल्ड वाटर पार्क आपके लिए एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिये लगा विशेष शिविर

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सोमवार को नगर परिषद की ओर से विभिन्न वार्डों में शिविर लगाया गया. शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाया गया है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि परिषद के वार्ड 1 से 12, 14 व 31 में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया है. उन्होंने बताया कि मंगलवार को परिषद के वार्ड 13 व 15 से 27 वार्ड में शिविर लगायाा जायेगा. वही बीडीओ विभेष आनंद ने बताया कि प्रखंड के 13 पंचायतों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवाया गया है. उन्होंने बताया कि 27 और 28 मई को भी शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जायेगा. जिले के सभी पंचायतों में विशेष शिविर लगाया जा रहा है. 23 से 28 मई तक का लगने वाले इस शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है. इस क्रम में रविवार को भी सभी प्रखंडों में पंचायत सरकार भवन,सामुदायिक भवन एवं अन्य सरकारी भवनों में भी विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया गया. इस मौके पर शिविर के निरीक्षण को लेकर जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी सतत भ्रमणशील रहे. डीडीसी संजय कुमार ने अरियरी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया. जहां उन्होंने उक्त कार्ड बनाने की प्रक्रिया को देखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

# सेविका/ सहायिका की चयन प्रक्रिया को कराएं पूर्ण : उप विकास आयुक्त

**आंगनबाड़ी केन्द्रों मे विद्युतीकरण, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था कराएं सुनिश्चित**



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त शशि रंजन के निदेश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद आज समाहरणालय के ब्लाक सी स्थित डीआरडीए सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत बाल विकास परियोजनाओं में संचालित योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन, केन्द्रों में विद्युतीकरण, पेयजल एवं शौयालय की उपलब्धता एवं चेहरा प्रमाणीकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक निदेश दिए। बैठक में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान उपस्थित थीं। उप विकास आयुक्त ने आंगनबाडी सेविका/ सहायिका चयन की समीक्षा में जिले में संचालित 2625 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 68 सेविका एवं 248 सहायिका के रिक्त पदों पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पाटन के द्वारा विभागीय निर्देश के बावजूद भी अब तक सेविका/ सहायिका चयन हेतु सूचना का प्रकाशन नहीं किये जाने को लेकर कार्यालय सहायक का वेतन स्थगित करने संबंधी कार्रवाई करने का निदेश दिया। उन्होंने किराये के भवन में संचालित आंगनबाड़ी भवनों में शतप्रतिशत विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं सरकारी भवनों में एक सप्ताह के अन्दर विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए विद्युत्त कनेक्शन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित कर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। उन्होंने चेहरा प्रमाणीकरण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने को लेकर नीलांबर- पीताम्बरपुर परियोजना को छोड़कर शेष सभी बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिकाओं का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने का निदेश दिया। वहीं 31 मई तक शतप्रतिशत चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मामले में 70 प्रतिशत उपलब्धि हासिल नहीं करने वाली महिला पर्यवेक्षिकाओं का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

## एसडीएम की अध्यक्षता में मादक द्रव्यों पर नियंत्रण के लिए बैठक

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त, श्री लोकेश मिश्रा के निर्देश पर आज अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी की अध्यक्षता में NCORD की बैठक की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग एवं ठउडफ्ऌसे संबंधित अधिकारियों द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गई एफआईआर एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी दी गई। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा समीक्षा की गयी एवं सभी संबंधित अधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में थाना प्रभारी व अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया गया। साथ हीं विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अफीम, ब्राउन शुगर समेत अन्य मादक पदार्थों को लेकर आवश्यक रूप से सघन छापामारी अभियान चलाया जाए, साथ ही मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री करने वाले दोषियों के विरुद्ध भी त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। मादक पदार्थों के परिवहन पर भी विशेष निगरानी रखी जाए। मादक पदार्थों पर पूर्णतया विराम लगाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**अवैध खनन स्थल एवं मार्गों को चिन्हित कर अवैद्य खनन व परिवहन पर पूर्णतया रोक एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु दिया गया निर्देश**

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गत एक माह के दौरान खनिज पदार्थों के अवैद्य खनन एवं परिवहन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि खनिजों के अवैद्य खनन स्थलों को चिन्हित कर जिला खनन टास्क फोर्स टीम आपस में समन्वय बनाकर अवैद्य खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी, एमवीआइ, सीओ एवं थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्रवाई का निदेश दिया। विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चलाया जाए, साथ हीं अवैद्य खनन एवं परिवहन के मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने ससमय स्टॉक यार्ड निरीक्षण के भी निर्देश दिए, साथ हीं स्टॉक यार्ड द्वारा यदि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त होने पर जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इस बैठक में अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई खूंटी, एनडीसी सहित अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## बाल विवाह रोकथाम हेतु खूंटी में कार्यशाला, रहना होगा जागरूक

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय सभागार में आज शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, एनजीओ, बाल संरक्षण समिति और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त बैठक की। खूंटी जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए चर्चा कर रणनीति भी बनाई गई। बता दें कि खूंटी जिले में नाबालिग किशोरियां और किशोर बिना ब्याह किए माता पिता बन रहे हैं। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न बिंदुओं पर सामूहिक रूप से आज विचार विमर्श किया गया। खूंटी डीएसई ने कहा कि जिले में बाल विवाह और नाबालिग ब्याह मामले में बाल संरक्षण समिति, एनजीओ, बाल मित्र थाना, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग और जेएसएलपीएस संयुक्त रूप से क्षेत्र में नाबालिग किशोरियां और किशोर मामलों पर नजर रखेंगे। जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जायेंगे साथ ही पलायन पर अंकुश लगाकर ग्रामीण इलाकों के बच्चों को हर हाल में सरकारी विद्यालयों में दाखिला देकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की जरूरत है। शिक्षा के साथ साथ विकासोन्मुख कार्यक्रमों से भी किशोर किशोरियों को जोड़ने की आवश्यकता है। हेडक्वार्टर डीएसपी ने बताया कि खूंटी जिले में ट्रैफिकिंग मामलों पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है, पलायन मामलों तथा ड्रॉप आउट बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने की प्रक्रिया समेत गांव गांव में जनजागरुकता चलाए जाने की जरूरत है इसके लिए सभी संबंधित विभाग, एनजीओ और जेएसएलपीएस भी संयुक्त रूप से सहयोग कर सकता है। जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की पहल संयुक्त प्रयास से ही संभव हो सकेगा।

## लिलिपुट प्ले स्कूल के समर कैम्प में बच्चों ने मॉकटेल ड्रिंक्स का लिया मजा



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में समर कैम्प पिछले सात दिनों से जारी है। इसमें बच्चे अनेक प्रकार की फन एक्टिविटीज का मजा ले रहे हैं । बच्चों ने मॉकटेल ड्रिंक्स का मजा लिया। प्राचार्या रेणु गोयल ने बच्चों को सिखाया मॉकटेल (लेमोनेड स्प्राईटोपिया) ड्रिंक्स कैसे बनाई जाती है। घर आए मेहमानों को कैसे सर्व की जाती है । बच्चों ने इस ड्रिंक को पीकर तरह- तरह के एक्सप्रेशन दिए। साथ ही अपने अनुभव शेयर किए । इसके साथ -साथ बच्चों के बीच क्विज कंपीटिशन भी करवाया गया । इसमें लड़कों एवं लड़कियों के बीच बहुत ही कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मगर अंत में लड़कों की टीम विजयी रही । स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि बच्चे समर कैम्प को खूब एन्जॉय कर रहे हैं । सोमवार को बच्चों को एक स्पेशल थीम पर रैंप वॉक करवाया जाएगा । समर कैम्प का समापन 30 मई को पूल पार्टी की धमाल के साथ होगा ।

## अखंड सौभाग्य की कामना के साथ सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, की पूजा-अर्चना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीघार्यु होने की कामना के लिए वट-सावित्री की पूजा-अर्चना किया. वट-सावित्री की पूजा वट वृक्ष के नीचे महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा -अर्चना की. नगर के सुलतानपुर महावीर मंदिर, शनि मंदिर परिसर, नारियल घाट , काली स्थान समेत कई जगहों पर वट वृक्ष की पूजा -अर्चना करने के लिए महिला श्रद्धालुओं की कतार लगा रहा.सोमवार को अहले सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे महिलाओं ने अक्षत , लाल धागा , फूल -माला व बांस का पंखा से विधि -विधान से पूजा -अर्चना की और महिलाएं सावित्री सत्यावन की कथा सुनी. बरगद के वृक्ष में धागा लपेटकर उसका चोरो ओर परिक्रमा किया. बाल में बरगद के पत्ते लगाई.पूजा के बाद परंपरानुसार पति को पंखा झुल कर भोजन कराया.महिलाओ ने कहा कि सावित्री ने यमराज से अपने पति की प्राण वापस लायी थी. उसी प्रकार पति के दीघार्यु होने की कामना से व्रत किया जाता है. आचार्य गोपाल कुमार मिश्र व पंडित बृज मोहन मिश्रा ने बताया कि महिलाएं नये वस्त्र धारण कर सुबह से ही अपने पति की दीघार्यु की कामना के लिए वट-सावित्री की पूजा-अर्चना की मान्यता है कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान की प्राण की रक्षा के लिए वट वृक्ष का पूजा अर्चना की थी.

**दानापुर महिलाएं लगा रही थी वटवृक्ष के फेरे, उच्चकों ने उड़ा लिए मंगलसूत्र व सोने के चेन, दो महिला हिरासत**

चोर जाने बिहनाय के धान वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए महिला उच्चकों ने दो महिलाओं का मंगलसूत्र तथा सोने का चेन काटकर उड़ा लिया. घटना उस वक्त की है जब महिलाएं अपने पति की दीघार्यु के लिए वट वृक्ष के फेरे लगा रही थी. थाने के सुलतानपुर शनिचरा स्थान स्थित शनि देव मंदिर व महावीर मंदिर के पास वटवृक्ष के पास पूजा अर्चना के दौरान सोमवार की दिन हुई.मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक महिला का तस्वीर कैद हो गई है.इसी दौरान भीड़ में शामिल उच्चकों ने दो महिलाओं के गहने पर हाथ साफ कर दिया. दो महिला को पकडकर पुलिस के हवाले किया गया है. सोमवार को शनिदेव मंदिर में वटवृक्ष के पास सैकड़ों की संख्या में महिलाएं वट सावित्री की पूजा कर रही थी. महिलाएं अपने पति की रक्षा और उनकी लंबी उम्र की कामना

## बिहार शरीफ उत्पाद निरीक्षक भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी करार

**राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को मिला कानूनी समर्थन**

**पटना/ फुलवारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विशेष न्यायाधीश मो0 रुस्तम की अदालत ने निगरानी विशेष वाद संख्या 83/2007 में बिहार शरीफ के तत्कालीन उत्पाद निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया को भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी करार दिया है। यह मामला निगरानी थाना कांड संख्या 122/2007 से संबंधित है।विशेष लोक अभियोजक विजय भानु उर्फ पुटटू बाबू ने निगरानी विभाग की ओर से मुकदमे की पैरवी की। अदालत ने अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 7 के अंतर्गत एक वर्ष की सश्रम कारावास और 5,000 रुपये जुमार्ना तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) के साथ 13(1)(डी) के अंतर्गत एक वर्ष की सश्रम कारावास और 5,000 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में अभियुक्त को एक माह की अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतनी होगी। यह मामला वर्ष 2007 का है जब 2 नवंबर को निगरानी टीम ने अभियुक्त को बिहार शरीफ, नालंदा स्थित उनके किराए के मकान में छापेमारी कर रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। वह पीड़ित शिकायतकर्ता राजीव रंजन से उनकी सरकारी शराब की दुकान को निर्बाध रूप से चलाने के एवज में 5,000 रुपये रिश्वत लेते पकड़े गए थे।

## बेटी की हत्या के गवाह पिता की घर में घुस कर गोली मार हत्या



**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकृष्ण नगर थाना के जगनपुरा में बेटी की हत्या के मामले में गवाह रहे बाप की घर में घुस कर सोमवार की सुबह हत्या कर दी गई. गोलीबारी की आवाज सुन कर परिजन आये और घायल अवस्था में उठा इलाज के लिए अस्पताल ले भागे मगर घायल ने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया. बदमाशों द्वारा चलाए गए गोली से वहां खटाल में एक गाय को भी गोली लग गई जिसकी हालत अभी चिंताजनक बनी हुई है. घटना के बाद अफरातफरी मच गया. मौके पर रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष, डीएसपी सदर टू और सिटी एसपी पश्चिमी भी पहुंचे. पुलिस ने मौके से कई खोखा बरामद किया है. पुलिस ने हत्यारों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा. सीसीटीवी कैमरा में मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग नजर आये मगर उनकी पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. स्थानीय लोग पुलिस की नाकामी से बेहद नाराज हैं. भीड़ का कहना है कि जब चेक पोस्ट इतनी नजदीक है तो फायरिंग करने वाले आराम से कैसे फरार हो गए. पुलिस की गश्ती और निगरानी प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं. फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है. अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है मौके पर वरीय पुलिस पदाधिकारी डॉग स्क्वायड और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम के साथ पहुंचे. टीम ने घटनास्थल की बारीकी से छानबीन की और आसपास के लोगों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली.

# शिक्षा का अधिकार कानून का सख्ती से अनुपालन करें निजी विद्यालयः उपायुक्त

- कानून का पालन नहीं करने वाले विद्यालयों की मान्यता रद्द करने संबंधी होगी कार्रवाई
- रिक्त सीटों पर आगामी 30 दिनों के अंदर नामांकन प्रक्रिया कराएं पूर्ण
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन कराएं सुनिश्चित
- एआई बेस्ड प्रतियोगिता का होगा आयोजन
- उपायुक्त ने शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों के नामांकन की प्रगति की समीक्षा की



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त शशि रंजन जिले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की पढ़ाई के लिए गंभीर हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को जिले के निजी विद्यालयों में भी बेहतर शिक्षा ग्रहण कराने के लिए कड़ी पहल करने में जुटे हैं। उपायुक्त आज समाहरणालय सभागार में जिले के निजी विद्यालय प्रबंधन के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन की गहणता से समीक्षा की। उन्होंने निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षाओं में निर्धारित सीट, शिक्षा के अधिकार कानून के तहत आवंटित सीट, स्कूल का नामांकन शुल्क संरचना, बस शुल्क, विद्यालय एवं बच्चों के परिवहन में लगे बसों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, वार्षिक शुल्क, मासिक शुल्क, स्कूल का यू-डायस, विद्यालय में सीसीटीवी का अधिष्ठापन आदि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रवेश कक्षाओं में बच्चों के नामांकन की प्रगति पर जिला शिक्षा अधीक्षक के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही शिक्षा के अधिकार कानून के प्रभावी क्रियान्वयन कराने का निदेश दिया। उन्होंने निजी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने शिक्षा के अधिकार कानून का सख्ती से अनुपालन नहीं करने वाले विद्यालय प्रबंधन को शो-कॉज करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने शिक्षा का अधिकार कानून के तहत रिक्त सीटों पर आगामी 30 दिनों के अंदर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने का निदेश दिया। साथ ही कानून का पालन नहीं करने वाले विद्यालयों की मान्यता रद्द करने संबंधी कार्रवाई करने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने बच्चों का नामांकन नहीं लेने या नामांकन में उदासीन रवैया अपनाने वालों के विरूद्ध जुमार्ना लगाये जाने की कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। उन्होंने स्कूलों में सीसीटीवी का अधिष्ठापन का निदेश दिया। वहीं स्कूल बसों में फस्ट एड बॉक्स के साथ-साथ अन्य सुरक्षात्मक उपायों का प्रबंध करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने विद्यालयों में भी नशीले पदार्थों के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया। वैसे विद्यालय जहां कक्षा 9, 10 एवं 11 की पढ़ाई होती हो, उसके निश्चित परिधि के अंदर किसी भी नशीले चीजों की बिक्री की शिकायत नहीं मिलने की बातें कही। विद्यालय के आसपास विद्यालय प्रबंधन का भी इसपर नजर रखने एवं इससे संबंधित प्रत्येक माह रिपोर्ट सौंपने का निदेश दिया। वहीं विद्यालयों में एनिमिया टेस्ट कैंप आयोजित कराने का निदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी 15 दिनों के अंदर एआई बेस्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह प्रतियोगिता सभी के लिए रहेगा। इससे विद्यार्थियों में एआई बेस्ड लर्निंग आकलन किया जायेगा।

## कर्तव्य में लापरवाही को लेकर एसआई अनिल कुमार निलंबित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना में पदस्थापित एस आई अनिल कुमार को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने को लेकर एसपी शौर्य सुमन ने निलंबित कर दिया है। इस संदर्भ में बेतिया पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि नरकटियागंज शहर के मतीसरा कुंवर के बगल वाली गली में अवैध रूप से शराब बनाने व बेचने से संबंधित सूचना एसपी को मिली थी। जिसका सत्यापन व छापेमारी करने के लिए एसपी ने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। निर्देश के आलोक ने थानाध्यक्ष द्वारा सूचना के सत्यापन व छापेमारी का जिम्मा एसआई अनिल कुमार को सौंपा गया था। हालांकि एसआई अनिल कुमार द्वारा सूचना के सत्यापन व छापेमारी का फलाफल शून्य बताया गया। जिसके पश्चात एसपी ने तकनीकी शाखा (मधनिषेध) को सूचना के सत्यापन व छापेमारी का निर्देश दिया।

## जेप्टो के सीइओ आदित पालीचा ने प्रतिद्वंदी कंपनी के सीएफओ पर लगाया नकारात्मक प्रचार का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्विक डिलीवरी प्लेटफॉर्म जेप्टो के सीईओ और को-फाउंडर आदित पालीचा अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर पर कंपनी को बदनाम करने का आरोप लगाया है। आदित्य ने बताया कि एक प्रतिंद्वदी कंपनी के सीएफओ पिछले कुछ दिनों से उनके खिलाफ अलग-अलग जगह नकारात्मक प्रचार कर रहे हैं।

**क्या कुछ आदित पालीचा ने लिखा है-** आदित अपने पोस्ट में लिखते हैं, हमारे निवेशकों को फोन करके बेबुनियाद आरोप लगाना। पत्रकारों के साथ गलत नंबर के साथ एक्सेल शीट शेयर



करना। वहीं, सोशल मीडिया पर निगेटिव नरेटिव के लिए बोट्स को पैसा दिया जा रहा है। आदित ने अपने पोस्ट में किसी कंपनी का नाम नहीं लिया है। बता दें, इस सेक्टर में जेप्टो के अलावा, ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स और टाटा बिगबास्केट जैसी कंपनियां हैं। आदित पालीचा लिखते हैं कि यह काम किसी बड़ी कंपनी के सीएफओ को शोभा नहीं देता है। साथ ही वो जेप्टो के इबीआइटीडीए में तेजी के साथ हो रहे सुधार से घबरा रहे हैं।

**कंपनी के विषय में क्या कुछ बताया-** आदित पालीचा बताते हैं कि जेप्टो का ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू 750 करोड़ रुपये से बढ़कर मई 2025 में 2400 करोड़ रुपये प्रति माह पहुंच गया है। उनका कहना है कि कंपनी का इबीआइटीडीए जनवरी 2025 के मुकाबले मई 2025 में 2000 बेसिस प्वाइंट्स बढ़ गया है। इसी दौरान कंपनी का कैश बर्न भी 65 प्रतिशत घटा है। पालीचा ने उम्मीद जताई है कि अगले क्वार्टर तक लगभग सभी डार्क स्टोर का इबीआइटीडीए पॉजिटिव हो जाएगा। उन्होंने बताया है, इस तिमाही के शुरुआत तक कंपनी के पास बैंक में 7445 करोड़ रुपये का कैश था। मौजूदा खर्च को अगर देखें तो कंपनी के पास कई सालों तक के लिए पैसा है।

## आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 52 वीक हाई पर, एचडीएफसी बैंक के शेयरों में उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन को तेजी देखने को मिली है। इस तेजी के महौल में कई बैंकिंग स्टॉक भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें एचडीएफसी बैंक जैसा दिग्गज शेयर भी शामिल है। बता दें, निफ्टी बैंक में उछाल देखने को मिली है।

**आईसीआईसीआई बैंक शेयर प्राइस –** यह बैंकिंग स्टॉक आज यानी सोमवार को 1453.05 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में इस प्राइवेट बैंक के शेयर 1.40 प्रतिशत से




अधिक की बढ़त के साथ 52 वीक हाई 1471.10 रुपये के लेवल पर पहुंच गया।

**एचडीएफसी बैंक –**शेयर बाजार में आज एचडीएफसी बैंक के स्टॉक भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बीएसई में बैंक के शेयर 1933 रुपये के लेवल पर ओपन होने के बाद दिन में करीब 1 प्रतिशत की तेजी के साथ 1949.90 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। जोकि बैंक के शेयरों का 52 वीक हाई 1977.95 रुपये है।

**एक्सिस बैंक –** सोमवार को शुरुआती कारोबार में एक्सिस बैंक के भी शेयर बढ़त के साथ ही ट्रेड कर रहे थे। 1215.40 रुपये के लेवल पर खुलने के बाद यह स्टॉक 1224.10 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। एक्सिस बैंक के शेयरों में बीते 3 महीने के दौरान 20 प्रतिशत से अधिक उछाल दर्ज की गई है।

# आय का जरिया: रिटायरमेंट के बाद भी हर महीने पाएं तय रकम

### छात्रों के लिए भी फायदेमंद है एसडब्ल्यूपी प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति के बाद जब नियमित आय बंद हो जाती है, तो सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होता है, जिन्हें अपने दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए हर महीने एक निश्चित राशि की आवश्यकता होती है। एसडब्ल्यूपी सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) का ठीक उल्टा है। एसआईपी में आप नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि निवेश करते हैं, जबकि एसडब्ल्यूपी में आप अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड निवेश से नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि निकालते हैं। सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान एन्युटी या फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) से कईमायनों में भी काफी बेहतर होता है।

**छात्रों के लिए भी उपयोगी है विकल्प-** सेवानिवृत्ति के बाद यानी बुढ़ापे में व्यक्ति को अपने मासिक खर्चों को पूरा करने के लिए हर महीने पैसे की जरूरत होती है। जिनके पास किराये की संपत्ति से आय जैसे अन्य स्रोत हैं, वे भी अपने मौजूदा म्यूचुअल फंड निवेश से एसडब्ल्यूपी के माध्यम से इसे पूरक बना सकते हैं। यह उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी है, जिन्हें नियमित समय अंतराल पर एक निश्चित राशि की आवश्यकता होती है। छात्रों के लिए भी यह विकल्प बहुत उपयोगी है, जिन्हें हर महीने एक निश्चित राशि की जरूरत होती है।

**हर माह निकाल सकते हैं इतने पैसे-** एसडब्ल्यूपी के जरिये हर महीने निकाली जाने वाली राशि मुख्य रूप से आपके घरेलू खर्चों को पूरा करने की मासिक आवश्यकता पर निर्भर करती है।यह भी ध्यान रखना होगा कि सेवानिवृत्ति फंड आपके जीवनकाल तक बना रहे। एक सामान्य नियम के अनुसार, आपको हर साल अपने सेवानिवृत्ति कॉर्पस का 40 फीसदी से अधिक नहीं निकालना चाहिए। उदाहरण के लिए, अगर आपने सेवानिवृत्ति के लिए 1.50 करोड़ रुपये का फंड जमा किया है, तो आपको पहले वर्ष के दौरान 4 फीसदी से अधिक (6 लाख रुपये) नहीं निकालना चाहिए। हर साल निकाली जाने वाली राशि आपके कॉर्पस के उस समय के मूल्य के आधार पर बढ़ेगी।

**कितना फंड जमा करना पर्याप्त-** यह सुनिश्चित करने के लिए कि एसडबल्यूपी सेवानिवृत्ति के बाद साथ दे, आपको अपनी कमाई के वर्षों के दौरान पर्याप्त फंड जमा करना होगा। एक सामान्य नियम के अनुसार, अगर आप 60 वर्ष में सेवानिवृत्ति होते हैं, तो आपको इस समय तक अपने सालाना खर्चों का 25 गुना जमा करना होगा। उदाहरण के लिए, अगर सेवानिवृत्ति के समय आपका मासिक खर्च 50,000 रुपये है, जो सालाना 6 लाख रुपये बनता है, तो आपको 60 वर्ष की आयु तक 1.50 करोड़ जमा करना होगा।

**टैक्स के मोर्चे पर भी है फायदेमंद-** एसडब्ल्यूपी में रिडेम्पशन आय के सिर्फ एक हिस्से पर टैक्स लगता है, वह भी इक्विटी स्कीम में रियायती दर पर, जबकि पेंशन-एफडी से प्राप्त राशि पर स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स लगता है।इसलिए, एसडब्ल्पूयी सेवानिवृत्ति फंड से मासिक जरूरतें पूरी करने का टैक्स-कुशल तरीका प्रदान करता है।

### एन्युटी या एफडी से इसलिए है बेहतर

जब आप सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान चुनते हैं, तो म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश की कुछ यूनिट्स एसडब्ल्यूपी की राशि की आवश्यकता को पूरा करने के लिए रिडीम की जाती हैं। यूनिट्स को रिडेम्पशन की तारीख पर नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) के आधार पर रिडीम किया जाता है। इसमें आपके निवेश की लागत और निवेश मूल्य में वृद्धि शामिल होती है। खरीद और रिडेम्पशन की एनएवी के बीच का अंतर ही आपकी आय मानी जाती है और उस पर टैक्स लगता है। टैक्स देनदारी इस बात पर निर्भर करती है कि निवेश डेट स्कीम में किया गया है या इक्विटी स्कीम में। 31 मार्च 2023 के बाद किए गए डेट स्कीम में निवेश के लिए खरीद लागत और रिडेम्पशन मूल्य के बीच का अंतर शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन माना जाता है और इस पर स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स लगता है, भले ही आपका होल्डिंग पीरियड कितना भी हो। एक अप्रैल, 2023 से पहले किए गए डेट स्कीम में निवेश पर होने वाले मुनाफे पर 12.50 फीसदी की फ्लैट दर से टैक्स देना होता है। इक्विटी फंड स्कीम को 12 महीने के भीतर रिडीम किए गए मुनाफे पर 20 फीसदी और 12 महीने से अधिक समय तक रखे गए निवेश पर 12.50 फीसदी टैक्स लगता है। इसके विपरीत, एन्युटी से प्राप्त पूरी पेंशन और एफडी पर मिलने वाले ब्याज पर आपको स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स देना होता है।

# ग्रे मार्केट में धूम मचा रहे दो आईपीओ, आज से बोली लगाने का मौका




**नई दिल्ली, एजेंसी।आईपीओ** मार्केट में इस हफ्ते फिर से हलचल होने वाली है। इस हफ्ते 9 आईपीओ खुलने जा रहे हैं। इनमें से मेन बोर्ड से दो आईपीओ आज यानी सोमवार से खुल गए हैं। इन दोनों आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**लीला होटल्स आईपीओ-** श्लॉस बैंगलोर लिमिटेड कंपनी लीला होटल्स को चलाती है। इस आईपीओ का इश्यू साइज 3,500 करोड़ रुपये है। कंपनी ने 2,500 करोड़ रुपये के 5.75 करोड़ फ्रेश शेयर जारी किए हैं। वहीं 1,000 करोड़ रुपये 2.30 करोड़ शेयर ओएफएस के तहत जारी किए हैं। इस आईपीओ में 28 मई तक बोली लगा सकेंगे। लिस्टिंग 2 जून को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। वहीं प्राइस बैंड 413 से 435 रुपये के बीच है। एक लॉट में 34 शेयर हैं। इसके लिए कम से कम 14,790 रुपये निवेश करने होंगे। एक रिटेल इन्वेस्टर अधिकतम 13 लॉट के लिए बोली लगा सकता है।

**क्या है जीएमपी-** इस आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। सोमवार सुबह करीब 7 बजे इसका जीएमपी यानी ग्रे मार्केट प्रीमियम 13 रुपये था। यानी यह शेयर करीब 3 फीसदी की बढ़त के साथ 448 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। हालांकि 24 मई को इसका जीएमपी 22 रुपये पर पहुंच गया था।

### एजिस वोपाक टर्मिनल्स आईपीओ

इस आईपीओ का इश्यू साइज 2,800 करोड़ रुपये है। यह पूरी तरह से फ्रेश इश्यू है। कंपनी ने 11.91 करोड़ फ्रेश शेयर जारी किए हैं। यानी कोई भी शेयर ओएफएस के तहत जारी नहीं किया है। इस आईपीओ में भी 28 मई तक बोली लगा सकेंगे। इसकी भी लिस्टिंग 2 जून को हो सकती है। इसकी फेस वैल्यू 10 रुपये प्रति शेयर है। वहीं प्राइस बैंड 223 रुपये से 235 रुपये प्रति शेयर है। एक लॉट में 63 शेयर हैं। इसके लिए कम से कम 14,805 रुपये निवेश करने होंगे। इस आईपीओ के लिए भी एक रिटेल इन्वेस्टर अधिकतम 13 लॉट के लिए बोली लगा सकता है।

### क्या है जीएमपी

यह आईपीओ भी ग्रे मार्केट में छाया हुआ है। सोमवार सुबह इसका जीएमपी 14.5 रुपये था। यानी यह शेयर 6.17 फीसदी की तेजी के साथ 249.5 रुपये पर लिस्ट हो सकता है। 24 मई को इस आईपीओ का जीएमपी 17 रुपये पर ट्रेंड कर रहा था।

### बंपर लाभांश से राजकोषीय हालात बेहतर करने में मिलेगी मदद

# 70000 करोड़ अतिरिक्त खर्च कर सकेगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2.69 लाख करोड़ रुपये के बंपर लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर हो सकेगी। साथ ही, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने इकोरैप रिपोर्ट में कहा, हमारा अनुमान है कि बंपर लाभांश से राजकोषीय घाटा बजट स्तर से 0.2 फीसदी कम होकर जीडीपी का 4.2 फीसदी रहेगा। यह वैकल्पिक रूप से करीब 70,000 करोड़ के अतिरिक्त खर्च का रास्ता भी खोलेगा, जबकि अन्य चीजों में कोई बदलाव नहीं होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के बजट में 2.56 लाख करोड़ का लाभांश मिलने का अनुमान लगाया था।




**आरबीआईविदेशी मुद्रा भंडार का शीर्ष विक्रेता-** रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अधिशेष भुगतान मजबूत सकल डॉलर की बिक्री, उच्च विदेशी मुद्रा लाभ और ब्याज आय में लगातार वृद्धि की वजह से है। आरबीआई जनवरी में एशिया के अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार का शीर्ष विक्रेता था। सितंबर, 2024 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब डॉलर के शिखर पर पहुंच गया था।

### चालू वित्त वर्ष में अच्छी रहेगी नकदी की स्थिति

रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में टिकाऊ नकदी की स्थिति अधिशेष में रहने की उम्मीद है। इसमें खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) की खरीद, आरबीआई के लाभांश हस्तांतरण और 2025-26 में 25-30 अरब डॉलर के भुगतान संतुलन (बीओपी) अधिशेष से समर्थन मिलेगा।

# निवेश मंत्रा: ब्लूचिप बनने की दौड़ में ये कंपनियां

### बढ़त की संभावना वाले शेयरों में निवेश का मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिस तरह से छोटी और मझोली कंपनियां यानी एसएमई में बढ़त की संभावना होती है और आगे चलकर ये एक बड़ी कंपनी के रूप में बदल जाती हैं, उसी तरह से शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों में भी यह क्षमता होती है। उनमें स्मॉलकैप से मिडकैप और मिडकैप से लार्जकैप बनने की क्षमता होती है। ऐसे में अगर आप आगे अच्छा लाभ कमाना चाहते हैं, तो इन कंपनियों के शेयरों में म्यूचुअल फंड के जरिये सुरक्षित निवेश कर सकते हैं। कुछ ऐसी कंपनियां होती हैं जो अंडररेटिंग होती हैं। ऐसे में जब इनकी रेटिंग आगे की जाती है, तब इनके वास्तविक वृद्धि का पता चलता है।



**बीएसई की 100 से आगे की कंपनियों में मौका-** आप कम रेटिंग वाली ब्लूचिप कंपनियों में निवेश कर सकते हैं, जिनमें बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा बनने की क्षमता है। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स में वे कंपनियां शामिल हैं, जो बीएसई 100 का हिस्सा हैं, लेकिन बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा नहीं हैं। ये 30 कंपनियां ब्लू चिप हैं, जिनमें मदरबोर्ड बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा बनने की क्षमता है। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ने पैसिव कैटेगरी में नया फंड ऑफर लॉन्च किया है। यह बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स फंड बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स की तरह होगा।

**पिछले 10 वर्षों में 20 शेयर बढ़ गए आगे-** पिछले 10 वर्षों में 20 स्टॉक बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 से बीएसई सेंसेक्स में आगे बढ़े हैं। यह इंडेक्स कम प्रतिनिधित्व वाले लार्ज कैप को कवर करता है, जो एक ऐसा बेहतर स्थान है, जिसे कोई अन्य इंडेक्स नहीं पकड़ पाता है। दिलचस्प बात यह है कि बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 टीआरआई ने लगातार बीएसई सेंसेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिससे यह ईटीएफ श्रेणी में एक आकर्षक निवेश विकल्प बन गया है।

**पांच वर्षों में 26 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न-** पांच वर्षों में बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स ने 26 फीसदी चक्रवृद्धि दर और बीएसई सेंसेक्स ने 20.3 फीसदी रिटर्न दिया।

तीन वर्षों में भी नेक्स्ट-30 इंडेक्स ने 15.7 फीसदी व सेंसेक्स ने 13.4 प्रतिशतरिटर्न दिया। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 इंडेक्स ने पांच साल में निफ्टी-50 और निफ्टी नेक्स्ट-50 टीआरआई से भी बेहतर प्रदर्शन किया है। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट-30 12 सेक्टरों में फैला विविधतापूर्ण इंडेक्स है। इनमें जेएसडब्ल्यू स्टील, इंटरग्लोब एविएशन, ग्रासिम, ओएनजीसी, बजाज ऑटो, अदाणी एंटरप्राइजेज, बीपीसीएल, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज और विप्रो जैसी कंपनियां शामिल हैं।

# नौकरी छोड़ शुरू किया अपना काम, अब करोड़ों का साम्राज्य, ऋतिक रोशन ने भी लगाया पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंकित नागोरी सफल भारतीय उद्यमी हैं। वह क्योरफूड्स के संस्थापक और क्योरफिट (अब कल्टफिट) के सह-संस्थापक हैं। साल 2020 में उन्होंने क्योरफूड्स की नींव रखी थी। क्योरफूड्स क्लाउड किचन कंपनी है जो कई फूड ब्रांड्स को ऑपरेट करती है। इसका मकसद सेहतमंद और किफायती खाना उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है। कंपनी ने कई फूड ब्रांड्स का अधिग्रहण करके अपने क्लाउड किचन नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया है। अंकित ने सोशल मीडिया के काम से बिजनेस की शुरुआत की थी। फिर वह फ्लिपकार्ट में शुरुआती कर्मचारियों में से एक बन गए। 2016 में उन्होंने फ्लिपकार्ट छोड़ दी। अब उनकी कंपनी का टर्नओवर करोड़ों में है। एक्टर ऋतिक रोशन ने भी क्योरफूड्स में पैसा लगाया है। आइए, यहां अंकित नागोरी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**फ्लिपकार्ट में बड़े पद पर किया काम –** अंकित का जन्म झारखंड के बोकारो जिले में हुआ था। पांच साल की उम्र में वह दिल्ली आ गए थे। उन्होंने दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने आईआईटी गुवाहाटी से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। अंकित नागोरी ने पहले सोशल मीडिया में काम किया। फिर फ्लिपकार्ट में बड़े पद पर काम किया। अब वह क्योरफूड्स नाम की कंपनी चला रहे हैं। यह कंपनी क्लाउड किचन चलाती है। अंकित ने 2020 में इस कंपनी की शुरुआत की थी।

**ऐसे बढ़ाया बिजनेस –** अंकित नागोरी ने 2010 में यूथपैड नाम से अपना सोशल मीडिया का काम शुरू किया था। फिर वह फ्लिपकार्ट से जुड़ गए। अंकित इसके शुरुआती कर्मचारियों में से एक थे। 2016 में चीफ बिजनेस ऑफिसर बनने के बाद उन्होंने फ्लिपकार्ट छोड़ दी। इसके बाद मुकेश बंसल के साथ मिलकर क्योरिफिट नाम की कंपनी शुरू की। मुकेश बंसल ने ई-कॉमर्स कंपनी मिंत्रा भी शुरू की थी। चार साल बाद नागोरी अकेले कुछ करना चाहते थे। इसलिए उन्होंने क्योरफूड्स नाम से क्लाउड किचन कंपनी शुरू की। कोरोना के दौरान उन्होंने देखा कि खाने की डिलीवरी की बहुत मांग है। उन्होंने तुरंत इस मौके का फायदा उठाया। धीरे-धीरे कंपनी ने अपना तरीका बदला। अंकित ने अलग-अलग शहरों में क्लाउड किचन ब्रांडों को खरीदना शुरू कर दिया। इसने कारोबार को बढ़ाने में मदद की। अब क्योरफूड्स भारत में क्लाउड किचन चलाने वाली बड़ी कंपनियों में शुमार है।

### अब करोड़ों की कमाई

अंकित नागोरी ने 2020 में क्योरफूड्स को शुरू किया था। उनका लक्ष्य था कि हर किसी को अच्छा और भरोसेमंद खाना मिले। यह कंपनी क्लाउड किचन और नए तरीकों से खाना बनाने पर ध्यान देती है। कंपनी भारत के फूड सेक्टर में बहुत तेजी से आगे बढ़ी है। ईफिट और मलासाबॉक्स जैसे ब्रांड्स के साथ इसने लोगों का भरोसा जीता है। एक्टर ऋतिक रोशन ने भी इस कंपनी में पैसा लगाया है। वह इसके ब्रांड एम्बेसडर भी हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में क्योरफूड्स की कमाई 53 प्रतिशतबढ़कर 585 करोड़ रुपये हो गई। अंकित की नेटवर्थ 1100 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

### सफलता का राज

अंकित नागोरी मानते हैं कि खाने के मामले में ईमानदारी बहुत जरूरी है। खाना अच्छा होना चाहिए। उसे आसानी से हर जगह पहुंचाया जा सके। साथ ही वह पर्यावरण के लिए भी ठीक होना चाहिए। इसी सोच के साथ कंपनी अब तक आगे बढ़ रही है। इसने कम समय में ही फूड इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली है। कंपनी का मॉडल भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है। क्लाउड किचन का मतलब है कि खाना सिर्फ डिलीवरी के लिए बनता है, वहां बैठकर खाने की सुविधा नहीं होती। इससे कंपनी को खर्च कम करने और ज्यादा लोगों तक पहुंचने में मदद मिलती है। अंकित नागोरी ने दिखाया है कि अगर आपके पास अच्छा आइडिया है और आप लगन से काम करने के लिए तैयार हैं तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 26-05-2025 21:25 Page 1



# कोरोना संक्रमित मिलने से सनसनी

▶ खोजी जा रही ट्रेवल हिस्ट्री ▶ सदर अस्पताल में 20 बेड रिजर्व



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। हालांकि, चिकित्सकों का कहना है कि लोगों के वैक्सीन से प्रतिरक्षित होने के कारण कोरोना किसी को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। रविवार को रांची में इस लहर का पहला कोविड-19 का मामला सामने आया।

यहां एक 50 वर्षीय पुरुष में कोरोना संक्रमण पाया गया है। उसे रांची के सेंटेविटा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि यह मरीज मुंबई से रांची आया था। यहां आने के बाद उसमें कोरोना के लक्षण आने लगे। जांच के बाद उसमें कोविड की पुष्टि हुई है। इससे पहले उसने मुंबई में भी जांच कराई थी।

जांच में उसके कोरोना संक्रमित होने की बात सामने आ रही है। डॉक्टरों ने कहा है कि कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है। ज्यादातर लोग कोरोना से बचाव को लेकर वैक्सीन ले चुके हैं। संक्रमित पाए जाने पर लक्षण के अनुसार इलाज संभव हो सकेगा।

संक्रमित पाए गए मरीज की ट्रेवल हिस्ट्री खंगाली जा रही है। संपर्क में आने वाले सभी लोगों की कोविड जांच शुरू की जाएगी।

बताया जा रहा है कि मुम्बई में जब कोरोना की पुष्टि हुई उसके बाद भी रांची आने के क्रम में कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया। न ही मास्क लगाया गया और न ही लोगों से दूरी बनायी गई, बल्कि आम लोगों के साथ संक्रमित व्यक्ति रांची पहुंच गया। इस तरह की लापरवाही से कई लोगों में संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

सरकार से एडवाइजरी आने के बाद कोरोना संक्रमितों के इलाज के लिए सदर अस्पताल में 20 बेड रिजर्व किए गए हैं। यह पूरी तरह से आइसोलेशन वार्ड होगा, जहां पर सिर्फ कोविड मरीजों को ही रखा जाएगा। सिविल सर्जन के अनुसार, अस्पताल में आक्सीजन की पूरी व्यवस्था है। अन्य प्रबंध भी किए जा रहे हैं।

सदर अस्पताल में कोविड जांच सोमवार से शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल सिर्फ सिम्टोमेटिक लक्षण वाले का ही जांच किया जाएगा, लेकिन अभी सबसे बड़ी समस्या यह है कि अस्पताल के पास जांच के लिए पांच-छह वाइल (रीएजेंट) ही है, जिससे 50-60 लोगों की ही जांच संभव हो सकेगी। सिविल सर्जन ने बताया कि अब इसकी आपूर्ति बढ़ाई जाएगी, जल्द ही पर्याप्त मात्रा में वायल मंगवा लिए जाएंगे।

## बदलेंगे कई ट्रेनों के रूट



**धनबाद।** जून माह के अलग-अलग दिनों में धनबाद व गोमो होकर चलने वाली कई लंबी दूरी की ट्रेनें मार्ग बदल कर चलेंगी। इनमें दुर्गियाना, टाटा-अमृतसर व सियालदह-अमृतसर जैसी ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि फिरोजपुर मंडल में नान इंटरलाकिंग कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया जाएगा।

धनबाद से बोकारो व टाटा होकर झाड़ग्राम तक चलने वाली मेमू सोमवार को दोनों ओर से रद रहेगी। इसके बाद 29 मई को भी नहीं चलेगी। 30 मई व एक जून को भोजूडीह-चंद्रपुरा मेमू महुदा तक चलेगी। वापसी में चंद्रपुरा-भोजूडीह मेमू भी महुदा से चलेगी। आद्रा रेल मंडल में ब्लाक के कारण अलग-अलग दिनों में ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

# 24 लोगों ने लूटी 41बीघा जमीन

## सरकारी जमीन की होगी घेराबंदी, सीओ ने मांगी रिपोर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में जिस तरह जमीन की लूट हुई, उस तरह आंधी आने पर बागीचे में आम की भी लूट नहीं होती है। लोगों ने बरहड़वा अंचल के सिरासीन मौजा के खाता नंबर 187 में करीब 41 बीघा से अधिक भूमि लूट ली। इस खाते में कुल 62 प्लाट थे और 121 बीघा 12 कट्ठा 19 धूर जमीन थी। रजिस्टर टू के अनुसार 24 लोगों ने करीब 41 बीघा जमीन अपने नाम करा ली।

संभव है कि कुछ लोगों का नाम रजिस्टर टू में अब तक न चढ़ा हो। ऐसे में जमीन लूट में शामिल लोगों की संख्या और जमीन और बढ़ सकती है। कुछ लोगों का कहना है कि जमीन को कुछ लोगों को बंदोबस्त किया गया था, लेकिन एसपीटी एक्ट की धारा 27 और 28 के अनुसार, इस जमीन को उसी मौजा के किसी आदिवासी रैयत को ही बंदोबस्त किया जा सकता है।

ऐसे में यहां गैर आदिवासी कहां से आ गए, यह बड़ा सवाल है। दूसरी ओर बंदोबस्त जमीन की खरीद-बिक्री भी नहीं हो सकती तथा उसकी प्रकृति भी नहीं बदली जा सकती, लेकिन यहां दोनों काम हुआ। खाता नंबर 187 में बड़ा-बड़ा करीब दर्जनभर पोखर थे, जिनमें से अधिकतर की प्रकृति बदली जा चुकी है।

वैसे इस मामले में अपर समाहर्ता (एडिशनल कलेक्टर) गौतम भगत ने बरहड़वा सीओ से रिपोर्ट मांगी है। पूरी तरह जांच-पड़ताल के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

सिरासीन मौजा के खाता संख्या 187 के प्लाट संख्या 272 में से जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले सात लोग चिह्नित किए गए हैं। इनमें पाकुड़ के पूर्व विधायक अकील अख्तर, मोइनुद्दीन शेख, शेताबुद्दीन शेख, जिदुल हक, तहुल शेख, कासिफ शेख व समीना खातून शामिल हैं।

अकील अख्तर ने तीन बार में जमीन का निबंधन कराया। 17 बीघा 13 कट्ठा छह धुर में से 13 बीघा सात कट्ठा 13 धुर जमीन का निबंधन इन लोगों ने कराया। बताया जाता है कि 1982 में हाजी हशिमुद्दीन शेख आदि ने वह पोखर अपने नाम कराई और टुकड़े-टुकड़े में उसे बेच दिया। उस पोखर की चार बीघा जमीन अब भी हाजी हशिमुद्दीन शेख के पास है।

अपर समाहर्ता गौतम भगत ने जाकर इस मामले की जांच की है। चूंकि उपायुक्त हेमंत सती बाहर हैं, इस वजह से इस मामले में आगे निर्णय नहीं लिया जा सका है। उनके लौटते ही इस पर आगे की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। जिला प्रशासन सरकारी जमीन की घेराबंदी की तैयारी कर रहा है। सभी अंचलाधिकारियों को अपने यहां की सरकारी जमीन को चिह्नित करने को कहा गया है। जमीन को चिह्नित कर चारों ओर से पिलर गाड़ा जाएगा। अपर समाहर्ता गौतम भगत ने बताया कि उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश के आलोक में पूरे मामले की जांच की जा रही है। गलत तरीके से भूमि को अपने नाम कराने वालों पर कार्रवाई तय है।

# एक साथ उठी दोस्तों की अर्थी, चीत्कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगंज।** रविवार शाम पांच बजे बरवाडीह के नीचे टोला निवासी दीपक कुमार महतो एवं आकाश कुमार महतो का शव एक साथ गांव पहुंचा।

मृतक के स्वजन के अलावा टोला की महिलाओं के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। दोनों मृतक हमउम्र करीब 19 वर्ष का था। एक साथ कैटरीन का काम करता था। दोनों की अर्थी एक साथ उठी और अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

पोस्टमार्टम होने के बाद शव को एक साथ एंबुलेंस से लाया गया। सुबह से शव के इंतजार में ग्रामीण महिला, पुरुष एवं बच्चे घर के चौखट के सामने खड़े थे।

आकाश का घर पहला था। इसलिए शव को पहले उतारा गया। जिसके बाद महज डेढ़ सौ मीटर के दूरी पर स्थित दीपक का शव को उतरा गया। मृतकों का स्वजन का चीत्कार से आस पास के गांव से आए ग्रामीण अपना आंसू रोक नहीं पाए। पूरा गांव शोक में डूबा था। बीते रात युवकों की मौत की सूचना मिलने पर टोला के किसी भी घर में चूल्हा नहीं जला।

चंचल महतो का दीपक इकलौता पुत्र था। चंचल चेन्नई में काम करता है। दुखद खबर सुनकर हवाई जहाज से रांची आया। जिसके बाद अपना गांव पहुंचा। यहां आने के बाद अपना बेटा का चेहरा देख हताश बैठा रह गया। वहीं, उसकी बहन किरण और मां दहाड़ मार कर रो रही थी।

स्वजन ने बताया कि दोनों भाई बहन आरबीबी हाई स्कूल के छात्र थे। इस वर्ष एक साथ मैट्रिक की परीक्षा दिया था। वहीं, मजदूरी का काम करने वाला बिहारी महतो का आकाश बड़ा पुत्र था। आकाश दूसरे राज्य से काम कर हाल ही में वापस लौट था। जिसके बाद अपने मृतक साथी के साथ कैटरिन का काम में लग गया था। बता दें कि शनिवार की रात बाइक में सवार होकर तीन युवक अपना घर लौट रहा था।

# सदर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था राम भरोसे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में चिकित्सकों की मनमानी चरम पर है। अब यहां मुर्दे को भी मृत घोषित किए जाने के लिए इंतजार करना पड़ता है।

यह स्थिति एक दिन की नहीं है। अब हर रोज इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, जब चिकित्सक अक्सर ही ड्यूटी में देर से आते हैं और ओपीडी या इमरजेंसी ड्यूटी छोड़कर निर्धारित समय से पहले ही चले जाते हैं। सदर अस्पताल की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार उपाधीक्षक डॉ. हरेन चंद्र महतो एवं अस्पताल प्रबंधक सुनील मणि त्रिपाठी भी अक्सर ही गायब रहते हैं। इससे आए दिन यहां इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ताज्जुब की बात यह है कि सदर अस्पताल की लचर स्थिति से अवगत होते हुए भी सिविल सर्जन एवं जिला प्रशासन इस पर कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है। इससे ड्यूटी छोड़ कर फरार रहने वाले चिकित्सक, चिकित्सा कर्मियों, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक का मनोबल बढ़ा हुआ है और ये लोग हर दिन सिविल सर्जन एवं जिला प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं।रविवार की सुबह में भी कुछ ऐसी ही स्थिति सामने आई, जब सदर अस्पताल में सुबह सात बजे से 10:30 बजे तक कोई भी चिकित्सक ड्यूटी में नहीं था।

इस दौरान इमरजेंसी में इलाज कराने आए मरीजों को परेशानी हुई और मरीजों के स्वजनों ने हंगामा भी किया। इस दौरान सुबह साढ़े छह बजे से एक सहायक पुलिस कर्मी को लेकर आए उसके स्वजनों एवं पुलिस कर्मी पहुंचे थे।

हालांकि, उसकी मौत हो चुकी थी, लेकिन उसे मृत घोषित करने के लिए सदर अस्पताल में कोई चिकित्सक ड्यूटी में मौजूद ही नहीं था।

इससे परेशान होकर पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों को मोबाइल फोन पर जानकारी दी। तब जाकर सुबह साढ़े दस बजे सदर अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी में चिकित्सक आए और सहायक पुलिस कर्मी को मृत घोषित किया।

मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे गांव निवासी सहायक पुलिस कर्मी 29 वर्षीय निरंजन कुमार गुप्ता पिता कृष्णा गुप्ता केतार थाना में पदस्थापित थे। वहीं कुछ दिन पहले उनका ब्रेन हेमरेज हो गया।

इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया। वहां इलाज चल रहा था। लेकिन स्थिति गंभीर होने पर रायपुर से रेफर कर दिया गया। तब उसके स्वजन रांची लेकर जा रहे थे।

स्वजनों के अनुसार रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद उसे लेकर रविवार की सुबह में सदर अस्पताल आए।

# एएनएम और जीएनएम ने बैठक कर दी आंदोलन की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दुमका।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाली एएनएम और जीएनएम संघ की बैठक रविवार को पुराने सदर अस्पताल परिसर में विनीता कुमारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें दस प्रखंड की एएनएम शामिल हुई।

इस बैठक में नियमित नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। महिला कर्मियों ने कहा कि विगत 18 से इससे अधिक वर्षों से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक सेवा कर रही हैं। कई एएनएम की जान तक जा चुकी है। इतना सब करने के बाद भी सरकार न नियमित ही कर रही है और न ही सम्मानजनक वेतन दे रही है।

तीन माह से वेतन के नाम पर जो मानदेय मिलता है वो भी नहीं मिल रहा है, जिस कारण परिवार चलाने के लिए मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए सभी कर्मियों में आक्रोश पनपता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रति माह मानदेय भुगतान किया जाए। नियुक्ति नियमावली पर जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए अधियाचना भेजी जाए। जल्द नियमित किया पाए। जब तक नियमित नहीं किया जाता है तब तक मानदेय में 59 फीसद की वृद्धि की जाए।

गंभीर बीमारी से जूझ रही कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाए। ताकि जान गंवानी नहीं पड़े। अगर सरकार जल्द नियमित नहीं करती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में सरिता कुमारी, रेश्मा टुडू, तनुश्री, किरण कुमारी, साहेल टुडू, प्रेमलता मुर्मू, सुभद्रा मंडल, तिलोत्तमा, साह, सबिना, लक्ष्मी मरांडी, विनीता मुर्मू, सुनीता सोरेन व शिक्षा कुमारी आदि शामिल थी।

# झुण्ड से बिछड़े हाथी ने मजदूर को कुचला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरकगागो में झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी ने कुआं खोदाई कर लौट रहे एक मजदूर को अपने चपेट में ले लिया और पैरों व सूंड से कुचल कर उसे मार डाला।

घटना शनिवार देर शाम की है। मृतक की शिनाख्त 52 वर्षीय सुखलाल मरांडी (पिता टेम्पा मरांडी) ग्राम जोधपुर थाना ताराटांड़ जिला गिरिडीह निवासी के रूप में की गई।

बताया जाता है कि बरकट्ठा प्रखंड के बरकनगांगो में बतौर मजदूरी के लिए लगभग दर्जन भर मजदूर गिरिडीह से आये हुए हैं। मजदूर शनिवार शाम में खेत से काम कर अपने निवास लौट रहे थे। इसी बीच भुतही जंगल में झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी मजदूरों के सामने आ गया।

मृतक मजदूर पहले हाथी को नहीं देख पाया। हाथी मजदूरों की ओर दौड़ गया। मृतक के अन्य साथी मजदूर भागकर अपनी जान को बचाया। सुखलाल मरांडी 50 मीटर से ज्यादा की दूरी नहीं दौड़ पाया और हाथी ने पैर और सूंड़ से इन्हें कुचल के मार दिया।

मालूम हो कि दो वर्ष पूर्व भी बरकनगांगो में दो व्यक्तियों को हाथियों ने कुचलकर मार दिया था। गैंड़ा के उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय ने बताया कि बरकनगांगो,



सिमरिया और गैड़ा पंचायत के छहरयामो, बसरामों, चलकुशा प्रखंड के परतकोला, मनैया जमसोती में हाथियों का तांडव लगभग नौ दस वर्ष हो रहा है।

उन्होंने सरकार और वन विभाग से मृतक के परिजन को मुआवजा देने की मांग की है। वहीं, घटना के बाद वन विभाग एवं बरकट्ठा पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बरही भेज दी है।

वहीं, मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार की प्राथमिक सहायता वन विभाग द्वारा दी गई है। थाना प्रभारी गौतम उरांव ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि देर शाम प्रभावित क्षेत्रों में नहीं जाए साथ ही सतर्क रहे सही समय पर वन विभाग को सूचित करें ।

## जाति जनगणना से राजनीति में गर्माहट

**रांची।** केंद्र सरकार ने पूरे देश में जातिगत जनगणना करने की बात कही है। इस खबर के बाद राजनीति में तेजी आ गई है। कांग्रेस पार्टी ने सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की है। इसी वजह से आज झारखंड में कांग्रेस ने राजभवन तक मार्च निकाला।श्री दास ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का असली मकसद लोगों को धोखा देना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी समाज के साथ धोखा किया है, लेकिन अब वे खुद को उनके हितैषी दिखा रहे हैं। यह जनता को धोखा देना बंद करे, सरकार सब देख रही है।

रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार में आदिवासी समाज कमजोर हो रहा है। वे लोग सरना धर्म कोड के नाम पर आदिवासियों को गुमराह कर रहे हैं। झामुमो, कांग्रेस और राजद की वजह से आदिवासी समाज की संख्या कम हो रही है। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ जैसे बड़े मुद्दे हैं, जिन पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। रघुवर दास ने कहा कि पहले इन मुद्दों पर ध्यान दो और कारवाई करो।

# तीन दिवसीय बड़ा पूजा में निकाली गयी शोभा यात्रा, गूंजा जयकारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** डोरंडा मनीटोला स्थित मां मनोकामना काली मंदिर में जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बड़ा पूजा का शुभारंभ रविवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस विशाल शोभायात्रा में पद्मश्री मुकुंद नायक की सांस्कृतिक टीम, बंगाल से मंगाई गई ढाक और छत्तीसगढ़ की सिंधी बाजा ने विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक मां काली के जयघोष के साथ शामिल हुए। सचिव पवन पासवान ने जानकारी दी कि 26 मई को प्रातः 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक मुख्य पूजन का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि बड़ा पूजा आपसी सहभागिता और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बन चुका है।

मुख्य पुजारी रामेश्वर पासवान ने बताया कि बड़ा पूजा की परंपरा वर्ष 1978 में शुरू हुई थी, जो अब एक भव्य वार्षिक आयोजन का रूप ले चुकी है। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी स्वेच्छा से पूजा-अर्चना में भाग ले रहे हैं। बड़ा पूजा एक आस्था का केंद्र है झारखंड के साथ साथ छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल , बिहार



जैसे अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां काली के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कल यानी कि 26 मई को एक लाख भक्तों की आने की संभावना है बता दे विशेष भोग प्रसाद का भी आयोजन किया गया है।

बड़ा पूजा के दौरान पश्चिम बंगाल के चंदननगर से बेहद ही आकर्षक लाइटें मंगाई गई जो मन मोह ले रही हैं। श्री कृष्ण लीला को प्रस्तुत करते हुए तोरण द्वार लगाई गई है। बड़ा पूजा में वर्षों से भाग लेने वाली हटिया निवासी रानी जायसवाल बताती है कि मां मनोकामना काली मंदिर में आयोजित होने वाली बड़ा पूजा बेहद खास है इस दिन मां के अलौकिक रूप का दृश्य हमें देखने को मिलता है।

लंबी कतार में खड़े होने के बावजूद भी मां के दर्शन में कोई कमी नहीं रहती यहां पूजन कर मन को शांति मिलती है। उनका कहना है जो भी परेशानी होती है उसका निराकरण मां की दर्शन कर हो जाती है। जब से मंदिर की स्थापना हुई है तब से लेकर आज तक लगातार बड़ा पूजा में सहपरिवार शामिल हो रहे हैं।

वहीं बड़ा पूजा के दौरान कई इलाकों से लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसी ही एक भक्त है मोराबादी निवासी अदिति राय जो बड़ा पूजा को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछले 28 साल से मां मनोकामना काली मंदिर में जा रहे हैं खास कर बड़ा पूजा के दिन जाना यहां सौभाग्य की बात होती है मैं हर वर्ष बड़ा पूजा के दिन मां काली के दर्शन के लिए पहुंचती हूं। उनका कहना है यहां जो भी मनोकामना की जाती है वोह पूर्ण होती है।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, बीरेंद्र प्रधान, अशोक राय, सुबोध सिंह गुड्डू, दीपू सिन्हा, शंभु गुप्ता, आलोक दुबे, मेहुल दुबे, सत्यनारायण अग्रवाल, राजा पासवान, प्रमोद पासवान, चंद्र भूषण सिन्हा, जयंत राय, सौरभ राय, सुनीता मिंज, उर्मिला उरांव, रानी जायसवाल समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नाबालिग की पिटाई पर हाई कोर्ट सख्त

## मामला लातेहार का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की खंडपीठ ने लातेहार के महुआटांड़ थाना में एक नाबालिग की पिटाई के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

मामले में अगली सुनवाई 24 जून को निर्धारित की गई है। आरोप है कि लातेहार पुलिस ने हत्या के एक मामले में संदेह के आधार पर नाबालिग को पूछताछ के लिए थाना में लाकर तीन दिनों तक बेरहमी से पिटाई की थी।

लातेहार निवासी दुर्गेश महतो 31 मार्च 2025 से लापता था। एक अप्रैल को लातेहार के एक खेत में खून से लथपथ उसका शव मिला था। स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्गेश की मौत बिजली का करंट लगने से बताई जा रही थी।

लेकिन दुर्गेश की मां मुनु देवी ने आरोप लगाया था कि दुर्गेश महतो की तीन-चार लोगों ने पिटाई की थी, जिससे उसकी मौत हो गई है। जिस जगह पर लाश मिली थी, वहां दुर्गेश को घसीटे जाने का भी निशान है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि एक नाबालिग की मां सावित्री देवी ने दुर्गेश की मां मुनु देवी से कहा था कि वह अपने बच्चे में सुधार लाएं, नहीं तो उसे जान से मार देंगे।

आरोप है कि पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में सावित्री देवी के नाबालिग पुत्र को थाने में रखकर उसकी दो दिन तक जमकर पिटाई की।

तीसरे दिन जब नाबालिग की मां सावित्री देवी अपने पुत्र को छोड़ने का आग्रह किया तो थाना प्रभारी ने उससे ढाई लाख रुपये रिश्वत की मांग की। रिश्वत राशि नहीं देने पर तीसरे दिन भी नाबालिग की पिटाई की गई थी।

# झारखण्ड के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन तथा बस अड्डों पर कोविड जांच का आदेश

## चिकित्सकों की छुट्टियां की गयी रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए राज्य के सभी एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों एवं बस स्टैंड पर कोविड जांच का आदेश सिविल सर्जनों को दिया है। विभाग के मंत्री इरफान अंसारी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इससे निपटने के लिए चिकित्सकों की छुट्टियां रद कर दी है।स्वास्थ्य मंत्री ने सोमवार को रांची के सदर अस्पताल में कोविड संक्रमण की रोकथाम को लेकर बैठक की, जिसमें सभी जिलों के स्वास्थ्य पदाधिकारियों, चिकित्सकों को कई निर्देश दिए गए। मंत्री ने जांच में किसी व्यक्ति के पाजिटिव पाए जाने पर तत्काल अस्पताल में भर्ती कर समुचित इलाज के निर्देश दिए।

उन्होंने बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट्स को भी चालू करने के निर्देश दिए। बताया कि रांची में भी कोरोना का



एक मामला सामने आया है, जिसमें मरीज की उम्र अधिक है और पहले से स्वास्थ्य समस्याएं मौजूद हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे मास्क पहनें, भीड़-भाड़ से बचें तथा पौष्टिक आहार लें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र की नई गाइडलाइंस का इंतजार कर रही है, और जैसे ही निर्देश मिलेंगे, त्वरित कदम उठाए जाएंगे। हालांकि राज्य में फिलहाल कोई औपचारिक एडवाइजरी जारी नहीं की गई है।

# साक्ष्य के अभाव में दो लोगों को किया गया बरी

## 26 अक्टूबर 2007 का है मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बेटे अनूप मरांडी सहित 18 लोगों की नृशंस हत्या के मामले की शुक्रवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मनोज चंद्र झा की अदालत में सुनवाई हुई। इस मामले में अदालत ने दो आरोपितों दिलीप साव व कोल्ह यादव को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

देवरी थाना क्षेत्र के चिलखारी गांव में 26 अक्टूबर 2007 को फुटबाल टूर्नामेंट के दौरान पुरस्कार वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था।

इसी दौरान उग्रवादियों ने कार्यक्रम स्थल पर धावा बोला और अनूप मरांडी व नुनूलाल मरांडी का नाम पूछकर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

इस हमले में बाबूलाल मरांडी के बेटे समेत 18 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

पुलिस ने आइपीसी की धारा 147, 148, 149, 341, 342, 307, 302, 379, 120बी, आर्म्स एक्ट की धारा 27, क्रिमिनल ला (संशोधन) एक्ट की धारा 17 और अनलॉफुल एक्टिविटीज (रोकथाम) अधिनियम की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया था।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता पारसनाथ साव और मुस्लिम अंसारी ने बताया कि अभियोजन पक्ष कोर्ट में दिलीप साव व कोल्ह यादव के विरुद्ध कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर सका, जिस कारण न्यायालय ने दोनों को रिहा कर दिया। वहीं पीपी अशोक दास ने बताया कि इस केस में पहले भी कई सुनवाई हो चुकी है, जिसमें कुछ को फांसी तक की सजा सुनाई जा चुकी है। मुकदमा अभी भी जारी है और अन्य आरोपियों पर प्रक्रिया चल रही है।



# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में उरुग्वे को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के रोसारियो में खेले जा रहे फ्रेंडली फोर नेशंस टूर्नामेंट में अपने दूसरे मुकाबले में उरुग्वे को 3-2 से हरा दिया। भारत की ओर से सोनम ने 21वें मिनट में गोल किया, जबकि कनिका सिवाच ने 46वें और 50वें मिनट में दो अहम गोल दागे। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सीगल ने 3वें मिनट में और अगस्टिना मारी ने 24वें मिनट में गोल किए। मैच की शुरुआत में ही उरुग्वे ने बढ़त बना ली थी, जब मिलग्रोस सीगल ने तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को आगे कर दिया। इसके बाद भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी का गोल कर दिया। लेकिन तीन मिनट बाद ही उरुग्वे की अगस्टिना मारी ने फिर से पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

तीसरे क्वार्टर के अंत तक खेल बराबरी पर रहा, लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को विजयी बनाने में मदद की। अंतिम क्वार्टर में कनिका सिवाच ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया और 50वें मिनट में एक शानदार फील्ड गोल दागकर भारत को जीत दिला दी। इससे पहले, भारतीय टीम ने रोसारियो में चिली पर 2-1 की जीत के साथ अपने दौरे की शानदार शुरुआत की। उस मैच में भारत की तरफ से सुखवीर कौर ने 39वें मिनट में और कनिका सिवाच ने 58वें मिनट में गोल किए थे। चिली के लिए एकमात्र गोल जावेरीया साएंज ने 20वें मिनट में गोल किया था। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को (आईएसटी के अनुसार) मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

# वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को DLS से 197 रनों से हराया

## कार्टी का लगातार दूसरा शतक, वेस्टइंडीज ने बनाए 385 रन; वनडे सीरीज 1-1 से बराबर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केसी कार्टी के करियर के सर्वश्रेष्ठ 170 रनों और शाई होप तथा जस्टिन ग्रीव्स के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को ड्रस्र पद्धति से 197 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बारिश की वजह से बाधित इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 385 रन बनाए। बारिश के कारण आयरलैंड का लक्ष्य 46 ओवरों में 363 रन कर दिया गया था। आयरलैंड की पूरी टीम 29.5 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई।

### तीसरे, चौथे और पांचवें विकेट के लिए वेस्टइंडीज ने 50 से ज्यादा रनों की साझेदारी

आयरलैंड ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के केसी कार्टी ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ा, जबकि होप और ग्रीव्स ने अर्धशतकीय पारी खेली। वेस्टइंडीज का पहला विकेट सिर्फ 4 रन के ही स्कोर पर गिर गया। वेस्टइंडीज को दूसरा 31 रन के स्कोर पर गिरा। उसके बाद केसी कार्टी और साई होप ने तीसरे विकेट के लिए 147 गेंदों पर 137 रन की पार्टनरशिप कर पारी को संभाला। साई होप 75 गेंदों में 75 रन बना कर आउट हो हुए। फिर कार्टी ने अमीर जांगो के साथ चौथे विकेट के लिए 71 गेंदों पर 78 रन की साझेदारी की जांगो ने 36 गेंदों का सामना कर 22 रन बनाए। उसके बाद कार्टी ने पांचवें विकेट के लिए जस्टिन ग्रीव्स के साथ 40 गेंदों पर 97 रन की पार्टनरशिप की और स्कोर 385 रन तक पहुंचाने में अहम रोल निभाया। वेस्टइंडीज ने अंतिम आठ ओवरों में 132 रन जोड़े, जो पुरुषों के एकदिवसीय क्रिकेट में बॉल-बाय-बॉल डेटा उपलब्ध होने के बाद से किसी भी टीम की ओर से बनाए गए तीसरे

### शाई होप ने 75 गेंदों पर 75 रन बनाए।

बैरी मैकाथी ने लिए आयरलैंड के लिए 3 विकेट आयरलैंड की ओर से बैरी मैकार्थी ने 10 ओवर में 100 रन देकर 3 विकेट और लियाम मैकार्थी ने 10 ओवर में 93 रन देकर 2 विकेट लिए। आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं 385 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहला विकेट 3 रन के स्कोर पर गिरा। 40 के स्कोर पर आयरलैंड के दो विकेट गिर गए। उसके बाद लोर्कन टकर और कैड कारमाइकल ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 73 गेंदों पर 72 रन की साझेदारी की। उसके बाद छठे विकेट के लिए जॉर्ज डॉकरेल और एंडी मैकब्राइन के बीच 39 गेंदों पर 47 की पार्टनरशिप हुई।ड्ड

# लाहौर कलंदर्स ने चार साल में तीसरी बार जीता पीएसएल का खिताब

## इनाम में मिलने मात्र इतने करोड़

**लाहौर, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के हरफनमौला सिकंदर रजा ने टॉस से महज 10 मिनट पहले इंग्लैंड से यहां पहुंचकर लाहौर कलंदर्स को चार साल में पाकिस्तान सुपर लीग का तीसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर भी मिले जो करीब 4.24 करोड़ रुपए बनते हैं। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर मिले, जो लगभग 1.69 करोड़ रुपए बनते हैं। अगर इस राशि को अगर आईपीएल की इमानी राशि से जोड़कर देखा जाए तो यह काफी कम हैं क्योंकि आईपीएल का खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपए मिलेंगे। वहीं पीएसएल की खिताबी राशि से कहीं अधिक राशि आईपीएल नीलामी में खिलाड़ियों पर खर्च की जाती है। इसमें ऋषभ पंत एक उदाहरण हैं जो इस बार 27 करोड़ में बिके थे।




लाहौर ने रविवार को रोमांचक फाइनल में बड़े स्कोर का सफलता से पीछा करते हुए क्वेटा ग्लैडिएटर्स को एक गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया। रजा ने नॉटिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जिसे जिम्बाब्वे शनिवार को पारी से हार गया था। उन्होंने रविवार को सात गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों की पारी खेली जिससे लाहौर ने 19.5 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की। क्वेटा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद 9 विकेट पर 201 रन बनाए थे। क्वेटा के अबूझ स्पिनरों की जोड़ी अबरार अहमद (27 रन पर एक विकेट) और उस्मान तारिक (38 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में लाहौर पर शिकंजा कस दिया था। जब रजा मैदान पर आए तो घरेलू टीम को अंतिम 20 गेंदों पर 57 रन की जरूरत थी। लाहौर पहुंचने के लिए कई उड़ान लेने वाले रजा पर थकान का कोई लक्षण नहीं दिखा। उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की पहली दो गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा। फहीम अशरफ की अंतिम तीन गेंदों पर टीम को जीत के लिए आठ रन चाहिए थे। रजा ने इस तेज गेंदबाज के खिलाफ छक्का और फिर फिर मिड-ऑन पर चौका जड़कर लाहौर को यादगार जीत दिला दी। इससे पहले पाकिस्तान के उभरते हुए स्टार टी20 बल्लेबाज हसन नवाज ने 43 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली। अशरफ (28) ने सलमान मिर्जा के आखिरी ओवर में 23 रन बटोरे जिससे क्वेटा 200 रन के पार पहुंच गया। कप्तान शाहीन शाह अफरीदी (24 रन पर तीन विकेट) और हारिस रऊफ (41 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने आखिरी कुछ ओवरों में दो रन के अंतराल में चार विकेट चटकाकर मैच में लाहौर की वापसी कराई। अशरफ की 20वें ओवर में आतिशी बल्लेबाजी ने हालांकि क्वेटा को छह साल में अपना पहला पीएसएल खिताब जीतने की उम्मीद दी, लेकिन रजा ने उनके सपने को तोड़ दिया।

**PSL फाइनल खेलने की जिद**

# इंग्लैंड से लाहौर तक दौड़ते भागते पहुंचा ये खिलाड़ी और फिर...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान सुपर लीगः 2025 का फाइनल मुकाबला लाहौर कलंदर्स के लिए जितना रोमांचक रहा,उतनी ही दिलचस्प रही उनके स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा की मैदान तक पहुंचने की कहानी. एक दिन पहले इंग्लैंड के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर टेस्ट मैच खेल रहे सिकंदर रजा ने पीएसएल फाइनल खेलने के लिए जो सफर तय किया , वह किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है. सिकंदर रजा इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में शानदार 60 रन बनाकर अपनी टीम के लिए अहम योगदान दे चुके थे, लेकिन उनका दिल पीएसएल फाइनल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने के लिए बैचेन था. पीएसएल फाइनल में अपनी टीम के लिए खेलने की चाह में सिकंदर रजा ने इंग्लैंड से दो फ्लाइट्स लीं. रास्ते में खुद गाड़ी चलाई और दुबई होते हुए लाहौर पहुंचे. इसके बाद उन्होंने मैदान में अपनी टीम के लिए मैच विनिंग पारी भी खेली. सफर इतना लंबा और थकान से भरा था कि उन्होंने बर्मिंघम में डिनर, दुबई में ब्रेकफास्ट और अबू धाबी में लंच किया. वो मैदान में टॉस से महज 10 मिनट पहले पहुंचे ।



### आखिरी ओवर का तूफान और जीत का जश्न

लाहौर कलंदर्स को जीत के लिए 2 ओवर में 31 रन चाहिए थे और सिकंदर रजा भी उस वक्त पिच पर मौजूद थे. जब मुकाबला अंतिम ओवर तक पहुंचा तो उस समय टीम को 6 गेंदो में 13 रन की आवश्यकता थी, तभी सिकंदर रजा ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से ओवर की चौथी और पांचवी गेंद पर लगातार 2 छक्के लगाकर लाहौर कलंदर्स को छह विकेट से जीत दिला दी. मात्र 7 गेंदो में 22 रन की धुंआधार पारी खेलकर रजा ने मैच का रूख पूरी तरह से पलट दिया. उनके साथ क्रीज पर मौजूद श्रीलंकाई बल्लेबाज कुसल परेरा ने भी 31 गेंदो पर 62 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली और टीम को तीसरी बार पीएसएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई. मैच के बाद सिकंदर रजा ने कहा कि वो थके हुए थे लेकिन उन्हें पता था कि टीम को उनकी जरूरत है. वह हर गेंद को बाउंड्री के बाहर पहुचाने के लिए तैयार थे और किसी भी हालत में यह मौका गंवाना नहीं चाहते थे.

# वैभव सूर्यवंशी बाल-बाल बचे, कटने वाला था नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाल-बाल बच गए वैभव सूर्यवंशी. नहीं तो कट जाता नाम. आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्या बेंगलुरु में इंडिया अंडर 19 स्क्वॉड के कैंप में मौजूद वैभव सूर्यवंशी के साथ कुछ ऐसा-वैसा हुआ है. तो जी नहीं, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है. वैभव सूर्यवंशी बेंगलुरु में अच्छे से अंडर-19 टीम का कैंप कर रहे हैं. रही बात उनके नाम कटने से बाल-बाल बचने की तो इसके तार आईपीएल इतिहास के सबसे तेज शतकों की लिस्ट से जुड़ा है. दरअसल, आईपीएल इतिहास के सबसे तेज शतकों की लिस्ट में अपडेट हुआ है. अब वहां पर युसूफ पठान के साथ तीसरे नंबर पर हेनरिक क्लासन का भी नाम दर्ज हो गया है. सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 25 मई को खेले मुकाबले में तूफान मचाते हुए सिर्फ 37 गेंदों पर शतक जमाया.



### 269.23 की स्ट्राइक रेट से क्लासन ने मारे रन

केकेआर के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा ने 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए. ट्रेविस हेड ने 190 की स्ट्राइक से विस्फोटक बैटिंग की. लेकिन, जब नंबर 3 पर हेनरिक क्लासन उतरे तो उन्होंने 269.23 की स्ट्राइक रेट से नाबाद शतक जमाया. उन्होंने 64 मिनट बल्लेबाजी की और 39 गेंदों में नाबाद 105 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के, 7 चौके शामिल रहे.

### वैभव सूर्यवंशी बाल-बाल बचे

आईपीएल में वैभव सूर्यवंशी ने अपने तूफानी शतक की स्क्रिप्ट 35 गेंदों पर लिखी थी. जब उन्होंने ऐसा किया था तब उन्होंने यूसुफ पठान का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा था. और क्रिस गेल का 30 गेंदों वाला रिकॉर्ड तोड़ने से चूके थे. अब जब हेनरिक क्लासन ने 37 गेंदों पर शतक जमाया है तो उससे वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्ड बाल-बाल बचा है. दोनों के बीच बस 2 गेंदों का फासला रहा है. हालांकि, हेनरिक क्लासन ने यूसुफ पठान के 37 गेंदों की बराबरी जरूर कर ली.

**आईपीएल 2025:**

# 37 गेंद में तूफानी शतक जड़ हेनरिक क्लासेन ने रचा इतिहास

### हैदराबाद के नाम भी खास रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में रविवार को कोलकाता और हैदराबाद के बीच खेले गए मैच में हैदराबाद ने कोलकाता को 110 रनों के बड़े अंतर से हराया. ये दोनों ही टीमों का इस सीजन का आखिरी मैच था. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज़ हेनरिक क्लासेन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में इतिहास रच दिया है. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दिल्ली में खेले गए मैच में महज़ 37 गेंदों में शतक जड़कर आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे तेज़ शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया.



### क्लासेन ने बनाया ये रिकॉर्ड

क्लासेन का यह शतक आईपीएल इतिहास का अब तक का संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज़ शतक है, और दूसरा सबसे तेज़ शतक किसी विदेशी खिलाड़ी द्वारा. इस सूची में उनसे सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 गेंदों में शतक जड़ा था.

# हर्ष दुबे चालाक गेंदबाज, उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं : डेनियल विटोरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के प्लेऑफ की रेस से बाहर सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने अंतिम लीग मैच में जीत हासिल कर टूर्नामेंट के सफर का शानदार अंत किया। इस मैच में ऑलराउंडर हर्ष दुबे के प्रदर्शन से मुख्य कोच डेनियल विटोरी काफी प्रभावित हुए। न्यूजीलैंड के इस पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ने युवा खिलाड़ी को बहुत ही चालाक गेंदबाज बताया। अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स पर हैदराबाद ने 110 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। जिसमें दुबे ने अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को आउट किया और अपने चार ओवरों में उन्होंने 34 रन देकर तीन विकेट लिए। पूर्व में दुबे ने अपने पहले दो आईपीएल मैचों में मिशेल मार्श और विराट कोहली को आउट किया था, जिसके बाद यह दमदार स्पेल आया।



2025 दुबे के लिए एक शानदार साल रहा है, खिलाड़ी ने रणजी ट्रॉफी के एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ा, जब उन्होंने विदर्भ की 2024/25 चैंपियनशिप जीतने की दौड़ में 69 विकेट चटकाए, और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। दुबे को 30 मई से शुरू होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया 'ए' टीम में शामिल किया गया है।

डेनियल विटोरी ने मैच के बाद दुबे की तारीफ में कहा कि मुझे लगता है कि टीम में आने के बाद से उन्होंने जो कुछ किया है, उससे हम बहुत खुश हैं। वह स्पष्ट रूप से एक बहुत ही चालाक गेंदबाज है और परिस्थितियों को अच्छी तरह समझता है। वह समझता है कि उसे कैसे गेंदबाजी करनी है और कैसे विकेट निकालनी है। उसने आईपीएल के मैचों में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। विटोरी ने कहा, उसके लिए सबसे अच्छी बात यह है कि अब से लेकर अगले आईपीएल तक वह बहुत क्रिकेट खेलेगा, चाहे वह भारत ए के लिए हो या उसकी घरेलू टीम के लिए, उसके लिए बहुत सारे अवसर होंगे। इसलिए हमारा मानना है कि वह एक गेंदबाज और एक बल्लेबाज के रूप में भी उभर कर सामने आएगा।

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई, बड़ी पुरस्कार राशि की भी घोषणा

**चेन्नई, एजेंसी।** आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे। चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाकर 20 करने के साथ इसकी अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये करने की घोषणा की गई है। आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि पिछले सत्र में आठ खिलाड़ी भाग लेते थे। एमजीडी1 द्वारा आयोजित और तमिलनाडु सरकार तथा तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट को सिंगापुर स्थित 'फिनटेक' कंपनी 'क्वांटबॉक्स रिसर्च' के साथ करार के बाद 'क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स' कर दिया गया है। पिछले सत्र में अरविंद चिदंबरम मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती जैसे खिलाड़ियों को पछाड़कर चैंपियन बने थे। प्रणव वी. ने चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता था। इस जीत से उन्हें इस साल मास्टर्स वर्ग में चुनौती पेश करने का मौका मिलेगा।



## संक्षिप्त समाचार



### दिल्ली में मई महीने में कभी नहीं हुई इतनी बारिश, ऑलटाइम नया रिकॉर्ड बना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 1901 से बारिश का रिकॉर्ड रखने की शुरुआत हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार, तब से लेकर अब तक दिल्ली में मई महीने में कभी इतनी बारिश दर्ज नहीं की गई। मई महीने में सबसे अधिक बारिश 2008 में 165 मिमी दर्ज की गई थी। 2025 में यह रिकॉर्ड टूट गया। इस साल मई महीने में 186.4 मिमी बारिश के साथ दिल्ली ने नया रिकॉर्ड बनाया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार अलसुबह शहर में आए तूफान और कुछ ही घंटों में 81.4 मिमी बारिश हुई। इससे पहले बुधवार रात को भी जोरदार बारिश हुई थी। दिल्ली में 1901 में रिकॉर्ड रखने की शुरुआत के बाद से अब तक का सबसे अधिक बारिश वाला मई महीना दर्ज किया गया। इस महीने की कुल बारिश अब 186.4 मिमी तक पहुंच गई है। यह मई 2008 में स्थापित 165 मिमी के पिछले सर्वकालिक रिकॉर्ड को पार कर गई है।

शनिवार रात करीब 2 बजे आए तूफान के कारण 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे बड़े पैमाने पर जलभराव हो गया, पेड़ उखड़ गए और हवाई अड्डे पर बड़ी रुकावटें आईं। अकेले दिल्ली में रविवार की बारिश को आईएमडी ने अपने मानकों के अनुसार, भारी के रूप में वर्गीकृत किया है। इसे 20 मई, 2021 को दर्ज 119.3 मिमी के बाद 24 घंटे में शहर की दूसरी सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई। इससे तापमान में भारी गिरावट आई। सफदरजंग में 75 मिनट के अंदर पारा 10 डिग्री गिर गया। यह 31 से 21 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

मौसम विभाग ने कहा कि असामान्य रूप से तेज तूफान आर्द्र दक्षिण-पूर्वी हवाओं और शुष्क पश्चिमी हवाओं के बीच परस्पर क्रिया का परिणाम था। तीन सक्रिय मौसम प्रणालियों के कारण और तेज हो गया। उत्तर पंजाब और जम्मू-कश्मीर के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ और दो ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण- एक उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तरी हरियाणा के ऊपर और दूसरा पश्चिमी राजस्थान के ऊपर।

आंकड़ों के अनुसार, शहर में इससे पहले 2 मई को 77 मिमी बारिश हुई थी। हालांकि, आने वाले दिनों के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन आईएमडी ने पूरे सप्ताह रुक-रुक कर हल्की बारिश और 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान लगाया है।

रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 9 डिग्री कम 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान मई महीने के औसत से 7 डिग्री कम 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### हराम का माल लेकर आई है, कितनों से...; महिला के लिए इन शब्दों के इस्तेमाल पर कोर्ट ने दोषी ठहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने हराम शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि यह किसी मेहनती महिला का अपमान करने के लिए काफी है। कोर्ट ने कहा कि हराम शब्द का मतलब है कि कोई ऐसी चीज जो गलत तरीके से अर्जित की गई हो।



लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, तीस हजारी कोर्ट के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) करणबीर सिंह ने कहा कि हराम शब्द ऐसा शब्द नहीं है जिसका इस्तेमाल सिर्फ किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए किया जाता है। हराम शब्द का मतलब है कि कोई ऐसी चीज जो निषिद्ध हो और जिसे गलत तरीके से अर्जित किया गया हो। यह शब्द किसी भी मेहनती महिला की शील का अपमान करने के लिए काफी है।

# फिर डरा रहा कोरोना, दिल्ली में 100 से ज्यादा केस, एक हफ्ते में ही 99 मामले



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोरोना वायरस ने एक बार फिर अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है। अन्य राज्यों की तरह दिल्ली में कोरोना के नए मामले बढ़े हैं। सवास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में कोरोना के 100 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। जानकारी के मुताबिक फिलहाल दिल्ली में कोरोना के ऐक्टिव मामले में 104 हैं। इनमें से ज्यादातर मामले पिछले एक हफ्ते में सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 19 मई के बाद से 99 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि इन मामलों से घबराने की जरूरत नहीं है कि क्योंकि इनके लक्ष्ण काफी माइल्ड है। हालांकि एतियात बरतना जरूरी है।

### अस्पतालों को सभी जरूरी तैयारी रखने के आदेश

इससे पहले दिल्ली सरकार ने कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अस्पतालों को सभी जरूरी तैयारी रखने के आदेश दिए थे। दिल्ली सरकार ने सभी अस्पतालों को बिस्तरों, ऑक्सीजन, दवाइयों और टीकों की उपलब्धता के लिए तैयार रहने को लेकर एडवाइजरी जारी की थी। यह पहली बार है जब दिल्ली में लगभग तीन सालों के बाद कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, दिल्ली सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमने राजधानी के सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों, चिकित्सकों और उनकी टीम के साथ पहले ही समन्वय कर लिया है। बयान में कहा गया है कि तैयारियों के संदर्भ में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है और त्वरित प्रतिक्रिया और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और जनता को समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले, स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 की तैयारियों के संबंध में दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को एक परामर्श जारी किया था।

इस बीच, स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को कोविड-19 की तैयारियों के बारे में एक परामर्श जारी किया। यह परामर्श कई राज्यों में कोविड के मामले सामने आने के बाद जारी किया गया है। सरकार ने स्वास्थ्य संस्थानों से जीनोम सिक्वेसिंग के लिए सभी पॉजिटिव सैंपल लोक नायक अस्पताल भेजने को कहा है। इसमें कहा गया है, ''अस्पतालों को बिस्तर, ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स, अन्य दवाओं और टीके की उपलब्धता के मामले में तैयारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

### भारत में फिर से लगेंगी कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में कोरोना वायरस एक बार फिर से पैर पसारने लगा है। ऐसे में इस बीमारी से बचाव के लिए दोबारा से कोरोना बूस्टर वैक्सीन डोज की चर्चा फिर शुरू होने लगी है। हालांकि, विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि वर्तमान में भारत में अभी कोरोना बूस्टर डोज की कोई जरूरत नहीं है। पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञ और नीति विश्लेषक डॉ. चंद्रकांत लहरिया ने कहा कि मौजूदा महामारी विज्ञान की स्थिति को देखते हुए न तो अभी बूस्टर वैक्सीन की जरूरत है और न ही निकट भविष्य में इसकी कोई संभावना दिख रही है। डॉ. लहरिया ने कहा कि कोरोना अब नया वायरस नहीं है। भारत की पूरी आबादी किसी न किसी रूप में इस वायरस के संपर्क में आ चुकी है। सभी उम्र, वर्गों में संक्रमण फैला है और ज्यादातर वयस्कों को पहले ही दो या दो से अधिक वैक्सीन डोज मिल चुकी हैं। एम्स के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर नीरज निश्चल ने बताया कि इस समय देश में जो वेरिएंट सक्रिय है वह जेएन1 है, जो नया नहीं है। उन्होंने कहा कि अब हर कुछ महीनों में मामूली संक्रमणों की लहरें आती रहेंगी, लेकिन यह चिंता का विषय नहीं है। डॉ. लहरिया ने बताया कि फिलहाल भारत में रिपोर्ट हो रहे मामलों की संख्या बहुत कम है। देश में हर 50 लाख की आबादी पर सिर्फ एक कोविड केस दर्ज हो रहा है।

### भारत में एमआर वैक्सीन उपलब्ध नहीं

डॉ. लहरिया ने बताया कि जो वैक्सीन नए वेरिएंट्स के मुताबिक बदले जा सकते हैं, वे एमआरएनए तकनीक पर आधारित हैं, लेकिन ऐसी वैक्सीन भारत में न तो लाइसेंस प्राप्त हैं और न ही उपलब्ध हैं। ऐसे में जो वैक्सीन हमारे पास हैं, वह वर्तमान वेरिएंट के खिलाफ बहुत प्रभावी नहीं मानी जा सकतीं। डॉ. लहरिया ने यह भी स्पष्ट किया कि कोविड वैक्सीन संक्रमण को पूरी तरह रोक नहीं पाती। मौजूदा हालात में गंभीर बीमारी और मौत की संभावना अत्यंत कम है। ऐसे में वैक्सीनेशन का लाभ नहीं है।

### एनआईए ने दिल्ली से सीआरपीएफ जवान को किया गिरफ्तार, पाकिस्तान के लिए करता था जासूसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में दिल्ली से एक सीआरपीएफ के जवान को गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के अफसरों के साथ संवेदनशील जानकारी शेयर करने के आरोप है।

एनआईए ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि आरोपी मोती राम जाट जासूसी गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल था। वह 2023 से पाकिस्तान खुफिया अधिकारियों (पीआईओ) के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन शेयर कर रहा था। एनआईए को आगे जांच में पता चला कि वह अलग-अलग माध्यमों से पीआईओ से धन प्राप्त कर रहा था। एनआईए ने मोती राम को दिल्ली से पकड़ा था। आरोपी से आगे की पूछताछ की जा रही है। एजेंसी ने उसे आज पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उसे 6 जून तक एनआईए की कस्टडी में भेज दिया है। बता दें कि, पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी जासूसों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इस घटना के बाद पकड़े गए कई जासूसों में हरियाणा की एक यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा एक बड़ा और फेमस नाम है। उसके बाद कई और लोगों को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। माना जा रहा है कि यह आंकड़ा आगे और भी बढ़ सकता है।

**कौन है ज्योति मल्होत्रा, कैसे बनी पाकिस्तानी जासूस-** यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को 17 मई को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ज्योति पर भी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप है। पुलिस ने बताया था कि हिसार की रहने वाली और 'ट्रैवल विद जेओ' नाम से यूट्यूब चैनल चलाने वाली ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। ज्योति के यूट्यूब चैनल पर 3.77 लाख सब्सक्राइबर हैं। वह दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में काम करने वाले एक पाकिस्तानी कर्मचारी दानिश से संपर्क में थी। भारत ने कथित तौर पर जासूसी में लिप्त होने के कारण उस पाकिस्तानी अधिकारी को 13 मई को निष्कासित कर दिया था। उसके यूट्यूब चैनल अकाउंट पर 'इंडियन गर्ल इन पाकिस्तान', 'इंडियन गर्ल एक्सप्लोरिंग लाहौर', 'इंडियन गर्ल ऐट कटास राज टेंपल' और 'इंडियन गर्ल राइड्स लक्जरी बस इन पाकिस्तान' जैसे पाकिस्तान यात्रा से जुड़े कुछ वीडियो पोस्ट किए गए हैं। उसने अब तक कुल 487 वीडियो बनाए हैं।

## नक्सली विलेन को हीरो नहीं बनने देना; बसवराजू का शव भी परिवार को नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिंदगीभर जंगलों में छिपते हुए मारकाट मचाने वाले नक्सली नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू का अंतिम संस्कार भी गुपचुप ही होगा। 22 मई को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में हुए एनकाउंटर में ढेर किए गए बसवराजू के शव को पुलिस परिवार के हवाले नहीं करना चाहती है। आतंकवादियों की तरह उसका अंतिम संस्कार करने की तैयारी है। दरअसल पुलिस नहीं चाहती है कि नक्सली विलेन को हीरो बनाने का कोई मौका उसके समर्थकों को मिले।



एक रिपोर्ट के मुताबिक बसवराजू की एक सौतेली मां और भाई आंध्र प्रदेश के श्रीक्कुलम जिले में रहते हैं। उसके भाइयों और कुछ रिश्तेदारों ने शव पाने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस से संपर्क किया है। पुलिस दावों की जांच कर रही है और अंतिम फैसला लेने से पहले हर पहलू पर विचार किया जा रहा है। रिपोर्ट में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिले संकेत के आधार पर बताया गया है कि पुलिस बसवराजू का अंतिम संस्कार उसी तरह कर सकती है जिस तरह 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के मारे जाने के बाद किया जाता है। वहां किसी स्थानीय आतंकवादी के एनकाउंटर के बाद शव को परिवार के हवाले नहीं किया जाता है और पुलिस अज्ञात स्थान पर दफनाती है। परिवार के कुछ सदस्यों को ही इसमें शामिल होने की इजाजत होती है।

दरअसल, वहां देखा गया था कि आतंकवादियों के जनाजे के जरिए भावनाओं को उभारने और नापाक साजिशों को मौका मिलता था। उन्हें हीरो की तरह पेश करके कट्टरता और लोकल भर्ती को बढ़ाने की कोशिश होती थी।

## बोड़ाकी मेट्रो प्लान को मंजूरी मिलने की आस, 2.6 किमी लंबे रूट पर होंगे 2 स्टेशन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन तक प्रस्तावित नई मेट्रो लाइन को लेकर सोमवार को दिल्ली में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के समक्ष प्रेजेंटेशन होगा। नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) के अधिकारी इस रूट की कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे। केंद्र सरकार से जल्द इस रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद होगी।

एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह मेट्रो ट्रैक एलिवेटेड होगा और इसकी लंबाई 2.6 किलोमीटर होगी। यह जिले में मेट्रो का सबसे छोटा रूट होगा, जो एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है। अब ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने में 416 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। डीएमआईसी इस मेट्रो रूट के लिए जमीन उपलब्ध कराएगा। 500 करोड़ रुपये से कम बजट का रूट होने के कारण यह मंजूरी के लिए कैबिनेट की बैठक में नहीं जाएगा। केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद इस रूट के लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) डिजाइन कंसल्टेंट की नियुक्ति करेगा। इसके बाद निर्माण शुरू करने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।

**जानकारी मांगी -** केंद्र सरकार ने सेक्टर-142 से सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन तक प्रस्तावित मेट्रो रूट को लेकर फिर कुछ सवाल पूछे हैं। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि इस रूट से संबंधित दो बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है।

**नोएडा एयरपोर्ट शुरू होने से पहले बसों की पार्किंग बनानी होगी-** वहीं, जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बॉटेनिकल गार्डन तक तीन नए रूट पर बसें चलाने में देरी संभव है। संचालन से पहले बसों को खड़ा करने के लिए ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क यानी बस अड्डा विकसित करना होगा। बस अड्डा विकसित करने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी जल्द ही बैठक कर बस अड्डे के लिए जगह चिह्नित करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने पिछले महीने नोएडा एयरपोर्ट से बॉटेनिकल गार्डन तक तीन नए बस रूट निधारित किए थे। इन्हें उत्तर प्रदेश सरकार ने मंजूरी भी दे थी। इनमें सबसे प्रमुख एयरपोर्ट से ग्रेटर नोएडा के परी चौक को जोड़ने वाला रूट है। इस 42 किमी लंबे बस रूट का लाभ विशेष तौर पर क्षेत्र के स्थानीय लोगों के साथ एयरपोर्ट जाने वाले यात्री को मिलेगा।

## पोप लियो 14वें ने खुद को रोमन घोषित किया

**रोम , एजेंसी।** पोप लियो 14वें ने रविवार को खुद को रोमन घोषित किया। उन्होंने रोम के बिशप के तौर पर अपनी भूमिका को पुख्ता करने के लिए सभी अनिवार्यताएं पूरी कर ली हैं। उन्होंने अंतिम औपचारिक कदम भी उठा लिए हैं। पहले अमेरिकी पोप ने औपचारिक रूप से सेंट जॉन लेटरन बेसिलिका में अपना स्थान ग्रहण किया। यह रोम का गिरजाघर है। इसे सभी पश्चिमी चर्चों में सबसे प्रतिष्ठित माना जाता है। इसे सभी कैथोलिक चर्चों की जननी भी कहा जाता है।



सेंट जॉन लेटरन बेसिलिका में रोमन पुजारियों और श्रद्धालुओं ने शाम को प्रार्थना की। इसके बाद पोप लियो ने पोपमोबाइल से सेंट मैरी मेजर का दौरा किया, जहां उन्होंने पोप फ्रांसिस की कब्र और रोमन श्रद्धालुओं की प्रिय वर्जिन मैरी की मूर्ति के सामने प्रार्थना की। इसके बाद पोप लियो ने कहा कि वह उन्हें सुनना चाहते थे, ताकि वे सीख सकें, समझ सकें और निर्णय ले सकें।

8 मई को चुने जाने पर पोप लियो ने जो कई उपाधियां ग्रहण कीं, उनमें से एक रोम का बिशप था। 1.4 बिलियन की संख्या वाले सार्वभौमिक कैथोलिक चर्च को चलाने की अपनी जिम्मेदारियों को देखते हुए रोमन के सूबा के संचालन के दैनिक शासन को पोप एक पादरी को सौंपते हैं। सेंट जॉन लेटरन में रविवार के समारोह और सेंट मैरी मेजर बेसिलिका का पड़ाव पिछले सप्ताह लियो की सेंट पॉल आउटसाइड द वॉल्स बेसिलिका की यात्रा के बाद हुआ।

रोम के मेयर रॉबर्टो गुआल्टिएरी ने सिटी हॉल की सीढ़ियों पर सबसे पहले लियो का स्वागत किया। उनका 8 मई का चुनाव पवित्र वर्ष के दौरान हुआ था, जो रोम में तीर्थयात्रियों को आमंत्रित करने के लिए हर 25 साल में होने वाला एक आयोजन है। शहर में दो साल तक यातायात समेत कई परियोजनाओं पर काम किया गया। उम्मीद है कि 2025 में 30 मिलियन से ज्यादा लोग आएंगे।

## ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ से अब तक 5 की मौत

### हजारों लोग फंसे, राहत का काम जारी

**केनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य में पिछले सप्ताह से जारी भीषण बारिश के कारण आई बाढ़ से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ की वजह से हजारों लोग घरों में कैद हो गए हैं। कई इलाकों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है, लोग अपने घरों में फंसे हैं और बहुत सी सड़कें, पुल और खेत तबाह हो गए हैं। राज्य के उत्तरी तटीय हिस्सों में बाढ़ का असर सबसे ज्यादा पड़ा है। कई घरों में पानी भर गया, खेतों में खड़ी फसलें बह गई और पशुओं की जान भी गई। जान बचाने के लिए कई लोगों को हेलीकॉप्टर और नावों की मदद से निकाला गया। कुछ इलाकों में तो कारें पूरी तरह पानी में डूब गईं। राज्य की आपातकालीन सेवा ने बताया कि करीब 32,000 लोग अब भी ऐसे इलाकों में हैं जहां जाने का रास्ता बंद है। हालांकि, धीरे-धीरे पानी उतरने लगा है। बाढ़ की वजह से 10,000 से ज्यादा घर और संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं।



# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज तुर्किये राष्ट्रपति से मिले

### भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया भी कहा, आर्मी चीफ मुनीर भी साथ गए

**इस्तांबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार देर रात इस्तांबुल में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। इस दौरान शहबाज ने भारत के खिलाफ समर्थन देने के लिए तुर्किये का शुक्रिया अदा किया। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत हुई।

राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा, तुर्किये और पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ते रहेंगे। दोनों देश एक-दूसरे को ट्रेनिंग, खुफिया जानकारी और टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट देंगे। इससे दोनों का फायदा होगा। तुर्किये-पाकिस्तान के बीच व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। एनर्जी, ट्रांसपोर्ट और डिफेंस सेक्टरों में सहयोग को बढ़ाया जाएगा। एर्दोगन ने बताया कि इस्तांबुल-तेहरान-इस्लामाबाद रेलवे लाइन को बेहतर किया जाएगा। साथ ही एजुकेशन सेक्टर में ठोस कदम दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे।

तुर्किये के राष्ट्रपति ने कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की पेशकश की थी तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने 17 मई को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की। उन्होंने कहा कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। एर्दोगान ने कहा ने कहा- भगवान का शुक्र है कि दोनों न्यूक्लियर पावर पड़ोसियों में तनाव कम हो गया। तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए, दोनों पक्षों को मौजूदा मुद्दों से निपटने में संयम दिखाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर दोनों देश अनुरोध करते हैं तो वो कश्मीर मामल में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं; हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते।

### भारत-पाक तनाव में तुर्किये ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से फोन पर कहा-मैं हमलों में जान गंवाने वाले अपने भाइयों के लिए अल्लाह से रहम की दुआ करता हूं और पाकिस्तान के भाईचारे वाले लोगों और देश के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।



# 'बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड' कार्यक्रम का आयोजन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के अप्रैल माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के 'बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल आठ (08) कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया. इस समारोह में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरन के साथ संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार



प्राप्त करने वाले कार्मिक तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे. मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरन ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है. उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने रोज के कार्यों के अलावा नित नई चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा विकास की गति को बनाये रखना चाहिए. विश्व इस्पात बाजार एक कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है और आप सभी के योगदान से हम लोग इस चुनौती को पार करेंगें और बोकारो स्टील प्लांट को एक नयी ऊँचाई तक ले जायेंगे. कार्यक्रम का सञ्चालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री सिबिल सिंह, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) के द्वारा किया गया.

# 28 मई को होगा 'सारथी नेटवर्क' का भव्य शुभारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क को संदेश देते हुए कहा कि औद्योगिक परिवर्तन और खास कर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निबटने के लिए आदिवासियत की संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संक्रमण के इस दौर में विकास के ऐसे मॉडल के निर्माण की जरूरत है



जो न केवल औद्योगिक परिवर्तन की चुनौतियों को कम करे बल्कि झारखंड के लोगों को एक मजबूत, न्यायसंगत और सतत भविष्य के निर्माण की दिशा दे। यह मॉडल सतत आजीविका, सामुदायिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और भावी पीढ़ी में जल, जंगल और जमीन के प्रति जुड़ाव की परंपरा को विकसित करने से ही संभव हो सकता है। मुख्यमंत्री ने 'सारथी झारखंड जस्ट ट्रांज़िशन नेटवर्क' की पहल के मौके पर भेजे लिखित संदेश में ये बातें कही। यह संदेश राज्य सरकार और नागरिक समाज के बीच सहयोग की भावना को और मजबूत करता है और यह दशार्ता है कि झारखंड सरकार जस्ट ट्रांज़िशन की अवधारणा को मूर्त रूप देने में गंभीरता से जुड़ी है। इस संबंध में सारथी नेटवर्क के सहभागी संस्था सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर तथा दामोदर बचाओ अभियान के गुलाब चंद्र ने बताया कि राजधानी रांची में 28 मई 2025 को एक ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने जा रहा है, जब राज्य की 30 से अधिक सामाजिक संस्थाओं के साझा प्रयास से गठित 'सारथी झारखंड जस्ट ट्रांज़िशन नेटवर्क' का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर राज्य सरकार, सामाजिक संगठनों, शोध संस्थाओं, पर्यावरण कार्यकताओं और स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह मंच राज्य के लिए न्यायपूर्ण, समावेशी और सतत विकास के एक नए युग की शुरूआत करेगा। 'सारथी' नेटवर्क का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि झारखंड की विकास यात्रा में वे समुदाय भी प्रमुख भूमिका निभाएँ जो अब तक हाशिए पर रहे हैं—विशेषकर वन, खनन और पारंपरिक आजीविका पर निर्भर समुदाय। गिरीडीह ज़िले से वनवासी विकास आश्रम और अविव्यक्ति संस्था इस नेटवर्क की अगुआई करेंगी। ये दोनों संस्थाएँ वर्षों से समाज के वंचित और वनवासी समुदायों के साथ गहराई से जुड़कर कार्य कर रही हैं। 'सारथी' एक ऐसा मंच है, जो सरकार, नागरिक समाज और समुदायों के बीच सेतु का कार्य करेगा। यह नेटवर्क झारखंड सरकार की विकासशील और जनकेंद्रित दृष्टि के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की योजनाओं और नीतियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में यह नेटवर्क सहायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षों में सारथी नेटवर्क के माध्यम से पूरे राज्य में संवाद, प्रशिक्षण, जन-जागरूकता और नीति समन्वय की गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि झारखंड के प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा में समान अवसर प्राप्त हों। बोकारो जिले में सारथी के पंचसफर, सहयोगिनी तथा दामोदर बचाओ अभियान पार्टनर संस्था हैं।

## ंक्षिप्त समाचार

### खनन विभाग ने किया हाइवा और ट्रैक्टर जप्त, प्राथमिकी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें अमलाबाद ओपी अन्तर्गत बीरुबांध



के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए 01 ट्रैक्टर पकड़ा गया। जिसे विधिवत जप्त कर अमलाबाद ओपी को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं, ओपी अन्तर्गत रेलवे विश्राम गृह के समीप मुख्य पथ पर अवैध रूप से स्टोन चिप्स खनिज का प्रेषण करते हुए 01 हाइवा को पकड़ा गया। जिसे विधिवत जप्त कर अमलाबाद ओपी को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में बरमसिया ओपी अन्तर्गत कुम्हारडीह के समीप अवैध रूप से स्टोन चिप्स खनिज का प्रेषण करते हुए 01 ट्रैक्टर को पकड़ा गया, जिसे विधिवत जप्त कर बरमसिया ओपी को सुपुर्द किया गया। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल आदि मौजूद थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय बाल संसद सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3 सी बोकारो में संकुल स्तरीय बाल संसद का प्रबोधन वर्ग संपन्न हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मारकंडे पांडे संकुल संयोजक हैं। 3 सी के प्रधानाचार्य संजीव



कुमार जो संकुल प्रमुख हैं। सरस्वती विद्या मंदिर 2 अ के प्रधानाचार्य उपेंद्र पांडे सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में कुल पांच सरस्वती विद्या मंदिर सम्मिलित रहे और कुल बाल संसद के सदस्यों की संख्या 136 रही। विगत कुछ दिन पहले ही विभागों का बंटवारा हो चुका था और आज उन्हें किस प्रकार से कार्य किया जाए इसके निमित्त प्रबोधन वर्ग लगाया गया जिसमें सभी बाल संसद के निर्वाचित सदस्य सहर्ष सम्मिलित होकर अपने कार्यभार को सीखने और निरीक्षण करने की प्रक्रिया को जाने और आगे के दिनों में प्रक्रिया के तहत कार्यभार विद्यालय में संपन्न करेंगे। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

### एडीएम ने किया बैंक मोड़ फ्लाईओवर का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा तथा अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार ने सोमवार को बैंक मोड़ फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने फ्लाईओवर के एक लेन में की गई 182 मीटर आर.सी.सी. ढलाई तथा जोइंट्स का निरीक्षण किया। एडीएम ने बताया कि एक लेन में आर.सी.सी. ढलाई का काम पूरा हो चुका है। उसमें मजबूती भी आ रही है। आर.सी.सी. ढलाई में अच्छे से पानी पटाने का



निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि एक जून से दूसरी लेन की मरम्मत शुरू होगी। यहां भी कार्य की गुणवत्ता बरकरार रखने और युद्ध स्तर पर काम करने का निर्देश दिया है। दूसरी लेन में पानी की पाइपलाइन भी है। इसलिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को सतर्क रहने और पाइपलाइन में लीकेज नहीं हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मौके पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता श्री मिथिलेश प्रसाद, सहायक अभियंता श्री जीतेन्द्र मिश्रा, ठेकेदार श्री संजय गोतिया व अन्य लोग मौजूद थे।

### सरना धर्म कोड लागू करने को झामुमो करेगा धरना प्रदर्शन, तैयारी पूरी : देबू महतो

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जातिगत जनगणना से पुर्व झारखंड,छतिसगड,आसाम, प:बंगाल, बिहार, एवं देश के अन्य भागों में निवास कर रहे आदिवासी समुदाय की चिर परिचित मांग सरना धर्म कोड़ को लागू करने की जेएमएम केन्द्र सरकार से जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के माध्यम से मांग करेगी। उक्त बातें झामुमो वरीय नेता देबू महतो ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री झारखंड के दौरा के क्रम में कई बार झारखंड से अपना पुरान नाता बताते हैं। पुरे देश में अमृत काल मनाया जा रहा है। वही देश के मूलवासी को अधिकार से वंचित रखाना, विकास बाधक बनाया जा रहा है। इसे झामुमो बर्खास्त नही करेगा। हेमंत सरकार कैबिनेट में बर्षो पुर्व मे ही आदिवासियों के प्रति अपना मंसा जाहिर कर चुके है फिर भी केन्द्र सरकार हठ धार्मिक अपनाए बैठे हैं केन्द्र सरकार इनकी देश की विकास में इनकी सहभागिता सुनिश्चित नही करना चाहते हैं कल जिला मुख्यालय पर हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता पराम्पारिक परिधान एवं हरवे हथियार से लैस होकर कार्यक्रम को सफल करेगे।

### कारा सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय के सभागार में आज कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी ने की। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कारा सुरक्षा को लेकर समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जेल सुरक्षा को मजबूत बनाने और जेल परिसर में अनुशासन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, सुरक्षा उपकरणों जैसे सीसी टीवी की स्थिति का आकलन करते हुए उनकी समय पर मरम्मत करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से समन्वय और तत्परता के साथ कार्य करने की अपील की, ताकि जेल सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो। इसके अलावे कारा में कैदियों के लिए ससमय हेल्थ चेकअप कैम्प, एम्बुलेंस की व्यवस्था, समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, एसडीपीओ सिविल सर्जन, जेल अधीक्षक और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

### टुण्डी में वट सावित्री व्रत दीर्घायु की कामना के साथ संपन्न

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टुण्डी प्रखंड के सुहागिनों द्वारा सुबह आठ बजे से ही वट वृक्षों में पूजा करने के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। अपने पति की दीघार्यु के लिए उपवास रख कर वट वृक्षों की



आरती उतारी गई एवं मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए प्राथनाएं की। भारतीय संस्कृति का एक विशेष व्रत "वट सावित्री " आदर्श नारित्व का प्रतीक है। भारतीय ज्ञान परम्परा में "वट वृक्ष" विशालता,संवृदि, अमरत्व, ज्ञान,मोक्ष का प्रतीक माना गया है।इस कारण इस व्रत में वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर दाम्पत्य जीवन को वट के समान भव्य बनाने की कामना की जाती है।

# सीएसआर की योजनाओं की अनुशंसा सांसद, विधायक से करें प्राप्त : दिशा

## अधिकारी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रियता बढ़ाएं : दिशा






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग सभागार में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र सह समिति अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी ने की। बैठक में मंत्री पेयजल स्वच्छता विभाग एवं मद्य निषेध विभाग योगेंद्र प्रसाद, सांसद धनबाद लोकसभा क्षेत्र ढुलू महतो, विधायक बेरमो कुमार जयमंगल, विधायक डुमरी जयराम महतो, विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, संयुक्त सचिव ग्रामीण कार्य विभाग,अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास/बेरमो, सभी प्रखंडों के प्रमुख, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। पिछली बैठक में समिति द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों ने निदेर्शों के अनुपालन की जानकारी समिति के समक्ष रखी। जिस पर समिति सदस्यों ने संतोष जताया। ज्यादातर निदेर्शों का अनुपालन विभागों द्वारा कर लिया गया था। कुछ लंबित कार्यों को पूरा करने का समिति ने संबंधित पदाधिकारियों एक माह का समय देते हुए पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित मंत्री, पेयजल स्वच्छता विभाग एवं मद्य निषेध विभाग ने गरगा डैम के पानी का इस्तेमाल बोकारो स्टील प्रबंधन लिमिटेड (बीएसएल) प्रबंधन द्वारा करने एवं रेलवे एवं अन्य इकाईयों को पानी बेचने और राज्य सरकार को जल कर का भुगतान नहीं करने से हो रहें राजस्व क्षति की बात उठाई। उन्होंने कहा कि लगभघ 10 हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया बीएसएल प्रबंधन पर विभाग का है। मंत्री ने जिला प्रशासन को मामले की सुनवाई करते हुए जल कर की वसूली करने एवं कंपनी के विरूद्ध विधि सम्मवत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में बोकारो एयरपोर्ट के चालू करने में हो रही दिक्कतों के संबंध में सांसद/विधायकों ने चर्चा की। बीएसएल प्रबंधन द्वारा इस दिशा में अब तक की गई कार्रवाई और विलंब की जानकारी ली। समिति ने एयरपोर्ट संचालन शुरू करने में आ रही समस्याओं को अविलंब दूर करने को बीएसएल प्रबंधन को निर्देश दिया। वहीं, नव निर्मित टाउन हाल में विद्युत कनेक्शन, नया स्टैंड स्थित बस पड़ाव में नागरिक सुविधाओं को व्यवस्थित करने को कहा। बैठक में समिति अध्यक्ष/सदस्यों ने जिले में संचालित निजी कंपनियों में सुरक्षा गार्ड के सृजिक मानव बल के 75 फीसदी में गृह रक्षक वाहिनी के पुरूष झ महिला जवानों को लेना सुनिश्चित करने को कहा। एक माह में इस व्यवस्था को लागू करने का निर्देश दिया। कहा कि पूर्व से कार्यरत गृह रक्षकों को हटा कर कंपनियां निजी कंपनियों को सुरक्षा गार्ड के रूप में रख रहें हैं, जो सही नहीं है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी (सीएसआर) के तहत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी माननीयों को नहीं दिए जाने पर समिति अध्यक्ष व सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कंपनियों को इसकी पुनरावृति नहीं हो, यह सुनिश्चित करने को कहा। जिला प्रशासन द्वारा सीएसआर की बैठक आहूत करने एवं माननीय सांसद/विधायकगण से समय लेकर बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में आ रही समस्या से स्थानीय सांसद/विधायक को अवगत कराने को जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निदेश दिया गया, ताकि उसका त्वरित निष्पादन जन प्रतिनिधियों के हस्तक्षेप से किया जा सकें। इससे योजनाओं के कार्य प्रगति में तेजी आएगी और ससमय कार्य पूरा होगा। वहीं, बेवजह कार्यो/योजनाओं को लंबित रखने वाली एजेंसियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने एवं दूसरे एजेंसी को कार्य पूरा करने के लिए कार्रवाई करने को कहा। साथ ही, पेयजल के कार्यो में तेजी लाने, शिविर लगाकर कनेक्शन देने को कहा। बैठक में निजी विद्यालयों के मनमानी पर रोक को लेकर भी माननीय अध्यक्ष व सदस्यों ने उपायुक्त को शिक्षा/परिवहन/ पुलिस/श्रम/ एसडीओ आदि विभाग के पदाधिकारियों की एक टीम गठित कर सभी विद्यालयों की औचक जांच कर वस्तु स्थिति का जायजा लेने व नियमों का अनुपालन नहीं करने पर विधि सम्मत कार्रवाई का निर्देश दिया। इस क्रम में, डीएवी तेनुघाट प्रबंधन द्वारा फिस नहीं देने के कारण छात्र के परीक्षा में बैठने नहीं देने के मामले में डीईओ को विद्यालय प्रबंधन के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। बैठक में प्लांट में कार्यरत ठेका श्रमिकों को बेहतर ईलाज मुहैया कराने को लेकर बीएसएल प्रबंधन को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) के तहत बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) को पंजीकृत करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, सदर अस्पताल बोकारो की साफ -सफाई देख रही एजेंसी को कार्य को बेहतर करने अथवा कार्रवाई करने को सीएस को कहा। बैठक में इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए जरूरी दिशा - निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। माननीय सांसद/ विधायकगण/ जिला परिषद अध्यक्ष/ प्रखंड प्रमुख/प्रतिनिधि आदि ने अपनी झ अपनी बात रखीं। समिति के अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को दिए गए निदेर्शों का ससमय अनुपालन करने एवं जिम्मेवारी के साथ प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। वहीं, जिला स्तरीय पदाधिकारियों को समन्वय बनाकर कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रियता बढ़ाने और ससमय कार्यो/ योजनाओं का पूरा करने में सख्ती बरतने को कहा।

## जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा खूंटी जिले में तीन माह के राशन वितरण की अग्रिम तैयारी एवं धान अधिप्राप्ति केंद्रों की जांच

**खूंटी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभागीय निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत लाभुकों के मध्य माह जून 2025 से माह अगस्त 2025 तक के तीन माह का राशन एक साथ माह जून 2025 में ही वितरित किया जाना है। इस संबंध में अग्रिम तैयारी के अंतर्गत आज जिला आपूर्ति पदाधिकारी, खूंटी द्वारा जेएसएफ गोदाम मुरहू का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक गोदाम प्रबंधक, खरऋ्ष गोदाम मुरहू एवं DSD मुरहू को यह निदेश दिया गया कि किसी भी स्थिति में दिनांक 31.05.2025 तक माह जून एवं जुलाई 2025 का खाद्यान्न सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं तक पहुंच जाना चाहिए, ताकि दिनांक 01.06.2025 से 15.06.2025 के मध्य इन दोनों माह का राशन लाभुकों को वितरित किया जा सके। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित किया जाए कि दिनांक 10.06.2025 तक माह अगस्त 2025 का खाद्यान्न भी सभी विक्रेताओं को उपलब्ध करा दिया जाए, ताकि 15.06.2025 से 30.06.2025 तक इसका वितरण संभव हो सके। इसके साथ ही धान अधिप्राप्ति योजना (खरीफ विपणन मौसम 2024-25) के अंतर्गत



निर्धारित लक्ष्य की तुलना में अत्यंत कम अधिप्राप्ति करने वाले कर्रा लैंप्स एवं मुरहू लैंप्स केंद्रों की जांच की गई। जांच में प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कर्रा एवं मुरहू भी सम्मिलित हुए। जांच उपरांत दोनों केंद्रों से कारण स्पष्ट करने हेतु स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

## एडीएम ने की पशु टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने सोमवार को पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम के लिए गठित डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग यूनिट (डीएमयू) की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिना ईयर टैग पशुओं को टीकाकरण से पूर्व ईयर टैग लगाना सुनिश्चित करें। टीकाकरण के बाद पशु के रजिस्ट्रेशन के साथ पूरा विवरण भारत पशुधन एप में अपलोड करें। सभी टीकाकरण का इस एप में एंट्री करना अनिवार्य है। एडीएम ने सभी प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी को समय-समय पर प्रखंड का भ्रमण कर पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं टीकाकर्मियों के साथ बैठक कर टीकाकरण कार्य की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम 18 जुलाई 2025 तक निर्धारित है। इसमें पशुओं के खुर एवं मुंह तथा गांठदार त्वचा रोग से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सिंह, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिद्दीकी एम मनौवर, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ आलोक कुमार सिन्हा, सहायक कुक्कुट पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार, आदर्श ग्राम पदाधिकारी डॉ भीम प्रसाद के अलावा सभी भ्रमणशील पशु चिकित्सक, सभी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी मौजूद थे।

## सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा, मांगी पति की लंबी उम्र

**गोबिंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोबिंदपुर जंगलों के बीचो-बीच मां वन काली स्थित सभी देवालयों में बरगद के पेड़ के नीचे वट सावित्री का पर्व मनाया गया व्रती महिलाओं ने वट के नीचे



बैठकर विधि विधान ने पूजा अर्चना की परिवार में सुख, शांति और समृद्धि के लिये कामना की पति की लंबी उम्र के लिये भगवान से प्रार्थना की महादेव समेत सभी मंदिरों में बरगद के पेड़ के नीचे व्रती महिलाओं की भीड़ नजर आई! व्रतियों ने वट वृक्ष में कच्चा सूत लपेटकर सात बार परिक्रमा की महिलाओं ने हाथ में भीगा चना लेकर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनीं फिर भीगा चना, रुपये-पैसे और वस्त्र अपनी सास को देकर उनका आशीर्वाद लिया वट वृक्ष की कोपल खाकर उपवास तोड़ा!

**सोमवती अमावस्या का रहा शुभ संयोग**

हिंदू पंचांग के मुताबिक, ज्येष्ठ की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत किया जाता है इस व्रत का महत्व करवा चौथ के समान ही होता है इस बार सोमवार को व्रत पड़ने से सोमवती अमावस्या भी रही अत्यंत दुर्लभ और सौभाग्यशाली यह संयोग में महिलाओं ने पूजा अर्चना की!

**क्यों की जाती है बरगद की पूजा**

वेद-पुराण के अनुसार, वट वृक्ष (बरगद) एक देव वृक्ष माना जाता है ब्रह्मा, विष्णु, महेश और सावित्री भी वट वृक्ष में रहते निवास करते हैं प्रलय के अंत में भगवान श्रीकृष्ण इसी वृक्ष के पत्ते पर प्रकट हुए थे गोस्वामी तुलसीदास ने भी वट वृक्ष को तीर्थराज का छत्र कहा है ये वृक्ष अत्यंत पवित्र और दीघार्यु वाला माना जाता है धार्मिक महत्व, लंबी आयु और शक्ति को ध्यान में रखकर इस वृक्ष की पूजा होती है पर्यावरण की दृष्टि से भी ये पेड़ काफी बेहतर माना जाता है! जानें वट सावित्री व्रत का महत्व वट सावित्री व्रत शक्ति, नारी की आस्था और सतीत्व का प्रतीक है वट सावित्री व्रत पति की लंबी उम्र और पारिवारिक सुख-शांति के लिए सुहागन महिलाएं व्रत करती हैं जो लोग करवा चौथ का व्रत नहीं करते हैं श वे वट सावित्री का व्रत जरूत करते हैं यह व्रत केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि नारी-शक्ति और प्रेम का प्रतीक भी है। माना जाा है कि यह व्रत करने से जीवन में चल रहे सभी कष्ट दूर होते हैं और सौभाग्य अखंड बना रहता है वैवाहिक जीवन में अगर कोई परेशानी है तो वह भी दूर हो जाती है!

# सड़क सुरक्षा की बैठक कर अनुमंडल पदाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभागार में आज अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री दीपेश कुमारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन, एवं सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रम्बल स्ट्रिप एवं साइनेज बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जाए। सड़क पर यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाए। हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, साथ



हीं पीड़ित परिवारों को निर्धारित समय पर मुआवजा भुगतान की जाए। झारखंड सरकार के गुड सेमेरिटन पॉलिसी के विषय पर चर्चा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मदद करने वाले व्यक्ति को उक्त योजना के तहत पुरस्कृत करने का भी निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस बैठक में अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लातेहार में सुरक्षाबलों ने नक्सली कमांडर को किया ढेर, सब-जोनल कमांडर गिरफ्तार

**लातेहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लातेहार पुलिस ने नक्सलियों के विरूद्ध खुलकर मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में जिले के नेतरहाट थानाक्षेत्र के दुरुप इलाके में माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। जिसमें एक नक्सली मारा गया है। वहीं एक नक्सली को गिरफ्तार करने में सुरक्षाबलों को कामयाबी मिली है। पूरे मामले पर जानकारी साझा करते हुए पलामू प्रक्षेत्र आईजी सुनिल भास्कर ने बताया कि पांच लाख का इनामी नक्सली मनीष यादव के रूप में मारा गया नक्सली की पहचान हुई है। वहीं गिरफ्तार नक्सली कुंदन खेरवार है। जो सब-जोनल कमांडर सह दस लाख का इनामी नक्सली है। बताया कि मुठभेड़ के बाद इलाके को घेराबंदी कर सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस क्रम में ऑटोमेटिक राइफल, मैगजीन, कारतूस लेवी का रूपया और भारी मात्रा में दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। बताते चलें कि मारा गया नक्सली मनीष यादव आरसीएम मेम्बर सह डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली नेता अरविंद जी के सुरक्षा गार्ड में तैनात था। जिसका मौत के बाद सब-जोनल कमांडर कुंदन खेरवार के दस्ता में रहकर नक्सली वारदातों को अंजाम दे रहा था। ताजा मामला ओसरापाठ का है जहां कन्शट्रक्सन साइट में धावा बोल कार्यरत मुंशी को हत्या कर दिया था और वाहनों में आगजनी कर नष्ट कर दिया था। वहीं जिला में जारी नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान दो दिन पूर्व हुई मुठभेड़ में जेजेएमपी सुप्रीमों पप्पू लोहरा समेत दो नक्सलियों को ढेर करने में लातेहार पुलिस सफल रही थी। जिसका चीता का आग अभी ठंडा भी नहीं हुआ है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com